डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रवण कृष्ण पक्ष 04, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 25 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-277, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 10

राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया...

**सेंसेक्स**
80,148.88 -280.16

**डॉलर**
83.707 +0.005

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 69,460
01 किलो 85,620

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# कैमरून में फंसे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों की हुई वापसी

- मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉल के जरिए श्रमिकों से बात की
- सभी श्रमिकों को सरकार ने 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि दी

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश एवं श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग की त्वरित पहल पर कैमरून के याउंडे में विनायक कंस्ट्रक्शन, फेस जेंडरमेरी, अप्रेस ऑडिटोरियम और जीन पॉल टू मबांकलो कंपनी में कार्यरत झारखंड के 27 श्रमिकों की बुधवार सबेरे सुरक्षित घर वापसी हो गई। मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बेबी देवी, विधायक कल्पना सोरेन और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने श्रमिकों के गिरिडीह पहुंचने पर उनका स्वागत किया। साथ ही सभी श्रमिकों को तत्काल 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि दी। उन्होंने श्रमिकों से बात शेष पृष्ठ 11 पर



### श्रमिकों को वापस लाने के लिए युद्धस्तर पर हुआ प्रयास

श्रम सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री का निर्देश था कि जितनी जल्दी संभव हो सभी प्रवासी श्रमिकों को झारखंड वापस लाया जाए। इसके लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए गए और अफ्रीका जैसे देश में भी 24 घंटे के अंदर नियोजकों से संपर्क स्थापित किया गया और सभी को उनके बकाया वेतन का भुगतान कराया गया। सबसे बड़ी बाधा थी अंतरराष्ट्रीय कानून और अन्य प्रक्रियाएं जिन्हें हर संभव प्रयास कर 8-9 दिनों में पूरी कराकर मजदूरों को सकुशल वापस लाया गया। सभी का पारसनाथ स्टेशन पर स्वागत किया गया और स्वदेश वापसी की बधाई दी। सभी को जलपान कराया गया और 25-25 हजार रुपए की सहायता भी दी गई। उनका स्वागत करने के लिए झारखंड सरकार के तीन मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी और बैद्यनाथ राम के साथ गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और सदर विधायक भी उपस्थित थे। सभी मजदूरों और उनके परिजन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कंपनी से बात कर सभी पारिश्रमिक भुगतान कराया गया

श्रम विभाग के तहत कार्यरत राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष द्वारा एलएंडटी कंपनी से संपर्क कर निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द श्रमिकों के बकाया पारिश्रमिक का भुगतान किया जाय। इस संबंध में कोलकत्ता हेड ऑफिस से संपर्क कर पुनः कैमरून को मामले से अवगत कराया गया। राज्य सरकार के इस पहल के बाद एल एंड टी कंपनी ने 17 जुलाई को सभी 27 श्रमिकों को तीन महीने के बकाया पारिश्रमिक के रूप में 30 लाख रुपये का भुगतान किया। श्रमिकों ने बकाया पारिश्रमिक मिलने की जानकारी वीडियो के माध्यम से राज्य सरकार को दी। कंपनी ने श्रमिकों को भारत वापस भेजने के लिए एयर टिकट की भी व्यवस्था की। इसके बाद 21 जनवरी को सभी श्रमिक वहां से भारत के लिए उड़ान भरे और 22 जुलाई को मुंबई पहुंचे। फिर ट्रेन से बुधवार सुबह झारखंड के पारसनाथ स्टेशन आए।

### यह है पूरा मामला

दक्षिण अफ्रीका में फंसे 27 श्रमिकों में बोकारो के 18, गिरिडीह के चार और हजारीबाग-पांच श्रमिक हैं। ये सभी श्रमिक इस वर्ष 29 मार्च से वहां काम कर रहे थे। उन्होंने 16 जुलाई को एक्स पर चार महीने से पारिश्रमिक बकाया रहने और वापस भारत लौटने की इच्छा जताई थी। मुख्यमंत्री ने इसकी जानकारी प्राप्त होते ही श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग को आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया। साथ ही पीओई, रांची को सचिव, श्रम विभाग की ओर से मामले पर संज्ञान लेने के लिए पत्र भेजा गया। पत्र के माध्यम से कामगारों को उनका बकाया पारिश्रमिक और उनके सुरक्षित झारखंड वापसी किस दिशा में पहल करने को कहा था।

## एक नजर

### एनआईए की छापेमारी में 36 लाख 30 हजार रुपये बरामद

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 15 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर रवींद्र गंझू से जुड़े ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। यह छापेमारी मैक्लुस्कीगंज स्थित जितेंद्र नाथ पांडेय और रोहित यादव के ठिकाने पर की गयी थी। सूत्रों ने बताया कि इस छापेमारी में एनआईए की टीम ने रोहित यादव के मैक्लुस्कीगंज स्थित आवास से 36 लाख 30 हजार रुपये बरामद किया है। एनआईए की टीम ने जितेंद्र नाथ पांडेय और रोहित यादव का मोबाइल भी जब्त किया है। एनआईए टेरर फंडिंग मामले की जांच के दौरान यह कार्रवाई की है। मैक्लुस्कीगंज के जितेंद्र नाथ पांडेय और ईंट भट्ठा कारोबारी रोहित यादव के घर और उनके चंदवा थाना क्षेत्र के निंद्रा स्थित चिमनी भट्ठा पर एनआईए की टीम लगभग सात घंटे तक रही। एनआईए को सूचना मिली थी कि ये व्यवसायी कुख्यात नक्सली रवींद्र गंझू के लेवी-रंगदारी के रुपयों का निवेश करते हैं और उसका लाभ रवींद्र गंझू को पहुंचाते हैं। यह भी सूचना थी कि दोनों ही व्यवसायी रवींद्र गंझू के संपर्क में हैं। वहीं दूसरी ओर व्यवसायी रोहित यादव का कहना था की सारा पैसा कारोबार का है। उनके पास एक-एक पैसे का हिसाब है। उन्होंने एनआईए को भी पैसे का हिसाब दिया, फिर भी जांच एजेंसी सारा पैसा जब्त कर ले गई। जबकि जितेंद्रनाथ पांडे का कहना है कि उनका किसी भी नक्सली या अपराधी से किसी तरह का कोई संबंध नहीं है। जांच टीम को उनके घर से किसी तरह का आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली है।

# रांची में टाटा समूह बनाएगा विश्वस्तरीय सुविधाओं वाला ताज होटल

- होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस हॉल होंगे
- 60 वर्षों का होगा लीज, अवधि पूरी होने पर इसे 30 साल और बढ़ाया जाएगा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची कोर कैपिटल में टाटा समूह की ओर से विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले पांच सितारा 'ताज होटल' का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार ने द टाटा इंटरप्राइजेज की अनुषंगी इकाई 'द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड' को 6 एकड़ जमीन आवंटित की है। झारखंड मंत्रालय में होटल के निर्माण को लेकर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम हेमंत सोरेन की उपस्थिति में नगर विकास एवं आवास विभाग और द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कोर कैपिटल साइट-1 रांची स्मार्ट सिटी में बनने वाले इस होटल में लग्जरी सुविधाओं के साथ 200 कमरे, बैंक्वेट और कॉन्फ्रेंस हॉल सहित अन्य आवश्यक संरचनाएं होंगी। इस इलाके में जीआरडीए (ग्रेटर रांची डेवलपमेंट अथॉरिटी) की ओर से बिजली, जलापूर्ति आदि सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी।

नगर विकास विभाग ने कुछ शर्तों के साथ होटल के लिए लीज मंजूर की है। करार के मुताबिक लीज 60 वर्षों के लिए होगा। यह अवधि पूरी होने पर और 30 वर्ष के लिए लीज का विस्तार किया जा सकेगा। होटल की कुल आय की 3.10 प्रतिशत राशि झारखंड सरकार को लीज रेंट के रूप में दी जाएगी। झारखंड सरकार के कैबिनेट ने पहले ही इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। एमओयू पर हस्ताक्षर के अवसर पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि टाटा समूह का झारखंड के साथ एक सदी से भी ज्यादा पुराना रिश्ता है। हम चाहेंगे कि यह रिश्ता सदियों तक चले। राज्य सरकार ने हमेशा यह प्रयास किया है कि टाटा समूह की ओर से औद्योगिक विकास के लिए उठाए जाने वाले हर कदम पर सहयोग करें। टाटा समूह सिर्फ यहां की खनिज संपदाओं का ही उपयोग नहीं करता, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर उद्योग कर उन्होंने इस राज्य की तरक्की में उल्लेखनीय योगदान किया है। उन्होंने कहा कि टाटा समूह की उद्यमशीलता की यात्रा झारखंड से शुरू हुई है और हम अधिकार के साथ उनसे कह सकते हैं कि यहां के लोगों की जरूरतों को प्राथमिकता में रखें। रांची में विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले होटल ज्यादा नहीं हैं। टाटा समूह की ओर से यह होटल बनने के बाद सुविधाओं का विस्तार होगा। एमओयू के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल. खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अरवा राजकमल, टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन, आईएचसीएल के सीनियर वाईस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) के. मोहन चंद्रन भी मौजूद रहे।

## झारखंड कुम्हार समन्वय समिति ने पांकी विधायक का पुतला फूंका




- विधायक के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने का एलान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक डॉ. शशि भूषण मेहता द्वारा स्थानीय टीवी टॉवर निवासी रवींद्र प्रजापति के साथ घर में घूस कर मारपीट करने के मामले में बुधवार की देर शाम झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू कोर कमेटी के सदस्यों ने पांकी विधायक का स्थानीय छह मुहान पर पुतला फूंका। समिति ने विधायक के मनमानी के खिलाफ आरपार की लड़ाई लड़ने का भी एलान कर कर दिया है। समिति सदस्यों ने बताया कि तीन जुलाई को विधायक अपने अंगरक्षकों के साथ रवींद्र प्रजापति के दुकान व मकान में बेधड़क घुस कर चोरी का आरोप लगाते हुए घर के महिला सदस्यों से मारपीट, दुर्व्यवहार करते हुए पुरुष सदस्यों की बेरहमी से पिटाई कर देते हैं। साथ ही दुकान में ताला बंद कर रविन्द्र प्रजापति का बेटा विजय प्रजापति को थाना ले जाते हैं। विधायक के प्रभाव के कारण पलामू जिले के थानों में मुकदमा दर्ज नहीं होता है। विधायक अपना प्रभाव वाले थाना रांची जिला के ओरमांझी में अपनी बेटी सिम्मी मेहता से मुकदमा दर्ज करवा कर हाजत में बंद करवा देते हैं। होटवार जेल में रविन्द्र प्रजापति का बेटा बंद था। 19 जुलाई को बेल हो गया। घर परिवार के लोग न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि विजय प्रजापति को शेष पृष्ठ 11 पर

## स्पोर्ट्स इवेंट में परफॉर्म नहीं किया तो स्कूल टीचर ने 13 बच्चों को रॉड और बेल्ट से पीटा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची की गांधीनगर कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर ने इंटर स्कूल इवेंट में बेहतर परफॉर्म नहीं करने पर 13 बच्चों को रॉड और बेल्ट से बेरहमीपूर्वक पिटाई की है। इनमें से कुछ बच्चों को गंभीर चोटें आई हैं। बुधवार को इन बच्चों के माता-पिता ने रांची के गोंदा थाने में लिखित शिकायत दी है। बच्चों के परिजनों ने स्कूल पहुंचकर प्रिंसिपल के सामने हंगामा भी किया। बच्चों की पिटाई करने वाले टीचर का नाम आयुष कुमार सिन्हा है। थाने में दी गई लिखित शिकायत के अनुसार, स्कूल के बच्चों की स्पोर्ट्स टीम 22 जुलाई को बोकारो में डीएवी के इंटर स्कूल स्पोर्ट्स में भाग लेने गई थी। इवेंट में बच्चों का अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। टीम जब बोकारो से रांची लौटी तो रात में स्पोर्ट्स टीचर आयुष ने बच्चों को स्कूल के कमरे में बंद कर बेल्ट और जंग लगे रॉड से पीटा। पिटाई करने के पहले उसने सीसीटीवी कैमरे को कपड़े से ढक दिया था। जिन बच्चों की पिटाई की गई है, उनकी उम्र 10 से 13 साल के बीच है। टीचर ने बच्चों को धमकी दी कि अगर पिटाई की बात किसी को बताई तो उन्हें स्कूल से बाहर कर दिया जाएगा। घर पहुंचकर बच्चों ने पैरेंट्स को इसकी जानकारी दी। अभिभावकों का कहना है कि टीचर ने पहले भी कई छात्रों की पिटाई की थी। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि बच्चों और परिजनों की शिकायत की जांच की जा रही है और इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## किसान को भेजा एक करोड़ तीन लाख का बिजली बिल

**बरकट्ठा।** बिजली विभाग को अपनी कारस्तानी के कारण हमेशा चर्चा में बने रहने की आदत सी हो गई है। ताजा मामला बरकट्ठा का है। बिजली विभाग की ओर से जिले के अलपिटो झुरझुरी निवासी एक किसान को 1 करोड़ 3 लाख, 40 हजार, 516 रुपए का बिल भेजा गया है। इस बाबत उपभोक्ता नारायण प्रसाद, पिता टिपन महतो ने बताया कि मेरा कंज्यूमर नंबर बीकेबीएल 6602 का टोटल बिल मैंने 19 जुलाई 2022 को जमा किया। इसके कुछ माह बाद एकाएक 8920737 रुपए का बिल भेजा गया। जो अब बढ़कर एक करोड़ से अधिक हो गया है। उन्होंने बताया कि शेष पृष्ठ 11 पर

## मंत्री, सचिव व अन्य अफसरों को मिलेगा मोबाइल व रिचार्ज कूपन

- झारखंड कैबिनेट की बैठक में 30 प्रस्तावों को मिली मंजूरी
- मेडिकल कॉलेज में संविदा पर शिक्षकों की हो सकेगी नियुक्ति
- 60 से 30 हजार तक के मोबाइल पद के अनुसार दिए जाएंगे
- 3000 से लेकर 750 रुपये तक के रिचार्ज कूपन भी मिलेंगे




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के मंत्री व सचिव स्तर से लेकर जिला स्तर पर काम कर रहे सभी राजपत्रित कर्मियों को सरकार की ओर से हाईएंड मोबाइल फोन व प्रतिमाह रिचार्ज कूपन उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को हुई झारखंड कैबिनेट यह निर्णय लिया गया। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार मंत्रियों व अधिकारियों को 60 हजार रुपये तक का फोन व मंथली रिचार्ज 3000 रुपये तक दी जायेगी। मोबाइल फोन का

### कैबिनेट के अन्य फैसले

1. मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए परिचय पत्र देने की स्वीकृति दी गई।
2. विधानसभा सदस्य स्टीफन मरांडी को 20 सूत्री कार्यक्रम समिति का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।
3. झारखंड राज्य समाज कल्याण सलाहकार बोर्ड को विघटित किया गया है। इसके तीन कर्मियों को उपनिदेशक कल्याण छोटा नागपुर कार्यालय में समायोजित किया जाएगा।
4. राज्य के मुख्य सचिव ग्रामीण विकास वित्त विभाग कृषि विभाग कल्याण विभाग के अतिरिक्त उद्योग विभाग में भी कॉरपोरेट अधिकारियों की सेवाएं दी जा सकेगी।
5. गढ़वा में बरगढ़ हजारीबाग के सिकरी में पुलिस आउटपोस्ट केरडारी थाना में परगर और बड़का गांव में गुंडलपुर पोस्ट की प्रकृति दी गई।
6. राज्य कर्मियों का विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी की गई। श्रेणी के अधिकारियों को 27 प्रतिशत की बजाय अब 30 प्रतिशत, 8 में 18 फीसदी के बजाय 20 प्रतिशत और जेड श्रेणी में 10 प्रतिशत देने की स्वीकृति दी गई। इसके अलावा परिवहन भत्ता, गेस्ट हाउस भत्ता होटल भत्ता इत्यादि में भी बढ़ोतरी की गई है। शेष पृष्ठ 11 पर

## आज कल




# इंडिया

## उद्योग बनते निजी अस्पताल और मेडिकल वेस्ट का संदिग्ध निस्तारण



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अविभाजित बिहार के जमाने से ही निजी नर्सिंग होम को व्यवसाय का रूप दिया जाने लगा था और इसे बढ़ाने में कुशल सरकारी चिकित्सकों की बड़ी भूमिका थी जो बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यरत थे और ड्यूटी के पहले या बाद निजी प्रैक्टिस करते थे पर जैसे जैसे इसमें नेताओं का दखल शुरू हुआ तो सरकारी चिकित्सा व्यवस्था को कमजोर कर या उनकी सुविधाओं का दुरुपयोग कर तेजी से निजी अस्पताल और नर्सिंग होम खुलने लगे जिसमें एक दो बड़े सरकारी डॉक्टर होते थे और शेष उनके ही बच्चे या रिश्तेदार। कुछ नेताओं ने भी पूरी बेशर्मी से सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जिस कारण लाचार और गरीब मरीज भी जमीन गिरवी रखकर या बेचकर इन निजी अस्पतालों में इलाज करने लगे। यह अलग बात है कि जहां आज भी सरकारी अस्पताल लाखों गरीब लाचार मरीजों की जान बचाते हैं वहीं निजी अस्पताल न हों तो सरकारी अस्पतालों की बदहाली से कितने सुविधा संपन्न लोगों की भी जानें चली जाएं पर इससे भी इनकार नहीं किया जा सकता कि पड़ोसी बंगाल और ओड़ीशा की तुलना में यहां के सरकारी अस्पतालों की हालत अधिक चिंताजनक है। दो दिन पहले राज्य के सबसे बड़े अस्पताल रिम्स को पर्याप्त बुनियादी ढांचा उपलब्ध न कराने पर झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि सुविधाओं की कमी के कारण मरीज निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम में जाने को मजबूर हैं। इनमें से अधिकांश चिकित्सा केंद्रों के पास क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत आवश्यक उचित लाइसेंस नहीं हैं। स्वास्थ्य सेवा (हेल्थ) के बजाय निजी अस्पताल धन(वेल्थ) की देखभाल में लिप्त हैं। यहां उल्लेखनीय है कि रिम्स झारखंड सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जिसे एम्स के समकक्ष बताया गया था। अदालत ने राज्य सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि उचित लाइसेंस के बिना चल रहे अस्पतालों और नर्सिंग होम के



खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है। स्थिति यह है कि राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण की समुचित व्यवस्था नहीं है और राजधानी रांची कुछ अस्पतालों के कूड़े को कई बार पंडरा के आसपास मुख्य सड़क पर नगर निगम के ट्रैक्टर को बिना ढंके झिरी डंप यार्ड ले जाने के क्रम में रास्ते में कमड़े में सड़क पर बिखेरते हुए देखा गया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट में स्वास्थ्य विभाग के डायरेक्टर इन चीफ ने मौखिक दावा किया है कि झारखंड के 1633 प्राइवेट और पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायोमेडिकल वेस्ट का निष्पादन कर दिया जाता है। कोर्ट ने उनके इस जवाब पर आश्चर्य जताते हुए मौखिक कहा कि झारखंड में नर्सिंग होम के निकट सड़कों पर मेडिकल वेस्ट फेंके रहते हैं, बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल नहीं होता है। रिम्स जैसे संस्थान में भी मेडिकल वेस्ट अस्पताल के कॉरिडोर में फेंके रहते हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा कि प्राइवेट एवं पब्लिक नर्सिंग होम से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निष्पादन को कंट्रोल करने के लिए क्या कोई मेकैनिज्म है तो लोहरदगा में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लान संचालित करने वाले हस्तक्षेपकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उन्होंने मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कर लिया है लेकिन कोई नर्सिंग होम मेडिकल वेस्ट उठाव के लिए उनसे संपर्क नहीं करता है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में डायरेक्टर इन चीफ,हेल्थ डिपार्मेंट को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने को कहा था कि झारखंड में संचालित कितने नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल निबंधित है, इनमें से कितने नर्सिंग होम अपने बायो मेडिकल कचरे के निष्पादन को लेकर बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट से जुड़े हैं। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि झारखंड में अभी 5 स्थानों लोहरदगा रामगढ़ पाकुड़ धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं,जबकि जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि रांची सहित झारखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गलियों तक में हजारों की संख्या में निजी नर्सिंग खुल गए हैं जो अपने कथित नर्सिंग होम या अस्पतालों के कूड़े को सामान्य कूड़े की तरह नालियों में बहा रहे हैं या खुली जगह पर फेंक रहे हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें से अधिकांश ने निबंधन नहीं कराया है जिसकी जांच होनी चाहिए। मरीजों से ये मनमानी फीस भी वसूलते हैं और इनके संदिग्ध इलाज से मरीजों की मृत्यु होने पर मारपीट तक हो जाती है।

## नेपाल में विमान दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 18 पहुंची

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (टीआईए) पर बुधवार को उड़ान भरने के दौरान एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, जब सौर्य एयरलाइंस का पोखरा जाने वाला विमान रनवे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रवक्ता प्रेमनाथ ठाकुर ने इस बात की जानकारी दी। नेपाल के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) ने बताया कि विमान में सवार 19 लोगों में से 18 के शव बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, विमान के कैप्टन मनीष शाक्य को बचा लिया गया है।

## एक नजर

### फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**पाटन।** नावाजयपुर पुलिस ने फरार चल रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने बताया कि नावाजयपुर थाना के प्राथमिक अभियुक्त लक्ष्मण यादव ग्राम महुअरी सिंजो, थाना तरहसी विनय यादव ग्राम कतरी थाना नावाजयपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपास्थित किया गया। न्यायालय के आदेश से जेल भेजा गया। दोनों गिरफ्तार व्यक्ति थाना कांड के वांछित अभियुक्त काफी दिनों से फरार थे।

### सर्पदंश से किशोरी गंभीर

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड के लंगरकोट गांव निवासी अमरेंद्र गुप्ता की 9 वर्षीय बेटी प्रियांशु कुमारी को विषैला सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर रुप से बेहोश हो गयी। बेहोशी की हालत में परिजनों ने इलाज के लिए तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि वह बुधवार की सुबह घर से टियूशन पढ़ने जा रही थी। उसी क्रम में विषैला सांप ने काट लिया। सुविधा के अनुसार परिजन उसे नवजीवन अस्पताल तुम्बागाड़ा ले गये हैं। वहीं उसका इलाज चल रहा है।

### बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य सड़क के अनुमंडल गेट के समीप विजय चंदेल के घर के पास लगी स्प्लेंडर बाइक को दीन में चोरी कर ली गईं। चोरी की घटना बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे की बताई जाती है। चोरी की घटना को अंजाम दे रहा युवक पास के दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। वीडियो में बाइक लेकर जाते युवक दिख रहा है। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। इस संबंध में नगर पंचायत क्षेत्र के इस्लामगंज निवासी प्रमोद कुमार कंस्यकार ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर और सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच की जा रही है।

### बसपा नेता ने बजट को लोकलुभावन बताया

**हुसैनाबाद।** केंद्र सरकार द्वारा आम बजट पर बसपा नेता सह उतरी जिला परिषद सदस्य राजू मेहता ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकलुभावन करार दिया है। उन्होंने कहा की केंद्र की मोदी सरकार को गरीब मजदूर व किसान ने तीसरी बार चुनाव जिताया, ताकि निचले तबके व मध्यम वर्ग को खास ध्यान रखें। लेकिन केंद्र द्वारा आम बजट केवल पूंजीवाद को ध्यान में रख कर किया गया है। शिक्षा व स्वास्थ्य किसानों को इस बजट ने पुनः नाराज किया है।

# मासूम बच्चा को पिकअप ने रौंदा चालक गिरफ्तार, वाहन जब्त

**दुर्घटना में बालक को गंभीर चोट आने की आशंका**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के भाई बिगहा में तेज रफ्तार से मोहम्मदगंज से जपला की ओर जा रही पिकअप वैन ने एक बच्चे के पैर को कुचल डाला। बच्चे की पहचान गुड्डू खान का छह वर्षीय पुत्र जिहान खान के रूप हुई। दुर्घटना में बालक का कमर, जांघ जख्मी होने के अलावा अंडकोष में गंभीर चोट आने की आशंका बताई गई है। आसपास के ग्रामीणों ने तत्काल स्थानीय



अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंबुलेंस से हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। यहां भी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेदिनीनगर के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना बुधवार की सुबह करीब आठ बजे उक्त बच्चा के सड़क पार करने के क्रम में घटी है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस घटना में शामिल पिकअप वाहन को जब्त कर इसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। उन्होंने कहा कि पीड़ित के परिजनों से प्राप्त आवदेन के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### टेंपो चोर गिरफ्तार

**नावाबाजार।** पुलिस ने टेंपो चोरी की घटना में संलिप्त दीप रंजन पांडेय को गिरफ्तार किया है। साथ हीं उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के राजहारा गांव से दो दिन पूर्व एक टेंपो की चोरी हुई थी। टेंपो मालिक के द्वारा नावाबाजार थाना में घटना की जानकारी देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई। थाना प्रभारी चिंटू कुमार मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई शुरू की। जिसमें संलिप्त गांव के हीं एक युवक दीप रंजन पांडेय को बुधवार को गिरफ्तार किया। साथ हीं युवक ने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार किया है। नावाबाजार थाना चोरी के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## न्यूज बॉक्स

### करकट्टा में कृषक गोष्ठी का आयोजन

**उंटारी रोड।** करकट्टा पंचायत भवन परिसर में आत्मा पलामू के सौजन्य से कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में व्याख्यान हेतु केवीके के फॉर्म मैनेजर दिलीप कुमार पांडेय एवं एफपीओ के सीईओ रवि रंजन प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस गोष्ठी के माध्यम से उपस्थित किसानों के बीच पांडे ने समेकित खेती एवं वैज्ञानिक खेती को अपनाने के लिए सुझाव दिया। साथ ही विभिन्न फसलों के प्रभेद चयन एवं उसका रख-रखाव, बीजोपचार, रोग तथा उसका निवारण इत्यादि विषयों पर बहुत ही गहनता से सुझाव दिया। सीईओ रवि रंजन ने खेतों में लगने वाले दीमक के प्रकोप से बचने हेतु डोलोमाइट का प्रयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर मौजूद किसान मती मधु देवी, नीलम देवी, रामगती चौधरी, शंकर मेहता इत्यादि ने भिंडी, धान एवं मक्का में लगने वाले रोग एवं उसके बचाव हेतु प्रश्न पूछे जिसमे केवीके के पांडे ने इमिदाकलोरोपीड, फोरेट, बेवेस्टिन इत्यादि दवाएं उपयोग के बारे में विस्तृत बताया। उक्त मौके सांसद प्रतिनिधी राजाराम मेहता सहित 60 किसान मौजूद थे।

### खेलकूद से शारीरिक, मानसिक विकास होता है : आशीष कुमार सिन्हा

**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा द्वारा फुटबॉल का वितरण किया गया। इसकी शुरूआत का पहला चरण में घुटूवा पंचायत के एकता गांव के फुटबॉल खलाड़ियों से की गई। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने कहा कि अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लगातार पांच वर्षो से हर वर्ष गांव-गांव जाकर खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए फुटबॉल का वितरण करता हैं। इसी क्रम में मंगलवार को प्रथम चरण के तहत एकता गांव के फुटबॉल खिलाड़ियों के बीच आठ फुटबॉल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल के क्षेत्र में अपना नाम रौशन कर माता-पिता के साथ प्रखंड व जिला का नाम रौशन करें। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिप सदस्या पति अजय उरांव, महेश यादव, मुशी यादव, मनोज यादव, शंकर यादव, विश्वनाथ यादव समेत खिलाड़ी रोशन कुमार सिंह, रंजीत कुमार, सुमित कुमार कई लोग मौजूद थे।

### बैद्यनाथ धाम के लिए 15 कांवरिया रवाना

**सतबरवा।** प्रखंड व आस-पास के क्षेत्रों में सावन के पावन महीना की शुरूआत होते ही भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए हर-हर महादेव के साथ शिवलिंग पर जल चढ़ाने की शुरूआत बहुत ही धूमधाम से किया जा रहा है। देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम जाकर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु रांकी खुर्द गांव से 15 लोग महिला एवं पुरुष कांवरिया कांवर के साथ बुधवार को तुम्बागड़ा स्थित शिव मंदिर में पूजा-पाठ कर सामाजिक कार्यकर्ता भोला मेहता ने रवाना किया। भोला मेहता रवाना करते हुए कांवरिया को यात्रा की शुभकामनाएं दी। यात्रा सुखद हो सभी कांवरिया आनंद पूर्वक बाबा भोलेनाथ के दर्शन के पश्चात सकुशल वापस लौटने की कामना की। कांवरिया दल का नेतृत्व मुन्देश्वर मेहता व चौकीदार रामलाल पासवान कर रहे थे। कांवरिया दल की टीम में अनुज कुमार मेहता, पंकज मेहता, श्रवण शर्मा, मिलन मेहता, नारद मेहता, बीगू पासवान, नवल पासवान, रानी देवी, चंपा देवी, गायत्री देवी, सबिता देवी, निरंजन मेहता, विकेश पासवान समेत 15 महिला - पुरुष कांवरिया दल गाड़ी पर सवार होकर प्रस्थान किए।

### टीम सूर्या ने शुरू की बूथ स्तरीय कार्यक्रम

**हैदरनगर।** एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के निर्देश पर हैदरनगर के पंचायत सचिवालय बभंडी में मंगलवार को युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकर्ताओं ने बैठक की। जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर 10-10 युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। प्रखंड युवा अध्यक्ष रविरंजन सिंह ने कहा कि एक बूथ 10 यूथ अभियान की शुरूआत हैदरनगर प्रखंड से की गई है। इसमें युवा एनसीपी और टीम सूर्या कार्यकर्ता प्रखंड के सभी 12 पंचायत में क्रमवार बैठक कर अभियान की आगे बढ़ाने का काम करेंगे। रविरंजन सिंह ने जोर देकर कहा कि इस अभियान का उद्देश्य एनसीपी के संगठन को बूथ स्तर पर और भी सशक्त बनाना है। अभियान की सफलता के बाद विधायक कमलेश कुमार सिंह और युवा नेता सूर्य सिंह के निर्देशानुसार सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रविरंजन सिंह ने की। इसमें मुख्य रूप से उपप्रमुख सह प्रवक्ता पप्पू कुमार पासवान, सोशल मीडिया प्रभारी अंकु सिंह राणा, संयोजक सुधीर सिंह ने भाग लेकर संयुक्त रूप से नई ऊर्जा के साथ संगठन का गठन किया गया। पंचायत अध्यक्ष आनंद पासवान, उपाध्यक्ष रंजय सिंह, प्रिंस सिंह महासचिव, दिनेश गुरुजी, बभंडी सचिव अनिल कुमार साव, मनोज सिंह कोषाध्यक्ष, मिथिलेश पासवान, सदस्य राहुल सिंह, डॉ. ललन पासवान, छोटू सिंह, उपेंद्र पासवान, बिरेंद्र सिंह, सत्यजित सिंह, प्रदीप पासवान, नकुल कुमार साव, शैलेंद्र सिंह, राहुल कुमार, सुदेश्वर पासवान, सत्येन्द्र पासवान, सुनील पासवान, नीतीश सिंह, पिंटू चंद्रवंशी, संतोष पासवान, संतन चंद्रवंशी, सोनू सिंह, धर्मेंद्र पासवान, योगेश कुमार, पंकज पासवान, कृष्णा साव, सोनू पासवान सहित बूथ संख्या 48, 49, 50, 51 के कार्यकर्ता ने भाग लेकर इस अभियान का समर्थन किया।

## हरिजन बिगहा गांव में डायरिया का प्रकोप, छह मरीज भर्ती

- स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोगों को बचाव की दी जानकारी
- आवश्यक दवा भी उपलब्ध कराया गया

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत हैदरनगर प्रखंड के हरिजन बिगहा में लगातार तीन दिनों से डायरिया का प्रकोप बढ़ गई है। कुछ लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में ही ओआरएस व आवश्यक दवा दिया गया। वह ठीक हो गए, जबकि बुधवार को हरिजन बिगहा समेत अन्य गांवों के छह नए मरीजों को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसमें पानपती देवी, सरस्वती कुंवर, रागिनी कुमारी, अनिता देवी, सभी हरिजन बिगहा, गौहर बीवी, बलडीहरी एवं आशिक प्रजापति, जपला धरहरा आदि सभी का इलाज चल रहा है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि सभी क्षेत्रों के लिए डायरिया नियंत्रण को लेकर टीम का गठन पूर्व में ही किया गया है। टीम लगातार गांव-गांव पर नजर रख रही है। जहां भी कोई सूचना मिलती है। तत्काल टीम वहां जाकर लोगों को आवश्यक दावा व जानकारी देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि डायरिया से निबटने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि किसी गांव में उल्टी दस्त की शिकायत होती है, तो पीड़ित व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्य सहिया या आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क करें। जरूरत पड़ने पर नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र भी जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को बताया जा रहा है कि ताजा सुपाच्य भोजन करें। ठेला खोमचा से खाने पीने की वस्तुएं नहीं उपयोग करें। पानी उबाल कर उसे साफ बर्तन में रखें। सभी लोग इसी का सेवन करें। उल्टी दस्त के शिकायत होने पर पानी का सेवन अधिक करें। ओआरएस का घोल आधे-आधे घंटे पर लें एवं चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

## चिकित्सा पदाधिकारी ने की सीएचओ व एएनएम के साथ समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बुधवार को सीएचओ एवं एएनएम के साथ समीक्षात्मक की। बैठक के दौरान प्रभारी चकित्सा पदाधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका फॉलो अप करने का निर्देश दिया। साथ ही सिविल सर्जन के निर्देश पर व्हाट्सएप्प ग्रुप बनाकर इसके माध्यम से एक दूसरे संस्थान से फॉलो अप को शेयर करने की बात कही। वहीं एक कर्मी को संस्थागत प्रसव के फॉलो अप के लिए भी प्रतिनियुक्त किया गया। जो प्रतिदिन अनुमण्डलीय अस्पताल हुसैनाबाद के अंतर्गत सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में होने वाले प्रसवों की जानकारी लेंगे। चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त पलामू के निदेर्शानुसार, सम्पूर्णता अभियान के लक्ष्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही 10 वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों को टीडी वैक्सीन से प्रतिरक्षित करने का निर्देश दिया। बैठक में एनीमिया मुक्त भारत, स्किल सेल जांच, परिवार नियोजन पखवाड़ा के बारे में भी चर्चा की गई। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक बिभूति कुमार गुप्ता, प्रखंड लेखा प्रबंधक राजीव रंजन, प्रखंड डाटा प्रबंधक रंजीत कुमार मेहता, सीएचओ नेहा सगीता किंडो, स्नेहा कुमारी, सुमति कुमारी, कर्ण पटेल, पुष्पेंद्र, प्रियंका कुमारी, एएनएम रीना सिन्हा, सविता कुमारी, बिन्दा कुमारी आदि उपस्थित थे।

## जिप उपाध्यक्ष की पहल पर 200 केवीए का लगा ट्रांसफार्मर

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह की पहल पर 24 घंटे के अंदर हुसैनाबाद के जपला चौबे में 200 केवीए का नया ट्रांसफर लगाया गया। इससे वहां के आम आवाम में खुशी की लहर व्याप्त है। मौके पर स्थानीय लोगों ने कहा कि उन लोगों ने यहां के जर्जर व जले हुए ट्रांसफार्मर से निजात पाने के लिए विभागीय पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से काफी अनुरोध किया, पर किसी ने हमारी बातों की सुधि तक नहीं ली। वहीं जब हम ग्रामीण पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह से मिलें एवं अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया तो उन्होंने त्वरित पहल करते हुए 24 घंटे के अंदर 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाने का कार्य



किया हैं। जिससे हम लोग हर्षित हैं। बातों-ही-बातों में ग्रामीणों ने कहा कि हुसैनाबाद का जनप्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के जैसा ही होना चाहिए, जो आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। इस बाबत जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो युवा नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि हम हुसैनाबाद विधानसभा की जनता को अपना परिवार मानते हैं और कोई भी शख़्स अपने परिवार को मुसीबत में पड़ा हुआ नहीं देख सकते हैं। इसलिए हमने उनके लिए 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने का कार्य किया, ताकि उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में किसी भी प्रकार की कोई दिक़्कत न हो। वहीं उनके बच्चे की भी निर्वाध रूप से पढ़ाई जारी रहे। इस मौके पर राजा राम, नौशाद खान, औरंगजेब खान, राहुल रंजन उर्फ सोनू, मेराज खान, हाफिज, सुनील राम, प्रेम प्रकाश गुप्ता, कामेश्वर राम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा नेता का जनसंपर्क यात्रा शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा नेता सह समाजसेवी रामाशीष यादव की जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ बुधवार को उंटारी रोड प्रखंड से हुआ। रामाशीष यादव ने यात्रा की शुरूआत प्रखंड क्षेत्र के पंचायत लहर बंजारी ग्राम कुटमु के पिपल चौक, मारुती धाम, नाग मंदिर एवं संतोषी मां मंदिर से आशीर्वाद लेकर किया। इसके बाद यात्रा आगे बड़ी और प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव पहुंची। यात्रा के दौरान उंटारी रोड प्रखंड में रामाशीष यादव जिस रास्ते से गुजरे उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन लोगों द्वारा किया गया। रामाशीष यादव की यह यात्रा विश्रामपुर के बदहाल तस्वीर को बदलने की मुहिम लेकर निकली है। जिसमें हर समुदाय के लोग और मतदाता वर्ग शामिल है। यह यात्रा स्वस्थ विश्रामपुर, शिक्षित विश्रामपुर, सिंचित विश्रामपुर बनाने का एक जागरूकता अभियान चला रही है। यात्रा के दौरान यादव ने कई स्थानों में स्थानीय लोगों से मिलकर संवाद किया। साथ ही कई नुक्कड़ सभाओं को संबोधित भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्रामपुर संवारने के लिए पूरे आत्म विश्वास के साथ निकला हूं। जन-जन के लिए हूं दृढ़ संकल्पित। रामाशीष यादव ने विश्रामपुर की जनता से अपील किया है कि यात्रा से जुड़कर अपनी माटी का स्वाभिमान बचाने, खुशहाल एवं समृद्ध बनाने का संकल्प लें। जनसंपर्क यात्रा में रामाशीष यादव को जनता का भरपूर हौसला व आशीर्वाद मिला। यात्रा में मुख्य रूप से सतेश्वर मेहता पंचायत समिति सदस्य, अखिलेश राम, निर्मल तिवारी, अरविंद मेहता, सोनू कुमार, जयकुश यादव, अभय यादव, सिकंदर प्रजापति, बसंत चौधरी, ननकू चौधरी, उमेश यादव, उमेश साव, अनिल साव, कृष्णा चौधरी, राजेन्द्र विष्वकर्मा, जोगी सिंह, सैयद अंसारी, खुर्शीद आलम आदि गणमान्य लोग समेत सैकड़ों की संख्या में आम जनमानस उपस्थित थे।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बन रहा है सड़क**

# घटिया निर्माण कार्य से ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** प्रखंड के तोलरा गांव में संवेदक द्वारा घटिया सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। संविदा के द्वारा निर्माण कार्य में तनिक भी गुणवत्ता का ख्याल नहीं रखा गया। जैसे-तैसे महज औपचारिकता पूरी कर निर्माण कार्य का स्वरूप दिया जा रहा है। स्थानीय लोगों के द्वारा निर्माण कार्य का विरोध किया गया। लोगों का शिकायत है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य से योजना स्वीकृत है। जो तोलरा तीन मुहान से पंचायत सचिवालय होते निमिया टिकर तक पीसीसी पथ व कालिकरन कराया जाना है। संवेदक के द्वारा कुछ भागों में पीसीसी पथ की ढलाई कराई गई। वहीं अवशेष भागों में कालीकरण किया जाना है। जहां घटिया निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय



धीरन तिवारी ने बताया कि कालीचरण पत्र निर्माण बरसात के मौसम में किसी भी स्थिति में नहीं कराया जा सकता। बरसात होने के कारण सड़क पर नमी बनी है। जहां कालीकरण किया जाना मजबूत स्थिति में नहीं हो सकता है। नमी व बरसात होने के कारण उपयोग में लाया गया अलकतरा बेकार साबित हो जाएगा। सड़क



पर डाली गई गिट्टी की पकड़ कमजोर हो जाएगा। बताया कि सड़क निर्माण पूर्व जीएसबी आदि डालकर तैयार किया जाना है। जिस पर कालीकरण या पीसीसी पथ की ढलाई की जानी है। लेकिन संवेदक के द्वारा गुणवत्तापूर्ण कोई भी कार्य नहीं किया गया। मिट्टी व गिट्टी डालकर तैयार किए गए बेड पर कालीकरण किया जा रहा है। जो किचड़ में तब्दील है। धीरन तिवारी के द्वारा रोड को हाथ से खोदकर घटिया निर्माण की पोल खोल दिया गया। सड़क के किनारे कल भट्ट, नाली आदि का निर्माण किया जाना है। लेकिन संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य नहीं कराया गया। संवेदक की कार्य पद्धति व लापरवाही को देखते हुए स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। पूरी मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित विभागीय अधिकारी, पलामू सांसद व स्थानीय विधायक से शिकायत किया जाएगा। साथ ही संवेदक पर कार्रवाई करते हुए गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य करने की मांग की जाएगी। सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कराया जा रहा है।

# पांकी विधायक ने चाको नहर मरम्मत का कार्य कराया शुरू

- बीते 2 वर्षों से बंद था चाको सिंचाई योजना
- मरम्मत कार्य शुरू होने से किसानों में जगी आस

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के गिड़ी गांव में बिहार सरकार के सिंचाई विभाग द्वारा वर्ष 1960 में बनाए गए चाको सिंचाई योजना में नहर मरम्मत का कार्य पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशी भूषण मेहता के द्वारा बुधवार की सुबह अपने निजी खर्च से शुरू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 2 वर्षों से उक्त योजना के बंद हो जाने से चार पंचायत के दर्जनों से अधिक गांव सिंचाई से वंचित हो गए थे। मामले की जानकारी होने के बाद विधायक मेहता ने तीन जेसीबी की मदद से नहर मरम्मत का कार्य शुरू बुधवार की सुबह से करवाया साथ ही चाको बराज पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से रूबरू



हुए। उन्होंने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार पांकी संविधान सभा में विकास कार्यों को लेकर चिंतित नहीं है जिस कारण विधानसभा क्षेत्र में कोई भी बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतारी जा रही। यदि विभाग एवं सरकार सचेत रहती तो किसानों को दो वर्षों से परेशानियों का सामना करना नहीं पड़ता। लगभग 64 वर्ष पहले बराज का निर्माण कार्य करवाया गया है लेकिन मेंटेनेंस के आभाव में किसानों को कोई लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने कहा कि जहां-तहां नहर टूटे हुए हैं। जिसकी मरम्मत कर तत्काल किसानों को पानी पहुंचाने की शुरूआत आज से की जा रही है, ताकि चार पंचायत के दर्जनों गांव के लोग सिंचाई कर सकें। नहर के मरम्मत कार्य शुरू होने के बाद किसानों में हर्ष का माहौल है वहीं किसानों ने विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशी भूषण मेहता को धन्यवाद ज्ञापन भी किया है। इस दौरान मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, रोशन सिंह, मुकेश गुप्ता, कमलेश कुमार, वकील पासवान, सुरेंद्र मेहता, धर्मदेव मेहता समिति दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## डीएवी प्रबंधन खिलाड़ियों के रूप में गढ़ रहा राष्ट्र नायक व राष्ट्र रत्न : आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज में चल रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स की संकुल स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को समाप्त हो गई। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमंडलीय आयुक्त बालकिशुन मुंडा आयुक्त व विशिष्ट अतिथि श्रीवास्तव डीएवी इंजीनियरिंग कॉलेज डाल्टनगंज थे। मुख्य अतिथि आयुक्त ने कहा कि खिलाड़ी ही वास्तव में देश के नायक व रत्न हैं। बच्चे कमाल का प्रदर्शन करते हैं। बच्चे ओलंपिक तक जाये व देश के लिए मेडल जीतकर भारत का नाम उंचा करें। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की। समारोह में उपस्थित 44 वीं बटालियन एनसीसी डालटनगंज के कमांडिंग आफिसर कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि एमकेडीएवी के छात्रों का चहुंमुखी विकास हो रहा है। बच्चे एनसीसी के कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं व उत्तम प्रदर्शन करते हैं। कार्यक्रम में अतिथि सम्मान के बाद विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. जीएन खान ने कहा कि डीएवी संस्थाएं हर बच्चे को मौका देती है कि वह जिस क्षेत्र में जाना चाहे उसमें अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके। अपने विद्यालयों में पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ खेलकूद, गायन, अभिनय हर क्षेत्र में बच्चों को उत्तम प्रदर्शन का मौका देते हैं। इसका परिणाम है कि पूर्व छात्रों में कपिल देव, युवराज सिंह, अटल बिहारी वाजपेई, मनमोहन सिंह, शाहरुख खान, अनुपम खेर जैसी हस्तियां सम्मिलित हैं।

## मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लगे शिविर का उपायुक्त ने लिया जायजा

### आवेदनों का ऑन स्पॉट इंट्री करने को लेकर डीसी ने दिया निर्देश



बीडीओ अभिषेक पांडेय को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत अधिक लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाकर युवाओं से आवेदन प्राप्त किया जा रहा हैं। इस क्रम में बुधवार को जिले के विश्रामपुर, पांडू, पांकी, तरहसी, उंटारी रोड, नौडीहाबाजार, नवाबाजार, हैदरनगर, मोहम्मदगंज में शिविर लगाया गया। सदर प्रखंड में लगाये गये शिविर का उपायुक्त शशि रंजन ने जायजा लिया। उन्होंने बीडीओ अभिषेक पांडेय को सभी योग्य युवाओं के बीच रोजगार का मार्ग प्रस्तुत करने की दिशा में प्राप्त हुए आवेदनों का ऑन स्पॉट ऑनलाइन एंट्री करने को लेकर निर्देश दिया। साथ ही शिविर में तैनात सभी को पूरी सक्रियता के साथ प्राप्त हो रहे आवेदनों का ऑन स्पॉट इंट्री करने को लेकर निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एक भी आवेदन बगैर इंट्री के न रह जाये यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मौके पर बीडीओ समेत अन्य उपस्थित रहे।

# पलामू सांसद ने संसद में राजहारा कोलियरी का मामला उठाया

### 20 विस्थापितों को नौकरी मिलने की आस जगी

- देश में आज भी कई खादाने बंद पड़ी है
- बंद पड़ें कोयला खादानों में निकलने योग्य भंडार लगभग 380 मिलियन टन है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलायन, रोजगार के आभाव के निवारण के लिए प्रश्न काल के दौरान कोयला मंत्रालय, भारत सरकार से कोयले की गुणवता, रजहरा कोलियरी में उत्तखन्न प्रारम्भ करने के साथ विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित प्रश्न उठाया। इसका जवाब केन्द्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने दिया। सासंद ने कहा कि मंत्री के लिखित उत्तर से यह स्पष्ट है कि भिन्न-भिन्न प्रकार की गुणवता वाले कोयले की आपूर्ति अलग-अलग राज्यों को की जा रही हैं। मंत्री से यह जानना चाहता हूं कि जिस राज्य को जिस गुणवता वाले कोयले की आवश्यकता है। उस राज्य को उस गुणवता वाले कोयले की आपूर्ति की जा रही है। अथवा नहीं। यदि नहीं की जा रही है, तो किस मापदंड के आधार पर कोयले की आपूर्ति की जा रही है। सांसद ने कहा कि देश में आज भी कई खादाने बंद पड़ी है। बंद पड़ें कोयला खादानों में निकलने योग्य भंडार लगभग 380 मिलियन टन है, जिसमें से 30-40 मिलियन टन आसानी से निकाला जा सकता है। ऐसी ही एक सीसीएल की खादान रजहरा उनके संसदीय क्षेत्र पलामू में है। जिसे खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है। हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है, जिस पर ऑटानली जेनरल की सहमति भी प्राप्त हो चुकी है। परन्तु अनावश्यक रूप से विलम्ब हो रहा है। मंत्री से आग्रह है कि वह बताने का कष्ट करें कि कब तक 20 विस्थापितों को नौकरी प्रदान कर दी जाएगी व कोयले का उत्खनन प्रारम्भ हो जाएगा।

### सांसद ने इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर स्थापित करने का मामला उठाया

सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी के तहत (अमृतसर, कोलकता इंडस्ट्रीयल) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित करने से संबंधित मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा जिला के भवनाथपुर में सेल के 1180 हेक्टेयर भूमि पर केन्द्र सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) के तहत (अमृतसर, कोलकता इंडस्ट्रीज) प्रोजेक्ट का झारखंड राज्य में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उक्त संबंध में एनआईसीडीसी के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी एवं प्रबंध निदेशक भारत सरकार द्वारा उपायुक्त (डिप्टी कमिशनर) गढ़वा को पत्र लिखकर उक्त भूमि पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की स्थापना के संबंध में 6 बिन्दुओं पर प्रतिवेदन मांगा था। बता दें कि उपायुक्त (डिप्टी कमिशनर) गढ़वा ने उक्त बिन्दुओं पर झारखंड सरकार को प्रतिवेदन समर्पित कर दिया है। उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की स्थापना से झारखण्ड राज्य के आर्थिक ढ़ांचे में परिवर्तन संभावित है व राज्य का संतुलित विकास में इसका बहुत बड़ा योगदान होगा। उद्योग के साथ-साथ बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार उपलब्ध हो पाएगा। जिससे गढ़वा जिला अकांक्षी जिलों की सूची से बाहर निकल सकेगा व राज्य के अन्य विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार से वह मांग करते हैं कि झारखंड सरकार से बातचीत कर उक्त स्थान पर इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (आईएमसी) की स्थापना के लिए अग्रतर कार्यवाई कराने का प्रयास करें। साथ ही साथ यह भी आग्रह है कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कॉर्पोरेशन (एनआईसीडीसी) लिमिटेड की टीम भेजकर उक्त जमीन व बोकारो स्थित सेल की जमीन का कंपरिएटिव रिवैल्यूवेशन भी करा लिया जाये ताकि राज्य सरकार का बोकारो के पक्ष में जो झुकाव है उसके औचित्य, अनौचित्य पर निष्पक्ष निर्णय लिया जा सके। उल्लेखनीय है कि सेल के द्वारा जो भवनाथपुर में जमीन ऑफर की गयी है (1180 हेक्टेयर) वह बोकारो स्थित जमीन (करीब 700 हेक्टेयर) से कहीं ज्यादा है जो भविष्य में यदि इसका विस्तार आवश्यक हो तो उसके लिए जमीन की उपलब्धता हो। साथ ही यह कहना अप्रासंगिक नहीं होगा कि गढ़वा जिला देश के 112 आकांक्षी जिलों में से एक है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी का विचार है कि आकांक्षी जिलों में विकास का कार्य तेज गति से चले ताकि कि वे आकांक्षी जिलों की सूची से निकलकर विकसित जिलों की श्रेणी में आ खड़े हो।

## न्यूज बॉक्स

### दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा




**मेदिनीनगर।** व्यवहार न्यायालय के चतुर्थ जिला व सत्र न्यायाधीश व पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक से दुष्कर्म के आरोपी राजू कुमार उर्फ राजू राम को भारतीय दंड विधान की धारा 376(1) में दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि नहीं देने पर चार माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। 363 भादवि में पांच वर्ष की सजा व 10 हजार रुपए अर्थदंड, पोक्सो एक्ट की धारा 8 में दो वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। बता दें कि चैनपुर थाना अंतर्गत बसरिया कला निवासी उत्तम सोनी (बदला नाम) ने चैनपुर थाना में राजू कुमार उर्फ राजू राम के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। अनुसंधान अधिकारी द्वारा उपरोक्त कांड में भारतीय दंड विधान की धारा 366 ,376, पोक्सो एक्ट की धारा 4/8 के तहत आरोप पर दाखिल किया गया था। मुदालय पर आरोप था कि 11 नवंबर 20, 21 को शाम 6 बजे जब पीड़िता शौच के लिए बाहर निकली थी। तब मुदालय पल्सर मोटरसाइकिल से उसे यह कहते हुए कि उसके दादा बुला रहे हैं। उसे मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गया। जब पीड़िता द्वारा आवाज लगाई गई तब मुदालय उसका मुंह बांध दिया और उससे बोला कि हल्ला करोगी तब जान से मार देंगे। मुदालय पीड़िता को बलरामपुर ले जाकर उसे एक सप्ताह तक रखा। उसके साथ गलत काम व बलात्कार किया। पीड़िता के साथ मारपीट व धमकी दिया और उसके साथ बलात्कार किया। बलरामपुर ने पीडिता को कमरे के अंदर ताला लगाकर रखता था। जब पीडिता के घर के लोग आए, तब पीड़िता को इस बात की धमकी दी कि वह घटना के बारे में किसी को बताएगी तो जेल से निकलने पर जान से मार देंगे।

### जिला परिषद की बैठक में राजस्व बढ़ाने का प्रस्ताव पारित



**मेदिनीनगर।** जिला परिषद की बुधवार को आयोजित बैठक में जिला परिषद के सभी राजस्व स्त्रोतों पर चर्चा की गई। जिला परिषद की विभिन्न प्रखंडों में अवस्थित दुकानों, डाक बंगला, हाट-बाजार, बस पड़ाव, मार्केट कॉप्लेक्स, अमृत सरोवर आदि से राजस्व प्राप्ति की समीक्षा की गई।

पूर्व से भाड़े पर लगी दुकानों से किया वसूली की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कहीं-कहीं एक लंबे समय से दुकानदारों द्वारा किराया नहीं दिया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से उन दुकानों को खाली कराने अथवा पूर्व का बकाया कुल किराया वसूली करने का आदेश पारित किया गया।

कई प्रखंडों में पूर्व से अवस्थित जर्जर दुकानों की मरम्मती कराने, नई दुकानों का निर्माण कराने व उनका डाक कराकर जिला परिषद के राजस्व में वृद्धि करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष प्रतिमा देवी, उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, सचिव सह उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद, कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला पंचायती राज पदाधिकारी व सभी जिला परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

### आईटीआई छात्रावास के छात्रों में शहरी जलापूर्ति योजना निर्माण का विरोध किया

**मेदिनीनगर।** रेड़मा रांची रोड में उद्योग विभाग के समीप एससी एसटी आईटीआई छात्रावास के नजदीक शहरी जलापूर्ति योजना से जुड़े 2 लाख लीटर की क्षमता वाले पानी टंकी के निर्माण हेतु कार्य प्रारंभ कराया गया। जिसका आईटीआई छात्रावास में रहने वाले सैकड़ो छात्रों में घोर विरोध किया। छात्रों का आरोप है की उक्त पानी टंकी निर्माण जानबूझकर हॉस्टल के बगल में किया जा रहा है, जिससे उनके पठन-पाठन में व्यवधान पहुंच सकता है। छात्रों ने यह भी कहा की पानी टंकी के निर्माण से पूर्व पूरे प्लॉट की नापी की जानी चाहिए थी। आईटीआई छात्रावास के पूरे प्लॉट का कुल रकबा लगभग 4 एकड़ 6 डिसमिल है। जिसमें कई आवासीय भवन का पूर्व में निर्माण कर दिया गया है। अब मात्र 2 एकड़ जमीन ही आईटीआई छात्रावास हेतु बचा है, जिसका वे लोग किसी हालत में अतिक्रमण नहीं होने देंगे। विदित हो कि पूर्व में हॉस्टल के छात्रों ने शहरी जलापूर्ति योजना अंतर्गत पानी टंकी के निर्माण के विरोध में उपायुक्त को ज्ञापन सौंप इसे रोकने का अनुरोध किया था। लेकिन जिला प्रशासन ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया। छात्रों का यह भी आरोप है कि उन्हें इसका विरोध करने पर भी सदर सीओ अमरदीप बलहोत्रा जानबूझकर हॉस्टल की भूमि पर पानी टंकी निर्माण करना चाह रहे हैं। जब छात्र इसका विरोध करने लगे तो उन पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की भी धमकी दी जाती है। जानकारी के मुताबिक आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल ने भी उक्त पानी टंकी निर्माण का विरोध किया था। छात्रों की मांग है कि अगर इसका निर्माण किया भी जाना है तो पहले इस अतिक्रमण मुक्त किया जाना चाहिए और सर्वप्रथम चाहरदीवारी देकर हॉस्टल से दूर दूसरे छोर पर इसका निर्माण होना चाहिए।अगर इस बाबत जिला प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया तो वह और आंदोलन करेंगे और किसी भी सूरत में आईटीआई छात्रावास के जमीन पर दूसरा कोई निर्माण नहीं होने देंगे। जानकारी के मुताबिक सोमवार को सदर अंचल के कर्मचारी पुलिस के साथ आए और जेसीबी से ट्रेंच खोद कर निर्माण कार्य शुरू करने का प्रयास किया जिसका छात्रों ने कड़ा विरोध किया।

## एक नजर

### भानू पर झूठा मुकदमा दायर करना लोकतंत्र की हत्या : सुरेंद्र

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश को उपाध्यक्ष और भवनाथपुर से विधायक भानू प्रताप शाही पर झूठा मुकदमा दायर कर अपने ऊपर उठ रहे आवाज को दबाना चाहते हैं, जो सरासर लोकतंत्र की हत्या है। अगर वह सोचते हैं कि झूठा मुकदमा के दम पर झारखंड के दलितों, शोषितों, पीड़ितों, वंचितों की आवाज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को अगर वह दबा देना चाहते हैं तो नामुमकिन है। फर्जी मुकदमा से भाजपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। भाजपा कार्यकर्ता खुद आंदोलन के उपज हैं और ऐसी ऐसी आवाज को हम आने वाला चुनाव में जनता के माध्यम से सबक सिखाने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री की आवाज तब नहीं निकलती जब राज्य में बेरोजगार युवाओं पर लाठी चलती है। झारखंड के गरीब आदिवासियों की जमीन एक विशेष समुदाय के द्वारा छीनने का काम धड़ल्ले से चल रहा है।।

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान

## नाम जांचों कैंपेन आज 12 से 1 बजे तक, बीएलओ रहेंगे अपने बूथ पर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने, सुधाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देश पर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वोटर सत्यापन का काम द्वितीय चरण का किया जा जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की सफलता के लिए नाम जांचों कैंपेन 25 जुलाई 2024 को किया जाना है। यह जानकारी पलामू के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार 12 बजे से 1 बजे अपराह्ण तक किया जाना है। इस दौरान सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ प्रारूप मतदाता सूची व फार्म 6, 7 व 8 के साथ उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की सुधार की आवश्यकता होने पर नाम पंजीकरण को लेकर प्रपत्र 6 एवं सुधार को लेकर 8 फार्म बीएलओ के पास जमा करना है। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त तक मतदाता सूची फाईनल प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम तेजी से चल रहा है। ताकि किसी का नाम नहीं छूटे सभी का नाम सदस्यता सूची में हो। इसके लिए पूरी तैयारी की गई है।

## विद्यालय का परीक्षा परिणामों में सुधार लाएं : डीईओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डीईओ दुगार्नंद झा ने जिले के सभी उच्च तथा प्लस टू विद्यालयों के साथ बैठक कर उन्हें इस शैक्षणिक वर्ष में विद्यालयों के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा की सभी प्रधानाध्यापक सजगता से अपनी जिम्मेवारी समझे और रिजल्ट के मामले में पलामू जिले को पूरे राज्य में उत्कृष्ट स्थान दिलाने हेतु मिलकर हमारा सहयोग करें। इस कार्यक्रम में सभी प्रखंड के बीइओ, बीपीओ, प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की वार्डन उपस्थित रहीं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रधानाध्यापकों को प्रोजेक्ट इंपैक्ट के तहत विद्यालयों को माय स्कूल माय प्राइड के थीम पर विद्यालय में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, शिक्षकों एवं छात्रों की ई विद्या वाहिनी में शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर देने, वैसे विद्यालय जिनके प्रबंधन समिति का 3 साल पूरा हो गया है उनका पुनर्गठन करने, रेल प्रोजेक्ट के तहत विद्यालयों में आयोजित होने वाली साप्ताहिक प्रतियोगिता को शत्-प्रतिशत करना तथा लिंक भरना, शिक्षक अभिभावक बैठक करते हुए लिंक भरने, रूआर के तहत विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों की शत्-प्रतिशत नामांकन करना, ट्रांजिशन के तहत सभी बच्चों को दूसरे कक्ष में शत प्रतिशत ट्रांजिशन कराये जाने समेत कई निर्देश दिए। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कड़े शब्दों में सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि वह उक्त बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए उसे पर अमल करें तथा इस सत्र में अपने विद्यालयों की रिजल्ट में प्रभावशाली सुधार लाएं। प्रधानाध्यापक समेत सभी शिक्षक अपने कर्त्तव्य का निष्ठा से पालन करें। शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### पिरामल फाउन्डेशन का दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

**मेदिनीनगर।** सीएस कार्यालय में एमडीए, आईडीए के सफल क्रियान्वयन के लिए सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में पिरामल फाउन्डेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण सफल रूप से संपन्न कराया गया। बैठक में भीबीडी पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार व सलाहकार अरविंद द्विवेदी साथ में पिरामल टीम से अनिल कुमार, विजय पांडेय, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस, एनसीसी के कार्यक्रम प्रबंधक, भिन्न विभाग के जिला स्तरीय तथा विभिन्न प्रखंड स्तरीय अधिकारी जैसे बीडीओ, बीईओ, बीपीआरओ, आईसीडीएस, जेएसएलपीएस एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## मनरेगा कर्मियों तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर मनरेगा कर्मी तीसरे दिन हड़ताल पर डटे रहे। मनरेगा कर्मी मांगों के समर्थन में लगातार समाहरणालय के समक्ष धरना दे रहे हैं। प्रदेश सचिव विकास पांडेय ने कहा कि मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से मनरेगा सहित प्रखंड व पंचायत स्तर पर चल रही अन्य योजनाओं में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास, बिरसा सिंचाई कूप, आम बागवानी, पोटो हो खेल मैदान, नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना आदि का काम रुक गया है। मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है, जिसको सरकार के सोच के अनुरूप धरातल पर उतारने में मनरेगा कर्मी पूरी निष्ठा से अपना योगदान देते हैं, लेकिन मनरेगा कर्मियों के लिए आज के महंगाई में परिवार चला पाना कठिन हो रहा है। सरकारी कर्मियों को वेतनमान सहित सभी तरह की सुविधा दी जाती है। वहीं दूसरी ओर उसी कार्यालय में उनसे अधिक मेहनत करने वाले मनरेगा कर्मी अल्प मानदेय पाते हैं। दुर्घटना, बीमारी अथवा मृत्यु हो जाने पर कोई सरकारी लाभ नहीं दिया जाता है। मामूली गलती पर भी बर्खास्त कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि काम के दौरान पदाधिकारी द्वारा काम का प्रेशर देकर दिन रात काम कराया जाता है। कठिन परिस्थितियों में भी काम करने के बावजूद मनरेगा कर्मी अपने हक और अधिकार के लिए वर्षों से सरकार के साथ जूझ रहे हैं। सरकार कान में तेल डालकर गाढ़ी निद्रा में सो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निरंकुश हो गए हैं। किसी भी कर्मचारी संगठन से नहीं मिलना चाहते हैं।

### गर्मी में घास, फूल व पौधें को पटवन के लिए हो रही थी परेशानी

## भीमचूल्हा के संवेदक ने दान में दिया जेनरेटर, पुजारी ने जताई खुशी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पर्यटन विभाग के स्तर से पर्यटक स्थल के रूप में विकसित ऐतिहासिक महत्व के भीमचूल्हा में कादलकुर्मी के संवेदक टिंकू सिंह ने 1500 एंपीयर का जेनरेटर दान में दिया है। इसके प्रति पुजारी सह प्रहरी गंगा तिवारी ने खुशी जताई है। उन्होंने बताया कि भीमचूल्हा स्थित पार्क में बेसकीमती मखमली घास, फूल, पौधें तो लगाए गए हैं, मगर उनको गर्मी के सीजन में भी हराभरा रखने के लिए किसी माध्यम से पटवन की व्यस्था नहीं की जा सकी। ऐसे में गर्मी में घास, फूल व पौधें सूख जाते हैं। जिसे देखते हुए संवेदक ने जेनरेटर की व्यवस्था उपलब्ध करा दिया है। उनके द्वारा निजी तौर पर किया गया यह बड़ा दान है। पुजारी ने कहा कि अब मोटर की भी व्यवस्था हो जाए, इस दिशा में भी उनका प्रयास है। इसके लिए भी कई लोगों ने सहमति जताई है। उन्होंने बताया कि वैसे तो ऐतिहासिक महत्व के भीमचूल्हा के विकास में सामूहिक और निजी तौर पर कई लोगों का योगदान है। मगर वरिष्ठ अधिवक्ता शंकर सिंह के पुत्र टिंकू सिंह का इस मामले में बड़ी भूमिका सामने आई है। इससे पहले गांव से भीमचूल्हा आने जाने में हो रही उनकी (पुजारी) परेशानी को देखते हुए मोपेड दोपहिया वाहन भी उन्होंने उन्हें दान में दिया है। उनकी ऐसी दानवीरता की लोग सराहना करते हैं।

## एक नजर

### दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट, मां - बेटी घायल

**चपरी।** बुधवार की सुबह में रास्ता को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट में एक पक्ष के संजय बैठा की पत्नी मंजु देवी व पुत्री गुंजा कुमारी घायल हो गई। घायलावस्था में परिजनों ने थाना को सूचना देने के बाद सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे। वहां पर डॉ. रंजन दास द्वारा इलाज किया गया। परिजनों ने बताया कि दोनों पाटीदारों का हिस्से के जमीन में ही रास्ता निकला हुआ है, बारिश होने के कारण मिट्टी का कटाव होकर रास्ता से बहकर दूसरे पक्ष के खेत में चला गया। उसी में रामाशीष बैठा और रामानुज बैठा के अलावा घर कि महिलाओं ने मिलकर मारपीट किया, जिसमें मां व बेटी घायल हो गई। पुलिस आवेदन के आलोक में अग्रेतर कारवाई कर रही है।

### कीटनाशक दवा खाया

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के हसनदाग गांव निवासी नंदलाल चौधरी का पुत्र कृष्णा चौधरी कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर पत्नी के साथ नोक झोक हुआ था। इससे आक्रोशित होकर कृष्णा चौधरी ने कीटनाशक दवा खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**गढ़वा।** शाहपुर मार्ग पर भीखही मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान करने में पुलिस जुटी हुई है। घटना के संबंध में बताया गया कि मंगलवार की रात्रि डंडा थाना क्षेत्र के भीखही मोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति सड़क पर पड़ा हुआ था इसके बाद स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को घटना की जानकारी दी घटना की जानकारी मिलने के बाद 108 एंबुलेंस के मदद से उसे अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना कि जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पहचान करने के लिए 72 घंटा रखा गया है समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो पाया था।

### मोटरसाइकिल व कार की टक्कर में शिक्षक घायल

**गढ़वा।** रंका मार्ग पर बुधवार की सुबह स्कूल जाने के दौरान एक शिक्षक मोटरसाइकिल व कार की टक्कर में घायल हो गए घायल शिक्षक रंका थाना क्षेत्र के खरडीहा गांव निवासी प्रताप पांडे बताया गया है उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया घटना के संबंध में बताया गया कि प्रताप पांडे अपने घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर चिनिया थाना क्षेत्र के रपुरा गांव स्थित विद्यालय में पढ़ने के लिए जा रहे थे इसी क्रम में गुलरियाढोरा मोड़ से आगे एक कर ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया इसके बाद उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर कार चालक ने वहां से फरार हो गया घटना कि जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उन्हें 108 एंबुलेंस के मदद से गढ़वा सदर अस्पताल लाया गया।

### गोसाईबाग मैदान में चारु मजुमदार का शहादत दिवस मनाने का निर्णय

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले के तत्वाधान में आगामी 28 जुलाई को गोसाईबाग के मैदान में चारु मजुमदार का शहादत दिवस मनाया जायेगा उक्त आशय की जानकारी देते हुये भाकपा माले अनुमंडल कमिटी के सदस्य कामेश्वर विश्वकर्मा ने बताया कि शहादत दिवस मनाने व संकल्प सभा आयोजित करने की लिखित जानकारी अनुमंडल पदाधिकारी को दे दिया गया है उन्होंने बताया कि आगामी 28 जुलाई को चारु मजूमदार के शहादत दिवस पर रेलवे ग्राउंड से भाकपा माले कार्यकर्ता मार्च करते हुये गोसाईबाग मैदान तक जायेंगे वहीं शहादत दिवस व संकल्प सभा आयोजित किया जायेगा।

## 10 करोड़ की लागत से होगा तीन पुलों का निर्माण, झारखंड सरकार ने दी स्वीकृति

# जिले की बदहाली बीते दिनों की बात, अब विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा : मिथिलेश ठाकुर



### पिछले साढ़े चार वर्षों में गढ़वा स्थिति पूरी बदल गई है

गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि उक्त पुलों के निर्माण की स्वीकृति झारखंड सरकार ने प्रदान कर दी है। शीघ्र ही इसकी निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि एक समय था जब गढ़वा विधानसभा क्षेत्र एवं गढ़वा जिले के गिनती राज्य के सबसे पिछड़े जिले में होती थी। परंतु पिछले साढ़े चार वर्षों में स्थिति पूरी बदल गई है। गढ़वा की बदहाली अब बीते दिनों की बात हो गई है।

- गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है
- विकास की गति में निरंतर तीव्रता ही आयेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** विधानसभा क्षेत्र के रंका व रमकंडा प्रखंड में लगभग 10 करोड़ रुपए की लागत से तीन पुलों का निर्माण किया जाएगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत रमकंडा में दो तथा रंका में एक पुल का निर्माण किया जाएगा। इसके तहत रमकंडा प्रखंड के पंचायत चेटे में ग्राम चेटे, टेढ़ाकहुआ और बोड़ी के बीच हाठु नदी पर तीन करोड़ 94 लाख 48 हजार 700 रुपए की लागत से 96.8 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही इसी प्रखंड के पंचायत रक्सी में ग्राम रक्सी देवी मंडप से ढुलवा सीमा के समीप हड़बड़िया नाला पर दो करोड़ 78 लाख 94 हजार 500 रुपए की लागत से 58.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल तथा रंका प्रखंड में ग्राम बाहाहारा एवं जासोबार (पानापोठी) के बीच हाठु नदी पर दो करोड़ 96 लाख 42 हजार 400 रुपए की लागत से 67.08 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा विकास के पथ पर काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब गढ़वा पीछे मुड़कर नहीं देखने वाला है। विकास की गति में निरंतर तीव्रता ही आयेगी। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्र के दर्जनों गावों के ग्रामीणों को बरसात के मौसम में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। लंबे समय से ग्रामीण पुल निर्माण की मांग कर रहे थे। क्षेत्र भ्रमण के दौरान वहां की स्थिति को देखकर उन्होंने ग्रामीणों से उच्च स्तरीय पुल निर्माण कराने का वादा किया था। वह वादा अब पूरा हो चुका है। मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की यह समस्या वर्षों से बनी हुई थी। परंतु पूर्व के जनप्रतिनिधि झूठे वादे कर जीत जाते थे। जीतने के बाद वे जनता को अपना चेहरा तक नहीं दिखलाते थे। फिर अगले चुनाव में झूठ का सहारा लेकर जनता को ठगकर निकल जाते। यही सिलसिला चलते आ रहा था। अंततः गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने वर्ष 2019 में अपना निर्णय बदला। अब उनका निर्णय पूरी तरह से सार्थक साबित हो रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि काफी कम समय में पूरे गढ़वा की तस्वीर बदल गई है। आने वाले समय में गढ़वा का और बेहतर रूप देखने को मिलेगा।

## दो गावं के सीमा क्षेत्र का सीमांकन कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखण्ड क्षेत्र के बैतरी गांव के ग्रामीणों ने बैठक कर वन क्षेत्र पदाधिकारी से बैतरा गावं व बैतरी गाव के सिवाना पर श्मशान घाट की भूमि का सीमांकन कराने की मांग की है। ग्रामीणो ने आवेदन में उल्लेख किया है की बैतरी गांव के बगल में बैतरा गांव है, जिसमें बैतरी व बैतरा के सीमावर्ती स्थान पर श्मशान घाट बनाया गया है। बावजूद भी बैतरा गांव के लोग श्मशान घाट के जमीन को कब्जा कर खेती कर रहे हैं। जिसमें बैतरी के ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने वन के क्षेत्र पदाधिकारी को आवेदन देकर बैतरी व बैतरा की सीमा क्षेत्र को अलग करने का मांग किया है। मौके पर कामेश्वर प्रजापति, देवरूप पाल, जगरनाथ साह,दीनानाथ शाह, राजेंद्र सिंह, लालमन साह, किशोरी साह,, रामलाल प्रजापति, अशोक साह, बैकुंठ पाल समतुला सिंह, अमृत यादव, बिगन साह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### भाजपा प्रखंड कार्य समिति की बैठक

## भ्रष्टाचार में लिप्त झारखंड सरकार को उखाड़ फेंके : आलोक चौरसिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सांसद प्रतिनिधि कार्यालय परिसर में भाजपा प्रखंड कार्य समिति की बैठक में बुधवार को हुई। बैठक की शुरूआत दीनदयाल उपाध्याय व डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। बैठक में क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगने की बात कार्यकर्ताओं से कही। उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत दिलाने के लिए धन्यवाद देते हुए झारखंड के भ्रष्टाचार में लिप्त सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नवंबर माह में विधानसभा चुनाव में तन मन धन से लगकर भारतीय



जनता पार्टी का झारखंड में सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत के तर्ज पर कार्य करने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर ने की। धन्यवाद ज्ञापन आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष भूषण सिंह ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, जिप सदस्य हिरवंती देवी, रामकरेश चौरसिया, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, विजय केसरी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अनिल केसरी, राजेश कुमार वर्मा, कुंवर सिंह, सदस्य रामजीत सिंह, बिहारी गुप्ता, विनय जायसवाल, जितन सिंह, राजू ठाकुर, आनंदी सिंह, दिलीप तमोली, भिषम चौरसिया दिलीप तमोली समेत दर्जनों की संख्या में बुथ अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सहायक निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बुधवार को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी नंद राम ने सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। उक्त बैठक में उन्होंने 25 जुलाई को नाम जांचों अभियान के तहत राजनीतिक दलों को प्रखंड अध्यक्षों को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर आपका नाम मतदाता सूची में दर्ज है या नहीं, इसकी जांच करने को कहा। किसी तरह की आपत्ति होने पर तुरंत बीएलओ से इसकी शिकायत कर उसे वहीं सुधार करना है। उन्होंने कहा की अपने वार्ड, गांव और पंचायत के वैसे



मतदाता जिनकी उम्र 18 वर्ष पुरा हो गया है। उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। उन्होंने कहा की आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए योग्य मतदाताओं का शत-प्रतिशत नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने, मतदाता का रंगीन फोटो अपलोड कराने को कहा गया। इस कार्य में उन्होंने राजनीतिक दलों से सहयोग करने को कहा। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह,भाजपा के मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, झामुमो के कामेश्वर सिंह, बासपा के गौतम कुमार, राजद के जगनरायण यादव, भाकपा-माले के दिलीप गुप्ता उपस्थित थे।

## कुआं में गिरने से दो युवक घायल

**केतार।** केतार थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में मंगलवार की रात्रि में कुआं में गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है। घटना में कुआं में बचाने गये मुमताज अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मकसुद अंसारी की मौत हो गई। निजामुद्दीन अंसारी का पुत्र मकसुद अंसारी 25 वर्षीय और वकील अंसारी का पुत्र मोहम्मद कैफ अंसारी 16 वर्षीय घायल हो गया। कुआं से बाहर निकालने के पश्चात बेहोशी की हालत में तीनों को इलाज के लिए ऐबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने मकसुद को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार नावाडीह गांव निवासी वकील अंसारी का पुत्र मोहम्मद कैफ अंसारी दुसरे राज्य में मजदूरी करने जाने के लिए घर पर जिद कर रहा था। परिजन उसे बाहर जाने से माना कर रहे थे। इस पर मोहम्मद कैफ नाराज हो कर घर के समीप कुआं में गीरने की धमकी देकर घर से चला गया। इसके बाद मोहम्मद कैफ रस्सी के सहारे 60 फीट का कुआं में सीढ़ी के सहारे उतर कर कुआं में नीचे बैठा था। आस-पड़ोस के दो युवक मकसुद अंसारी, पिता निजामुद्दीन अंसारी और मकसुद अंसारी, पिता मुमताज अंसारी उसे कुआं से रस्सी के सहारे बाहर ला रहे थे। इसी क्रम में रस्सी टुट गया जिससे मकसुद कुआं में गिर गया, जिससे उसके माथा के पिछले हिस्से में गंभीर चोट लगने से फट गया। इस घटना में उसकी मौत हो गई। जानकारी के पश्चात थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी घटनास्थल पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद तीनों घायलों को कुआं से बाहर निकला गया। तत्पश्चात इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दोनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया है। इधर शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**विशुनपुरा । गढवा ।** पतागड़ा खुर्द निवासी दिनेश पाल पिता हरिहर पाल उम्र 30 वर्ष की मौत सर्पदंश से हो गई। जनाकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि मृतक सुनेश पाल मंगलवार को घटवरिया पहाड़ की भेड़ बकरी चराने गया था। इस क्रम में जहरीली जंतु के काटने से बेहोश होकर गिर गया। जिसके बाद परिजनों ने इलाज के लिये गढ़वा ले गया। जहाँ डॉक्टर ने बेहतर इलाज हेतु तुमेगड़ा के लिये रेफर कर दिया। तुमेगाड़ा ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही मौत हो गयी।

### मुख्य सड़क के किनारे बड़ी मात्रा में छरी का भंडारण

# डंडई गांव में हो रहा छरी का अवैध कारोबार

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में बेरोकटेक छत्तीसगढ़िया छरी का अवैध कारोबार हो रहा है। डंडई गांव के मुख्य सड़क के किनारे बड़ी मात्रा में उसका भंडारण कर महंगे दरों पर बिना नंबर वाले ट्रैक्टर की ट्राली के माध्यम प्रखंड के लोगों के बीच उसे बिक्री किया जा रहा है। उसके अलावा गांव के अन्य जगहों पर भी बड़ी मात्रा में छत्तीसगढ़िया छरी का भंडारण देखा जा रहा है। मामले में कहना मुश्किल है कि जिन लोगों के द्वारा उक्त व्यवसाय किया जा रहा है। उनके पास छरी भंडारण करने की दस्तावेज है या नहीं यह जांच के बाद ही पता चल सकता है। वहीं उनके पास छरी भंडारण करने का दस्तावेज नहीं होगी तो वे सीधे तौर पर माइनिंग एक्ट कानून को अपने हाथों में लेते दिखाई पड़ रहे हैं। उधर उसके उपयोग में दिन-रात लगे बिना नंबर वाले ट्रैक्टर की ट्रॉली का संचालन होने से भी सरकार के राजस्व की बड़ी क्षति पहुंच रही है। बताया जाता है कि बिना राजस्व देय के कृषि कार्य के लिए विभिन्न ट्रैक्टर की कंपनियों के द्वारा मालिकों के नाम से ट्रैक्टर का सिर्फ इंजन निर्गत किया जाता है । वही उसके ट्रॉली के लिए उन्हें अलग से नंबर लेना पड़ता है जिसके एवज में मालिकों को प्रत्येक माह सरकार को राजस्व चुकाना पड़ता है।



### जांच कर नियमानुसार कर्रवाई की जाएगी : डीएमओ

ट्रैक्टर के साथ बिना नंबर का ट्रॉली होना सरकार के राजस्व चोरी करने के समान है। उक्त व्यवसाय में दो तरह से सरकार के राजस्व की क्षति पहुंचाने का काम किया जा रहा है इससे इनकार नहीं किया जा सकता। मामले में डीएमओ नददेव बैठा ने बताया की यह मामला उनके संज्ञान में नही है। उन्होंने कहा कि जांच कर नियमानुसार कर्रवाई की जाएगी ।

## न्यूज बॉक्स

### पाठशाला से किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा : कृषि पदाधिकारी

**भवनाथपुर।** झारखंड सरकार के तत्वावधान में संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के अंतर्गत भवनाथपुर ब्लॉक में 3:15 करोड़ का प्रोजेक्ट शुरू हुआ है। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद एवं प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ निहाल ओझा ने फार्म का जायजा लिया। जिला कृषी पदाधिकारी ने कहा कि यहां पर इस पाठशाला से किसानों को काफी लाभ पहुंचेगा साथ ही साथ वह यहां से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठा सकेंगे और भी तमाम जानकारियां प्राप्त होगी। फार्म हाउस का पूरा भ्रमण करके उन्होंने देखा कि कैसे इस योजना को यहां पर बिठाया जा सकता है और यहां के आसपास के सम्मानित किसानों को कैसे लाभ कराया जा सकता है। ताकि उन किसानों की कम लागत में ज्यादा मुनाफा हो सके और साथ ही साथ हमारे किसान विकासशील किसान बन सके। प्रोजेक्ट मैनेजर ने कहा कि इस पाठशाला से किसानों को काफी मदद मिलेगी और वैज्ञानिक ढंग से खेती करके आगे बढ़ाने में सहायता मिलेगी। मुर्गी पालन बकरी पालन गौपालन एवं सूअर पालन के बारे में भी बताया गया। इस मौके पर कृषि पदाधिकारी शिव शंकर प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर डॉ. निहाल ओझा, प्रोजेक्ट कंसलटेंट विवेक मिश्रा, सौरभ सिंह, कोऑर्डिनेटर ब्रिजेश पासवान, यशवंत राम, राहुल रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे।

### घायलों से मिलने पहुंचे विधायक

**विशुनपुरा।** बीजेपी विधायक भानुप्रताप साही ने जमीन विवाद एवं एक व्यवसायी के साथ में हुई पतिहारी पिपरी गांव, विशुनपुरा में मारपीट की घटना को लेकर काफी रोष व्यक्त किया है। उन्होंने सामंतवादी विचार धारा फिर से लौटने का आरोप लगाया है। विधायक भानु प्रताप शाही मंगलवार की शाम जमीन विवाद में हुई मारपीट से घायल पिपरी खुर्द निवासी इंद्रजीत ठाकुर के घर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। पतिहारी गांव के छकौड़ी ठाकुर व विशुनपुरा के व्यवसायी अजीत कुमार गुप्ता के परिजनों से भी मारपीट के घटना की जानकारी लिया। इन सभी घटनाओं को लेकर विधायक भानुप्रताप शाही ने विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल सिंह से जानकारी लिया। उन्होंने अविलंब इन तीनों मामले में आरोपी को पकड़ कर जेल भेजने की बात कही है। उसके बाद उन्होंने बंशीधर नगर एसडीपीओ से घटना के विरोध में आरोपी पर अविलंब कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से संविधान का हनन किया जा रहा है। पुलिस मुक दर्शक बन कर देख रही है। गौरतलब है कि एक सप्ताह के अंदर कार्रवाई नही हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, झामुमो के लोग गरीबों के साथ दिन दहाड़े मार पीट कर हाथ पैर तोड़ते चल रहे हैं। झामुमो की सरकार में गरीबों के साथ अन्याय किया जा रहा है। संविधान में सभी गरीबों को अपनी आवाज उठाने का पूरा अधिकार दिया गया है। लेकिन सामंतवादी विचार धारा के लोग गरीबों के आवाज को कुचलने का कार्य कर रहे हैं। पूर्व विधायक व दीपक प्रताप देव लोगों को जमीन देकर फिर से जमीन को लूटने का कार्य कर रहे है और इनके सहयोगी उन गरीबों को मारपीट कर कुचलने का कार्य कर रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि गढ़ परिवार ने एक जमीन पर तीन तीन बार पैसा लिया है। इस पर विधायक ने कहा कि इस तरह के दर्जनों घटनाएं घटी है। इसके पूर्व विशुनपुरा में जमीन विवाद को लेकर गढ़ परिवार से मारपीट की घटना में ग्रामीणों से झड़प भी हुई है।

### कुआं से निकल रहे जहरीले गैस से एक की मौत

**केतार।** प्रखंड के लोहरगाडा.गांव में कुआं से निकल रहे जहरीले गैस से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 55 वर्षीय अखिलेश्वर चौधरी अपने घर के पास पुराने कुआं में चापानल का पाईप लगाने के लिए उतरे थे। लेकिन कुआं से निकल रहे जहरीले गैस से वो बेहोश हो गये। अखिलेश्वर चौधरी को बचाने गये कृष्णा चौधरी भी कुआं में जाकर बेहोश हो गये। मुखिया प्रतिनिधि सिताराम शर्मा और रामाकांत भारती ने सूझबूझ से रस्सी के सहारे कुआं में पंखा लगाकर कृष्णा चौधरी और अखिलेश्वर चौधरी को ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकाला गया। इस घटना में अखिलेश्वर चौधरी की मौत हो गई। घटना के पश्चात हरिहरपुर ओपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा दिया है।

### पर्यावरण जागरूकता के लिए पौधरोपण किया

**हरिहरपुर।** स्थानीय मवि के प्रांगण में पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सारथी सोसाइटी की ओर से वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन व संचालन सारथी सोसाइटी के प्रशिक्षु और यूपीईएस देहरादून के छात्र दिव्यांश राजपूत ने प्रभारी प्रधानाद्यापक किशोर कुमार के मार्गदर्शन में किया। अभियान में शिक्षकों और छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भागीदारी में शरीक हुए। विद्यालय परिसर के चारों ओर विभिन्न प्रकार के फलदार और इमारती पौधे और फूल लगाए। सहायक अध्यापक अखिलेश सिंह, चंदन सिंह, सत्यनारायण शर्मा, कृष्णा साहू, ज्योति देवी, दीपक सिंह, साकेत सिंह और कम्प्यूटर शिक्षक सूर्य प्रकाश भी इस आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल हो कर वृक्षारोपण किया। जिससे प्रतिभागियों के बीच सहयोगात्मक भावना को बढ़ावा मिला। रोपण गतिविधियों के बाद पर्यावरण प्रदूषण को रोकने, पर्यावरण संतुलन बनाये रखने व पर्यावरण से जुड़े विविध विषयों पर ड्राइंग व क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कई छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण पर अपनी रचनात्मकता और विचार व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। विद्यार्थियों ने कई जीवंत कलाकृति ने ग्रह की रक्षा के प्रति उनकी समझ और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। उक्त आयोजन पर्यावरण संरक्षण पर सफलता कार्यक्रम रहा। जिसने समुदाय के भीतर टीम वर्क और पर्यावरण प्रबंधन की भावना को बढ़ावा दिया। सारथी सोसायटी स्वस्थ भविष्य के लिए हरियाली और टिकाऊ प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों का नेतृत्व करना जारी रखती है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक व कई लोग मौजूद थे।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित

**बड़गड़।** प्रखंड अन्तर्गत परसवार गांव के पीपल पेड़ चबूतरा के पास बुधवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य,बुथ अध्यक्ष एवं मंडल में निवास करने वाले जिला कार्यसमिति सदस्य सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। कार्यसमिति कि बैठक को ले कर आयोजित सभा में बतौर अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। मंडल के भाजपा कार्यकताओं ने अध्यक्ष बजरंग प्रसाद के? नेतृत्व में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया। इस मौके पर विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से विजई दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं ? उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में पुनः एक बार मजबूति के साथ भाजपा प्रत्याशी के रूप में भारी बहुमत दे कर मुझे पुनः विधायक के रूप में चुनेंगे। ताकि आपकी आवाज बन कर मैं विधानसभा में खडा.रह सकु। विधायक ने अपने दस वर्षों के कार्यकाल कि उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बड़गड़ प्रखंड वासियों का चिर प्रतीक्षित मांग छत्तीसगढ़ राज्य से जोड़ने वाली उगरा गांव स्थित कनहर नदी पर 11 करोड़ की लागत से बनने वाली उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति देकर निर्माण कार्य चालू कराया गया है। इसके साथ है सुदूर जंगली क्षेत्र तक अच्छी पक्की सड़क तथा कई पुल पुलियों का निर्माण कराया गया है ताकि हमारे विधानसभा क्षेत्र की जनता को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। उन्होंने कहा कि हम जिन योजनाओं का शिलान्यास करते हैं इसका उद्घाटन भी खुद ही करते हैं। विधायक ने कार्यक्रम के दौरान वर्तमान सरकार पर निशाना चाहते हुए कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है।

## एक नजर

### 66 किसानों के बीच मक्का का बीज वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बारियातु के 66 किसानों के किसानों के बीच बुधवार को मक्का बीज का वितरण किया गया मक्का बीज का वितरण मुखिया डेगन गंझू,बीटीएम अमरेंद्र पांडेय,एटीएम दीनदयाल प्रसाद के द्वारा किया गया। बताया गया कि किसानों के बीच कृषि विभाग द्वारा उन्नत मक्का बीज वितरण किया गया है।वहीं दूसरी तरफ किसानों ने कहा कि अधिकतर किसान मक्का की फसल लगा चुके हैं।मक्का फसल लगाने के बाद विभाग द्वारा बीज का वितरण किया जा रहा है।

### मुखिया संघ की बैठक में कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा

**चंदवा।** बुधवार को चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय में मुखिया संघ की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू मुंडा ने की। बैठक में प्रखंड में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर तेजी लाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही पंचायत के ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निदान कराने की चर्चा हुई। बैठक में मुखिया रंजीता एक्का, संगीता लकड़ा, शकुंतला देवी, पुष्पा देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, ललिता देवी, बिफई मुंडा और सुनीता खलखो मौजूद थी।

### पोक्सो एक्ट में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तिहार

**बारियातू।** पोक्सो एक्ट के फरार अभियुक्त सोनू कुमार सिंह पिता अजय सिंह, ग्राम जबरा थाना बारियातू, निवासी के घर पुलिस विधि संगत इश्तिहार चिपकाया। इश्तिहार चिपकाने गए बालूमाथ थाना के पुअनि विकास कुमार व बारियातू थाना के सअनि बालेश्वर गंझु ने बताया कि उपरोक्त प्रसंग के सम्बन्ध में सादर सूचित करना है कि प्रसांगिक कांड के प्राथमिकी अभियुक्त सोनू कुमार सिंह, पिता अजय सिंह का माननीय न्यायलय द्वारा इश्तिहार शामिल किया गया है।

### भाजपा नेता नें गारू व सरयू प्रखंड में चुनावी जनसम्पर्क किया

**लातेहार।** भाजपा के संभावित उम्मीदवार सह मनिका पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह नें मनिका विधानसभा क्षेत्र सरयू और गारू प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसम्पर्क कर ग्रामीणों से आशीर्वाद लिया। बलवंत का काफिला सरयू, कोटाम, करवाई, गारू होते हुए बारेसांढ़ पहुंचा। बलवंत सिंह नें बताया कि भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी में सबसे ज्यादा चर्चा उनका ही हो रहा है। जिला परिषद सदस्य के रूप में उनके द्वारा किये गए कार्य नें जिला में मिसाल प्रस्तुत किया है। गारू प्रखंड में ग्रामीणों नें उनका जोरदार स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद थे।

---

जिप सदस्य ने बालूमाथ सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

# अस्पताल की हालत खास्ता चिकित्सकों की कमी पर चिंता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** बुधवार को बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी ने बालूमाथ सीएचसी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीएचसी प्रभारी प्रकाश बड़ाइक से मिल क्षेत्र से मिली शिकायत के बारे में बात की। कहा कि एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी से रेबीज का इंजेक्शन दिलवाया जा रहा है। ड्यूटी में उपस्थित कुछ डॉक्टरों के द्वारा हॉस्पिटल में दवा उपलब्ध होने के बावजूद बाहरी दवाओं को पर्ची पे लिखे जाने का आरोप लगाया गया। जांच के दौरान बड़ा बाबू संजीत कुमार हॉस्पिटल से गायब पाए गए। अस्पताल में प्रबंधन का घोर कमियां पाई गई। साथ ही साथ डॉक्टरों की कमी को देखते हुए प्रियंका कुमारी ने कहा कि इस बात को वरीय अधिकारियों से बात कर कमी को दूर करने का प्रयाश किया जाएगा। हॉस्पिटल में मुख्य रूप से एक साइलेंट जेनरेटर की मांग को देखते हुए अपनी बात को उपायुक्त महोदय तक पहुंचने की बात कही।मौके ओर भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने हॉस्पिटल की जर्जर हालत को देखते हुए विभाग से मरम्मत्ती करवाने के साथ रंग पेंट करवा का हॉस्पिटल परिसर को साफ सफाई एवं स्वच्छ बनाने को लेकर वरीय अधिकारियों से मांग की। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे डॉ अलीशा टोप्पो डॉ सुरेन्द्र कुमार डॉ ध्रुव सत्य महतो मिथलेश राम मो गुलाम नर्स जयरानी सहित हॉस्पिटल के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।



### आइटी विभाग की कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में मचा हड़कंप

**टंडवा (चतरा)।** सीसीएल व एनटीपीसी जैसे महारत्न कंपनियों की स्थापना से टंडवा में आर्थिक कारोबार वैध-अवैध जहां तेजी से पनपा है वहीं इन दिनों तमाम गतिविधियों पर जांच एजेंसियों की पैनी नजरें टिकी है। विश्वस्त सूत्रों की मानें तो मंगलवार दोपहर को आइटी विभाग द्वारा अन्य जांच एजेंसियों से इनपुट पाकर अचानक एक नामचीन होटल में धावा बोलते हीं पूरी तरह से अफरातफरी मचा रहा। वहीं कुछ अन्य व्यवसायियों के दरवाजों पर भी दस्तक दिये जाने की सूचना है जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि जांच अधिकारियों ने इस दरम्यान घंटों मशक्कत करते हुवे चप्पे-चप्पे को खंगाले जिसके बदौलत हासिल हुए कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों को विश्लेषण हेतु अपने साथ ले गये हैं।

## न्यूज बॉक्स

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कामता पंचायत के ग्राम हिसरी के पाहन टोली में बंधन भुइंया ने अपनी पत्नी ललीता देवी को मारपीट कर घायल कर दिया। ललीता देवी गंभीर अवस्था में अस्पताल में इलाजरत है। सीएचसी में ईलाज करा रही ललीता देवी ने बताया कि मेरे चरित्र पर मेरे पति हमेशा शक करते है और इस बात को लेकर हमेशा मेरे साथ मारपीट करते आ रहे हैं। बीते रात्रि भी मेरे पति बंधन उरांव मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस की मदद से महिला को ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जंहा डॉक्टर कंचन बाड़ा व डॉक्टर मनोज कुमार की देख रेख में महिला का उपचार चल रहा है। ललीता देवी ने बताया कि हमारे दो पुत्र और दो पुत्री हैं। मै और मेरे ससुर बिगन भुइंया दुसरे राज्य के ईट भट्ठा मे काम करते हैं। मै और मेरे ससुर द्वारा कमाकर लाए गए पैसे भी मेरे पति बंधन भुइंया ने ले लिये इसके बाद भी वह अत्याचार करता है। सूचना मिलने पर कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान गांव जाकर मामले की जानकारी ली, अस्पताल पहुंचकर पिड़िता का हाल जाना डॉ से स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। चिकित्सकों ने बताया कि फिलहाल घायल महिला खतरे से बाहर है। मारपीट की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छान बीन में जुटी हुई है।

### नि:शुल्क साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर

**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रोजेक्ट विद्यालय महुआडांड़ परिसर में प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से आए कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे की उपस्थिति में निशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के चेहरे पर साइकिल मिलने की खुशी साफ झलक रही थी। छात्रों का कहना था की साइकिल मिलने से अब उन्हें आने-जाने में ज्यादा समय बर्बाद नहीं करना पड़ेगा। पहले हमें विद्यालय तक पहुंचने के लिए समय से घंटों पहले घर से निकल जाना पड़ता था। और छुट्टी के बाद भी घर पहुंचने में काफी देर हो जाती थी। जिसके कारण घर में पढ़ाई नहीं हो पाती थी।इस अतिरिक्त समय में वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकेंगे। मौके पर उपस्थित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने बताया की प्रखंड के 1050 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण करना है। अभी तक 800 साइकिलें असेम्बल की जा चुकी है। जिन्हें छात्र-छात्राओं के बीच बांटा जा रहा है। बाकी की साइकिल भी जल्द छात्रों को उपलब्ध करा दी जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंन डांग, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी घनश्याम चौबे, प्रोजेक्ट विद्यालय प्रभारी शिक्षिका माधुरी किरण, शिक्षक पंकज कुमार, अमित समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### किसान नेता प्रमोद साहु ने सुखाड़ के सवाल पर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** अखिल भारतीय किसान सभा के प्रमोद कुमार साहू ने लातेहार जिले में संभावित सुखाड़ के सवाल को लेकर उपायुक्त गरिमा सिंह को एक ज्ञापन सौंपा है। साहु ने लातेहार जिले को सुखाड़ क्षेत्र घोषित कर बचाव व राहत कार्य शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अब तक जिले में काफी कम वर्षा दर्ज की गई है। किसान पानी के आभाव में धान का बीड़ा नहीं कर पाए है। कुछ किसान किसी तरह बीड़ा किए भी हैं तो वह सूखने के कगार पर है। जुलाई के अंत में या अगस्त के पहले सप्ताह में वर्षा नहीं होती है तो पूर्ण रूप से जिले में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। खेती के अभाव में क्षेत्र में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। ऐसी स्थिति को देखते हुए यहां के किसान मजदूरी करने के लिए अन्य राज्यों में पलायन करने को विवश हो जाएंगे। बारिश कम होने की वजह से कुआ, तालाब, नदी नाला भी सूखने के कगार पर है। जिससे पेयजल संकट उत्पन्न होने की भी संभावना है। ईधर करोड़ो रुपए की लागत से संचालित नल जल योजना भी बेकार साबित हो चुका है जिसकी जांच होनी चाहिए।

### संवेदकों ने सीसीएल के विकास कार्यों में भागीदारी के लिए की बैठक

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मगध विस्थापित संवेदकों ने आरा ग्राम स्थित अनंन्या होटल में सतनारायण साहू के अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में दर्जनों विस्थापित संवेदक उपस्थित हुए और विस्थापित संवेदकों ने रोजगार कैसे मिले आदि विषयों पर चर्चा किया। संवेदकों ने एक स्वर में कहा कि हम मगध विस्थापित भू रैयत हैं। माइंस के लिए हमने अपनी जमीन दी हैं। इसलिए इस क्षेत्र में विकास योजनाओं को करने के लिए भी पहली प्राथमिकता हमें मिलनी चाहिए। जिसको सुनिश्चित करने के लिए हमें सीसीएल मैनेजमेंट से बैठक करने का निर्णय लिया गया। सीसीएल मैनेजमेंट को कहा आवेदन देकर उनसे विकास योजनाओं में भागीदारी के लिए प्राथमिकता देने की आग्रह किया जाएगा।

---

वाहन टक्कर में मौत हुए चालक के शव घर पहुंचे

## जिप सदस्य ने परिजनों को बंधाया ढाढ़स



**बारियातू।** डाढ़ा पंचायत के डुमरा ग्राम निवासी लालसहाय उरांव के पुत्र रविंद्र उरांव वाहन चालक की वाहन टक्कर मे मौत के बाद शव घर पहुँचते ही जिला परिषद सदस्य रमेश राम मृतक के घर पहुंचे। मंगलवार को सेरेगड्डा संवासार मे ट्रेलर और हाइवा मे टक्कर हो गई थी जिससे गंभीर रूप से घायल चालक रविन्द्र उरांव की मौत हो गई। जिप सदस्य रमेश राम ने मृतक के पत्नी रीता देवी व तीन बच्चों सहित परिजनों से मुलाकात कर दुख की घड़ी मे ढाढ़स बंधाया। वहीं जिप सदस्य रमेश ने बताया की लालसहाय मेरा मित्र था। उनके पुत्र रविंद्र उरांव हाइवा वाहन चालक थे। सीसीएल कोलयरी मे हाइवा वाहन चलाते थे। वाहन चलाने के क्रम मे सेरेगड्डा संवासार से आसपास हाइवा व ट्रेलर दो वाहनों के बीच टक्कर हो गई जिससे रविंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बालूमाथ मे प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए हुए रिम्स रेफर कर दिया गया था। लेकिन रविंद्र की मौत हो गई। वही जिप सदस्य नें परिजनों को सरकारी लाभ दिलाने मे हर संभव मदद करने की बात कही।

### सड़क किनारे बन रहे गार्डवाल को अज्ञात ग्रामीणों ने किया ध्वस्त



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के पेक्सा बारिसाखी श्मशान घाट तक 2.1 किलोमीटर सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत की जा रही है। सड़क निर्माण 2.54 करोड़ की लागत से होना है। संवेदक निर्मल कुमार साव द्वारा सड़क निर्माण काफी तेजी गति से की जा रही है वहीं दूसरी तरफ बारिसाखी नदी के समीप करीब 50 फीट तक बना गार्डवाल अज्ञात ग्रामीणों द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। जिससे संवेदक को करीब डेढ़ लाख रुपए नुकसान होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।बताया जाता है कुछ ग्रामीण निजी जमीन बता रहे है। परंतु संवेदक ने बताया कि सड़क सरकारी जमीन में बनाया जा रहा है।

## पैसे ट्रांसफर करने के नाम पर आधा दर्जन लोगों के खाते से लाखों रुपए की ठगी

**- अपराधी आंगनबाड़ी व बाल विकास परियोजना का बताता है कर्मी**

**- भुक्तभोगियों ने ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के आधा दर्जन लोग हुए साइबर ठगी का शिकार मातृ जननी योजना के तहत फोन पे पर पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर प्रखंड के आधार दर्जन लोगों से लाखों रुपए की ठगीं की मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि साइबर अपराधी 8294698872 नंबर से मातृ जननी योजना के लाभुकों के पास फोन कर अपने आप को आंगनबाड़ी अर्थात बाल विकास परियोजना विभाग का स्टाफ बताता है। बोलता है कि आपकी पत्नी का सरकारी अस्पताल में प्रसव हुआ था। इसके एवज में आपका मातृ जननी योजना के तहत 6000 रुपया स्वीकृत हुआ है। परंतु आपके खाते में नहीं जा रहा है। वैसे में लाभुक से अपराधी फोन पे नंबर की मांग करता है। और पैसा उसके नंबर पर जाने की बात कह बैलेंस चेक करने को कहता है। लाभुक जैसे ही बैलेंस चेक करता है। वैसे ही उसके खाता से सारे पैसे ट्रांसफर हो जाता है। बताया जाता की पिंडारकोण गांव के विनोद गुप्ता के खाते से 78000, मनजीत पंडित के खाते से 20000, संतोष गुप्ता के खाते से 10000, अजय यादव के खाते से 20000, मनोज यादव के खाते से 15000 एवं एक अन्य व्यक्ति के खाते से 20000 रुपए की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। सभी भुक्तभोगियों ने ऑनलाइन प्राथमिक की दर्ज कराई है।

## नाबालिग के साथ मारपीट पुलिस से मदद की लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** शहर के मेन रोड निवासी अंकित कुमार उम्र 16 वर्ष पिता स्व ओम प्रसाद साहू ने अपने ऊपर मारपीट एवं धारदार चाकू से हमला कर घायल करने के मामले को लेकर थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि 23 जुलाई शाम लगभग 4:00 बजे मैं अपने विद्यालय प्लस टू उच्च विद्यालय से निकल रहा था। इसी दौरान विद्यालय के बाहर लगभग 17 से 18 लड़कों के झुंड ने मेरे दोस्त नमन सिंह पिता अजीत सिंह पर हमला कर दिया। इसके बाद मैं अंकित कुमार बीच बचाव करने गया इस दौरान, चंदन यादव, प्रिंस ठाकुर, नवीन ठाकुर पता धर्मपुर बुनियादी स्कूल, अतुल कुमार, अनुज गुप्ता, हरिओम पांडे, हर्ष कुमार, नवल गुप्ता, सिद्धार्थ गुप्ता, नंदन यादव, रोशन कुमार समेत कई लोगो ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे मेरे सर में गंभीर चोटें आई है। अंकित ने थाना प्रभारी से कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

## अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जालिम खुर्द पंचायत के ग्राम गोवा के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने एवं सड़क की मांग को लेकर बुधवार को सैंकड़ों ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में लिखा है कि गोवा मॉडल डिग्री कालेज में चारदिवारी का निर्माण कराया जा रहा है। जहां हमलोगों को कृषि कार्य के लिए घर से खेतों में जाने वाले रास्ते को बंद कर दिया गया है। अगर अभी समय रहते हमलोगों के लिए रास्ता नहीं दिया गया तो आगे चलकर बहुत बड़ी दिक्कतों की सामना करना पड़ेगा। इसलिए हम सभी ग्रामीणों का मांग है कि 10 फुट का रास्ता छोड़कर ही चारदिवारी का निर्माण हो। उपायुक्त को आवेदन देकर आगे यह भी अवगत कराया है कि कॉलेज के बगल में कॉलेज का ही सरकारी जमीन में कुछ लोगों के द्वारा घर बनाकर जमीन को अवैध रूप से कब्जा कर अतिक्रमण किया गया है। जिसे मकान को तोड़कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। दिये गये आवेदन में रिता देवी एवं मालती देवी वार्ड सदस्य सहित विरजू सिंह, बिफई सिंह, सुरजीत सिंह, वकील सिंह, धनंजय सिंह, राजा कुमार, ओमप्रकाश कुमार, जलेंद्र सिंह, अशोक कुमार, रोशन सिंह, विशाल कुमार, मुना कुमार सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीणों का हस्ताक्षर अंकित है।

## झारखंड में लूट की सरकार से जनता त्राहिमाम कर रही है : अमित पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड में आजसु प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार की अध्यक्षता में आजसू पार्टी कि बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय केंद्रीय सदस्य राकेश सिंह उपस्थित हुए। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी के विस्तार को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा की वर्तमान की झारखंड सरकार 5 साल अपने लूट के कार्यकाल को खत्म करने वाली है जनता त्राहिमाम कर रही है। आजसु पार्टी उनके झूठे वादे एवं इनकी कथनी और करनी को जनता के समक्ष रखेगी, और उनके लूट तंत्र का पदार्फाश करेगी।

मौके पर प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार ने कहा कि मनिका प्रखंड के अंचल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। बिना पैसा दिए कोई काम नहीं हो रहा है। हम गांव-गांव में जनसंपर्क कर के एक बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। ताकि आम लोगों की समस्या का समाधान हो सके। मौके पर छात्र संघ जिला अध्यक्ष अभिजीत सोनू, जिला समिति सदस्य विकास साहू, प्रखंड अध्यक्ष नंदन कुमार, प्रखण्ड सचिव धनंजय तिवारी, नागेंद्र सिंह, आशीष कुमार यादव, आनंद कुमार, मोहम्मद रफीक अंसारी ,गफ्फार अंसारी, मुरारी सिंह, नंदकिशोर यादव, सुरेंद्र उरांव, हेमंत कुमार सिंह, सुखदेव नायक, अरुण नायक, रोशन कुमार, सुनील ठाकुर, शिव शंकर नायक, मंटू नायक, सरजू सिंह, समेत कई लोग उपस्थित थे।

प्रखंड के मतदाताओं के लिए नाम जांचो अभियान आज से

## संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य में मतदाता बढ़चढ़ कर भाग लें : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड सभागार में बुधवार को मतदाता सूची प्रकाशन पूर्व सुधार के लिए बीडीओ मनीष कुमार ने विभिन्न पार्टी के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। इस दौरान बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों से मृत एवं बाहर रहने वाले मतदाताओं को चिन्हित करने व छुटे हुए मतदाताओं का नाम जुडवाने को लेकर सहयोग करने को कहा। ताकि कोई भी योग्य मतदाता छुट नहीं सके। इसके अलावा बीडीओ ने बताया कि मतदाताओं के लिए आगामी 25 जुलाई को पूरे प्रखंड में नाम जांचो अभियान चलाया जायेगा। उक्त तिथि को यह अभियान एक घंटे तक दोपहर 12 बजे से लेकर अपराह्न 01 बजे तक चलेगा। इस दौरान मतदाता वोटर हेल्पलाइन एप या मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के वेबसाईट https://ceo.jharkhand.gov.in या वोटर सर्विस पोर्टल https://voters.eci.gov.in के माध्यम से मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर सकते हैं। प्रखंड निर्वाचि पदाधिकारी मनीष कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का संचालन हो रहा है। इसी के तहत आगामी 25 जुलाई को मतदाता सूची का प्ररूप प्रकाशित किया जाएगा। किसी भी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होने से ना छूटे इसके लिए हैशटैग नाम जांचों अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से हैशटैग नाम जांचों अभियान चलाया जाएगा। प्रखंड निर्वाचि पदाधिकारी सह बीडीओ ने हैशटैग नाम जांचों अभियान को सफल बनाने को कहा है। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों एवं प्रखंड के मतदाताओं से भी अपील किया है कि मतदाता अपने मतदान केंद्र पर जाकर मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित में अपने नाम का जांच कर लें। प्रखंड के सभी मतदाता आयोजित होने वाले इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और कार्यक्रम को सफल बनाएं।आगामी 25 जुलाई को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर प्रारूप प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति एवं प्रपत्र छह, सात व आठ के साथ बीएलओ उपस्थित रहेंगे। इस बाबत सभी बीएलओ को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिया गया है। मतदान केंद्रों पर उक्त तिथि को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) आम जनों को अभियान के संबंध में जानकारी देंगे। साथ ही मतदाता सूची में पंजीकरण आदि हेतु भरा हुआ प्रपत्र प्राप्त करेंगे।



### एनआईए की टीम ने चंदवा में की छापेमारी

**चंदवा।** बुधवार को एनआईए की टीम ने लातेहार जिले के चंदवा व मैकलुस्कीगंज में चार ठिकानों पर छापामारी की है। एनआईए की एक टीम बुधवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे चंदवा-मैकलुस्कीगंज सीमाने पर स्थित व्यवसायी रोहित यादव के एक ईंट भट्ठे के साथ साथ निंद्रा व मैकलुस्कीगंज स्थित उनके आवास पर काफी देर तक जांच पड़ताल की। सूचना है कि मैकलुस्कीगंज में एक अन्य ठेकेदार के घर में भी एनआईए द्वारा छापेमारी की गई है। जांच के बाद टीम वापस लौट गई। इस दौरान भट्ठे व घर के आसपास काफी संख्या में सुरक्षाबल तैनात थे। हालांकि जांच पड़ताल किस मामले में हुई है व एनआईए की टीम को क्या कुछ हाथ लगा है। इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इधर एनआईए की टीम की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**RTE अंतर्गत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में रिक्त सीटों पर नामांकन संबंधी आम सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक–4836 दिनांक–22.12.2023 के आलोक में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत गढ़वा जिले के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उनके प्रथम कक्षा के क्षमता का 25 प्रतिशत सीट पर पास–पड़ोस (क्रमशः 01 कि0मी0, 03 कि0मी0 अंततः 06 कि0मी0 की सीमा) के अभिवंचित समूह एवं कमजोर वर्ग के बच्चों का ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से निः शुल्क नामांकन कराते हुए कक्षा–8 तक की शिक्षा पूर्ण करानी है। इसके एवज में निजी विद्यालयों को सरकार द्वारा निर्धारित शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जायेगा। ऑनलाईन नामांकन हेतु तैयार कराई गई पोर्टल https://rtegarhwa.in के माध्यम से प्रथम चरण में 162 सीटों पर नामांकन हेतु अनुमोदित सूची प्रखण्डों को भेजे जाने के उपरान्त अभी भी 190 सीट रिक्त है। इच्छुक अभिभावक विद्यालय से समन्वय स्थापित कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन के साथ संबंधित दस्तावेज भी अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि नामांकन संबंधी पास–पड़ोस के दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, मनरेगा जॉबकार्ड, राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल, निवास प्रमाण पत्र जिसमें उनका नाम व आवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। अभिवंचित वर्ग हेतु– (i) उपायुक्त/अनुमण्डल पदाधिकारी/अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र (ii) निःशक्त बच्चे हेतु सरकारी अस्पताल का चिकित्सा प्रमाण पत्र (iii) अनाथ बच्चो के लिए अंचलाधिकारी/मुखिया/वार्ड कमिश्नर/पार्षद द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र मान्य होगा। वैसे बच्चे जिनके परिवार का सभी स्रोतों से वार्षिक आय 72000 रूपये से कम हो तथा बच्चे का उम्र पाँच वर्ष छः माह से अधिक एवं सात वर्ष से कम होगी, नामांकन के योग्य होंगे। जन्म तिथि के प्रमाण के रुप में– जन्म प्रमाण पत्र, आँगनबाड़ी अभिलेख, अस्पताल/सहायक नर्स/ए0एन0एम0 रजिस्टर अभिलेख, माता–पिता/अभिभावक का स्व–घोषणा पत्र मान्य होगा। उम्र की गणना दिनांक–31.03.2024 के आधार पर किया जाएगा। विद्यालयवार 25 प्रतिशत कोटा के तहत निर्धारित सीट एवं रिक्त सीटों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम एवं पता | प्रखण्ड | कक्षा 01 की क्षमता | 25 प्रतिशत कोटा के तहत निर्धारित सीट | रिक्त सीट |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.के.डी. पब्लिक स्कूल, नवादा मोड़, गढ़वा | गढ़वा | 120 | 30 | 03 |
| 2 | जी0एन0 कॉन्वेन्ट स्कूल | गढ़वा | 40 | 10 | 09 |
| 3 | साउथ प्वाईंट पब्लिक स्कूल, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 08 |
| 4 | ब्राईट फ्यूचर स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 09 |
| 5 | बी0पी0डी0ए0भी0 पब्लिक स्कूल, फरठिया, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 6 | ए0आर0डी0 पब्लिक स्कूल, नहर रोड, विशुनपुर, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 01 |
| 7 | जेम्स मिशन स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा (नियर रेलवे स्टेशन) | गढ़वा | 40 | 10 | 10 |
| 8 | कौटिल्य विद्यालय, खजुरी, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 05 |
| 9 | जे0पी0एस0 सेन्ट्रल स्कूल, पटेल नगर, दीपवां, गढ़वा | गढ़वा | 60 | 15 | 10 |
| 10 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, सोनपुरवा, गढ़वा | गढ़वा | 80 | 20 | 17 |
| 11 | ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, टंड़वा, गढ़वा | गढ़वा | 40 | 10 | 04 |
| 12 | एस0जी0एन0 मॉडर्न किन्डर गार्टेन, मेराल | मेराल | 80 | 20 | 06 |
| 13 | एस0डी0 मेमोरियल एकेडमी, मेराल | मेराल | 50 | 12 | 04 |
| 14 | एन0पी0एस0गुरूकुलम स्कूल, गढ़वा | मेराल | 39 | 10 | 10 |
| 15 | अपग्रेडेड नर्सरी इंग्लिस स्कूल, बुका, भवनाथपुर | भवनाथपुर | 40 | 10 | 06 |
| 16 | होलीफेथ पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 | 01 |
| 17 | सृजन पब्लिक स्कूल, डंडई | डंडई | 80 | 20 | 05 |
| 18 | आर0के0 पब्लिक, बंशीधर नगर उँटारी | नगर उँटारी | 40 | 10 | 10 |
| 19 | एम.के. इंटरनेशनल स्कूल, नगर उँटारी | नगर उँटारी | 48 | 12 | 12 |
| 20 | आर0के0 पब्लिक स्कूल, उंचरी मझिऑव | मझिऑव | 100 | 25 | 25 |
| 21 | ब्राईट स्टार पब्लिक स्कूल, बिरबल, सगमा | सगमा | 120 | 30 | 25 |
| | कुल– | | 1257 | 314 | 190 |

इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि अपने पाल्य के नामांकन हेतु उसी विद्यालय के लिए ऑनलाईन आवेदन करेंगे जो उनके पास–पड़ोस में अवस्थित है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित विद्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। जिले के उक्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु निम्नवत् तिथि निर्धारित है:–

| क्र.सं. | गतिविधि | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन आवेदन की तिथि – | 22.07.2024 – 05.08.2024 |
| 2 | संबंधित BEEO/BPO/BPM द्वारा सत्यापन की अंतिम तिथि – | 09.08.2024 |
| 3 | जिला स्तर पर गठित कमिटि द्वारा अनुमोदन की अंतिम तिथि – | 11.08.2024 |
| 4 | द्वितीय चरण के नामांकन की अंतिम तिथि – | 14.08.2024 |

अतएव जिले के सभी आमजनों से अनुरोध है कि सरकार के इस महत्वपूर्ण योजना के तहत बच्चों के निःशुल्क शिक्षा हेतु ऑनलाईन नामांकन के लिए अधिकाधिक व्यक्तियों को प्रेरित करेंगे।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

उपायुक्त,
गढ़वा।

PR 330623 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

## एक नजर

### बिजली चोरी के खिलाफ चला छापेमारी अभियान



**कैरो/लोहरदगा।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कुडू के सहायक विद्युत अभियंता मो जीशान अहमद के नेतृत्व में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। बुधवार को थाना क्षेत्र के गुड़ी पंचायत में अवैध बिजली चोरी को लेकर सघन छापामारी की गई। इस दौरान विभाग द्वारा बकाया पर लाइन काटे जाने के बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले व एलटी लाइन में टोका लगाकर बिजली का उपयोग करते तीन लोग पकड़े गए। जिसमे लौरेंस खाखा पिता अब्रहम खाखा, अजय तिर्की पिता स्व सिमोन तिर्की, मोती साहू पिता भुनेश्वर साहू शामिल हैं। इस छापामारी दल में प्रखंड समन्वयक पंचायती राज कैरो प्रखंड सह प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी संजीव कुमार, मंजुल अंसारी, बैकुंठ सुक्ल सहित कैरो पीएसएस में कार्यरत लोग मौजूद थे।

### बिजली करंट लगने से युवक की मौत



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव में बिजली की चपेट में आने से भीठा गांव निवासी बुधराम उरांव के पुत्र सेटरे उरांव की मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया की भीठा गांव के दरहा चवरा में सिंचाई करने के लिए चाइना तार जमीन में बिछाया हुआ था। इसी दौरान सेटरे अपने खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान जमीन से गए एलटी तार की चपेट में आ गया। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालंकि घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने सेटरे उरांव को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इधर करंट लगने से युवक की मौत होने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

### सेन्हा में बारिश होने से किसानों के मन में खुशी



**सेन्हा-लोहरदगा।** मंगलवार को दिन भर रुक रुक कर झमाझम बारिश होने से किसानों का मन खुस हो गया। बारिश के बाद खेती किसानी के कार्य में तेजी आ गई है। पानी के अभाव में खेतों में खेत मे तैयार बिचड़ा खराब हो रहा था। मंगलवार को बारिश होने से किसान रोपनी का काम शुरू कर दिए हैं। टाड खेती में भी मडुवा, मकई, मूंगफली, उरद सहित अन्य फसलों की रोपाई की जा रही है। इस वर्ष समय से मानसून नही आने की वजह से बारिश नहीं होने के कारण किसानों के चेहरा उदास था। लेकिन मंगलवार को बारिश के बाद किसानों के चेहरे में हर्ष है।

### बाल कल्याण समिति ने भटके बालक को परिवार से मिलाया

**लोहरदगा।** मंगलवार की शाम को लगभग 7 वर्ष का एक बालक अपने स्कूल के हॉस्टल कल्हेपाट से दोपहर 2:00 बजे निकला था और अपने घर जाने के क्रम में भटककर बक्सीडीपा पहुंचा। वहां राष्ट्रीय नवीन मेल के पत्रकार राहुल कौशल ने बालक को देखकर अपने साथ रखा और इसकी सूचना बाल कल्याण समिति के सदस्य मनोरमा मिंज एवं एवं बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार को दिया। बाल कल्याण समिति के सदस्यों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए बालक को अपने संरक्षण में रखा। बालक से बाल कल्याण समिति सदस्यों के द्वारा पूछताछ की गई।

## गुमला जिले में सांप काटने की घटनाओं में हुई वृद्धि | प्रत्येक दिन तीन से चार व्यक्ति को डंस रहा है सांप

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के सुदूरग्रामीण क्षेत्रों से लगातार सांप डसने (काटने) की घटना में वृद्धि हो रही है। प्रतिदिन तीन से चार लोगों को सांप डंस रहा है। गुमला जिला अंतर्गत रायडीह - सुरसांग थाना स्थित सलकाया भीलवाडीह निवासी 23 वर्षीय निरामुनी देवी चांटु पहाड़ से दातुन पत्ता, रूगडा - पुटू आदि लाने गयी थी। इसी क्रम में एक ब्लैक कोबरा सांप ने पीछे से डंस लिया। फलस्वरूप उसकी स्थिति काफी गंभीर हो गई। बाद में उसे आनन-फानन में इलाज के लिये, रायडीह उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना गुमला सदर थाना स्थित डूमरडीह ग्राम में विरेन्द्र उरांव के 16 वर्षीय पुत्र विवेक उरांव अपने गांव के मैदान में फुटबॉल खेलने के बाद एक गड्ढे डोभा में पैर हाथ धोने गया। इसी क्रम में एक जहरीले सांप के काटने से उसकी स्थिति काफी गंभीर है। तीसरी घटना गुमला सदर थाना स्थित वृंदा ग्राम के गणेश बड़ाइक जो बेलचा से बालू उठा रहा था इसी क्रम में एक जहरीले करैयत सांप ने काट लिया।

### अरेया गांव में किशोर को जहरीले सांप ने काटा



**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड क्षेत्र के अरेया गांव में एक किशोर को जहरीले सांप ने काट लिया। आनन फानन में परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुचाया। जहाँ पर किशोर का इलाज चल रहा है। फिलहाल चिकित्सको ने उसे खतरे से बाहर बताया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को अपने खेत में काम करने गए किशोर प्रभात उरांव जहरीला सांप ने काट लिया। घायल प्रभात उरांव तत्काल भाग कर घर पहुंचा व अपने परिजनों को इसकी जानकारी दिया। तत्काल परिजनों ने उसे सदर अस्पताल पहुचाया। प्रभात उरांव के पिता ने बताया कि अपने खेत में काम करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान खेत के क्यारी में छुपा जहरीला सांप ने उसे काट लिया।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न, बोले उपायुक्त

# आज से 27 तक 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो बूंद पिलाई जाएगी

*मौसम में मच्छरों के कारण आम तौर पर मलेरिया एवं डेंगू की बीमारी देखने को मिल सकती है : सत्यार्थी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान उपायुक्त ने विभागवार संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सभी समस्याओं के समाधान पर विमर्श किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की गई। जिसमें सिविल सर्जन गुमला के द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आगामी योजनाओं से सभी को अवगत करवाया। उन्होंने जानकारी दी कि 25 से लेकर 27 जुलाई को जिले भर के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में बूथ लगते हुए पल्स पोलियो दिवस का आयोजन किया जाएगा। 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चों को पोलियो बूंद पिलाई जाएगी।



### योजना के सफल क्रियान्वयन का दिया गया निर्देश

जिला कल्याण विभाग अंतर्गत समीक्षा के क्रम में साइकिल डिस्ट्रीब्यूशन के कार्यों में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तेजी लाने का निर्देश दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत लाभुकों को अधिक से अधिक सहायता करने की भी बात कही गई। अबुआ आवास योजना की प्रगति की स्थिति को देखते हुए उपायुक्त ने बेहद ही नाराजगी व्यक्त की। एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कड़े रूप से इस योजना के सफल क्रियान्वयन में कार्य करने का निर्देश दिया गया। वैसे लाभुक जिन्हे योजना का लाभ मिला है परंतु उनके तरफ से आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ करने में विलम्ब किया जा रहा है या जिन्हे योजना का लाभ मिला है। परंतु वे उसका उपयोग आवास बनाने में नहीं कर रहे वैसे लाभुकों को चिन्हित करते हुए उनका अबुआ आवास योजना को रद्द करते हुए जरूरत मंद लाभुकों को उससे आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।

सिविल सर्जन गुमला ने इसके अलावा बारिश के इस मौसम को देखते हुए मच्छरों के बढ़ने की स्थिति को देखते हुए बैठक के माध्यम से जिले वासियों से डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारी से सतर्कता बरतने की अपील की। उन्होंने बताया कि इस मौसम में मच्छरों के कारण आम तौर पर मलेरिया एवं डेंगू की बीमारी देखने को मिल सकती है, मरीजों को शुरूआत में सामान्य बुखार जैसी स्थिति देखने को मिलेगी परंतु इसपर यदि ध्यान न दिया जाए तो यह गंभीर रूप ले सकती है। अतः यदि इस मौसम में जरा भी बुखार सा महसूस हो तो तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर डेंगू तथा मलेरिया की जांच कर ले एवं स्वयं को तथा अपने परिवार जनों को स्वास्थ्य बनाएं।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्प दंश की भी घटनाओं को देखते हुए सिविल सर्जन गुमला को प्रत्येक सीएचसी केंद्रों में सर्प दंश से बचाव हेतु दवाइयों का स्टॉक रखने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन गुमाल ने बताया कि जिले के सभी सीएचसी केंद्रों में प्रचुर मात्रा में सर्प दंश से बचाव हेतु दवाइयों को उपलब्ध करा दी गई है। एवं आम नागरिक सर्प के काटने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में आकर इलाज करवा सकते है।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गतगत महिलाओं के एएनसी चेकअप से संबंधित जानकारी ली साथ ही संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने तथा सभी गर्भवती महिलाओं को मातृ वंदना जा लाभ मिल सके इसके लिए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग एवं जिला समाज कल्याण विभाग को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए योजनाओं का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग को डिलीवरी के 10 दिनों के अंदर ही जिला समाज कल्याण विभाग को महिलाओं की जानकारी देने की बात कही ताकि उन्हें समय रहते मातृ वंदना योजना का लाभ दिया जा सकें।

जिला समाज कल्याण विभाग को समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर, आंगनवाड़ी केंद्रों, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना आदि की समीक्षा की। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को सभी योग्य छात्राओं को सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ मिले इसके लिए विद्यालय में ही सभी का फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया गया।

## आज 12 से 1 बजे तक सोशल मीडिया पर चलेगा 'नाम जांचों अभियान'

### अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि वर्तमान में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण, 2024 का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत 25 जुलाई 2024 को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन निर्धारित है। मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के उपरांत ऐसे में कोई भी नागरिक अपने बूथ पर जाकर बीएलओ से संपर्क कर या वोटर हेल्पलाईन मोबाईल एप पर या अपना एपिक कार्ड नंबर को 1950 पर एसएमएस कर अपना नाम मतदाता सूची में जांच सकते हैं। इस प्रक्रिया को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया पर 25 जुलाई 2024 को दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक (एक घंटा) हैशटैग के साथ नाम जांचो अभियान चलाया जाएगा। कोई भी नागरिक अगर अपना नाम जांच करते हैं तो इसे अपने सोशल मीडिया पर हैशटैग #NaamJancho के साथ अपलोड कर सकते हैं। साथ ही, इसे जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैण्डल को टैग किया जा सकता है। उक्त जानकारी अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दी।



#### कैसे जांच सकते हैं अपना नाम

- अपने बीएलओ से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।
- अपने मोबाईल पर वोटर हेल्पलाईन एप डाउनलोड करें और उसमें अपना एपिक नंबर प्रविष्ट कर अपना नाम जांच सकते हैं।
- अपने एपिक नंबर को 1950 पर मैसेज कर अपना नाम जांच सकते हैं।

उन्हों बताया कि यह अभियान संपूर्ण झारखण्ड में चलेगा। सभी बूथों पर इस दिन बीएलओ उपस्थित रहेंगे। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

## श्रमदान कर ग्रामीणों ने किया जर्जर पथ का जीर्णोद्धार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** जर्जर पथ की समस्या से तंग हो गगेया के ग्रामीणों द्वारा श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत के गगेया के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार किया गया। वही ग्रामीणों ने सरकार व जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव के समय वादा कर जनता को प्रलोभन देते हैं। जिसे क्षेत्र के जनता को विकास के नाम पर शोषण किया जाता है। कहा कि कितने चुनाव बीत गये और अनेकों जनप्रतिनिधि बदले लेकिन ग्रामीणों की समस्या को सुनने वाला कोई नही जो सरकार तक ग्रामीणों की समस्याओं को नही रखा। जनप्रतिनिधियों को गांव की विभन्न समस्या से कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। मौके पर देवलाल उरांव, आशीष गोस्वामी, बालेश्वर गोस्वामी, दइपक उरांव, नीतीश गोस्वामी, मनरखन गोस्वामी, सतन उरांव, तपेश्वर गोस्वामी, नंदकिशोर उरांव,मनोज गोस्वामी ने कहा कि गांव में करीब 75 घर की आबादी होने के बावजूद ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। सहिया शकुन्तला देवी ने कहा कि ऐसी स्थिति में प्रसव को लेकर या बीमार व्यक्तियों को अस्पताल ले जाने के लिये भी समस्या बनी रहती है। सड़क पेयजल की व्यवस्था नही है। अन्य विभिन्न समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या का निदान करने की मांग किया गया है।

## झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग की बैठक में बोले शमशेर आलम

# अल्पसंख्यकों को सरकारी योजनाओं का मिले लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने आज परिसदन स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता की। उपाध्यक्ष ने विभिन्न विभागों की केंद्र व राज्य प्रायोजित योजनाओं की प्रगति और अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी की जानकारी ली।

बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें एमएसडीपी, साइकिल वितरण, वनाधिकार पट्टा, दिव्यांग पेंशन, छात्रवृत्ति योजना, अल्पसंख्यक छात्रावास, चिकित्सीय अनुदान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना आदि शामिल थे। शमशेर आलम ने निर्देश दिया कि सभी लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए ताकि कोई भी योग्य लाभार्थी वंचित न रहे।



### जिला के कार्य से आयोग संतुष्ट : शमशेर आलम

**शमशेर** आलम ने कहा कि गुमला जिले में केंद्र और राज्य प्रायोजित योजनाएं अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए बेहतर दिशा में कार्य कर रही हैं। उन्होंने शिक्षा और कल्याण विभाग में और सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। बैठक से पूर्व आयोग द्वारा आयोजित जन सुनवाई में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की समस्याओं को सुना गया और उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

आपूर्ति विभाग ने राशन कार्ड वितरण और सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना की जानकारी दी। समाज कल्याण विभाग ने आंगनवाड़ी केंद्रों और अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों की जानकारी दी। सामाजिक सुरक्षा कोषांग ने पेंशनधारकों की संख्या का विवरण प्रस्तुत किया। ग्रामीण विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। मनरेगा योजनाओं की प्रगति और जेएसएलपीएस के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों की जानकारी दी गई। शिक्षा विभाग ने अल्पसंख्यक विद्यालयों, उर्दू शिक्षकों के रिक्त पदों और कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अल्पसंख्यक छात्राओं की संख्या की समीक्षा की। शमशेर आलम ने उर्दू शिक्षकों की नियुक्ति पर भी जोर दिया।

उपाध्यक्ष ने उग्रवाद हिंसा में मारे गए अल्पसंख्यकों और उनके आश्रितों को दी जाने वाली मुआवजा राशि, नौकरी और दंगा पीड़ितों के भुगतान की स्थिति की भी जानकारी ली। सिविल सर्जन गुमला ने जिले में स्वास्थ्य केंद्रों और चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी दी।

## न्यूज बॉक्स

### संसद में गुमला जिला में नई रेलवे लाइन बनाने की आवाज गूंजी



**गुमला।** सांसद ने कहा कि लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन बनाने का सर्वे भी हो चुका है। इसी वित्तीय वर्ष में वित्त मंत्री एवं रेल मंत्री इसका कार्य प्रारंभ करवाये लोहरदगा लोकसभा के माननीय सांसद सुखदेव भगत आज संसद में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत गुमला जिला में नई रेलवे लाइन बनाने की मांग वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से किये। श्री भगत ने संसद में कहा कि गुमला जिला में आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद रेलवे लाइन नहीं बना है। जबकि गुमला जिला में धार्मिक रूप से अलग-अलग धर्मो का यहां बहुत मान्यता है। यहां भगवान हनुमान का जन्मस्थली आंजन धाम है। सरना आदिवासियों का धार्मिक स्थल सिरा- सीता नाला है। भगवान शिव का प्रख्यात मंदिर टांगीनाथ है साथ ही साथ पूरे पूर्वोत्तर भारत के परमवीर चक्र विजेता लाइंस नायक अल्बर्ट एक्का का जन्म स्थल है। लोहरदगा में रेलवे लाइन है जो गुमला से 75 किलोमीटर दूर है लोहरदगा से गुमला होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन बनाने का सर्वे भी हो चुका है गुमला में रेलवे लाइन नहीं होने के कारण इस क्षेत्र की जनता को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद भगत ने सभापति के माध्यम से संसद जो देश का सर्वोच्च पंचायत है वित्त मंत्री एवं रेलवे मंत्री से इसी वित्तीय वर्ष में लोहरदगा गुमला से होते हुए कोरबा तक नई रेलवे लाइन का कार्य प्रारंभ करने की मांग किए।

### इसरो के शैक्षणिक भ्रमण पर गयी टीम ने स्टेडियम का किया भ्रमण



**गुमला।** चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी के नेतृत्व में इसरो के शैक्षणिक भ्रमण पर गयी टीम ने अंतिम दिन एमए चिदंबरम इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भ्रमण किया। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की मैनेजमेंट के पदाधिकारियों द्वारा सभी का स्वागत किया गया। शैक्षणिक भ्रमण में शामिल सभी छात्राओं एवं मैनेजमेंट टीम को तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स के लोगो वाली सुपर फैंस की टोपी, टीशर्ट एवं सीटी आदि उपहार स्वरूप भेंट की गई। सभी को महेंद्र सिंह धोनी की तस्वीरों से सजे स्टेडियम परिसर का भ्रमण कराते हुए स्टेडियम परिसर में धोनी के हाथ से बनाया गया स्केच आर्ट भी दिखाया गया। स्टेडियम परिसर में उपस्थित सभी लोग महेंद्र सिंह धोनी के गृहक्षेत्र से आए इस टीम से मिलकर काफी खुश हुए। तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के इस अनूठे पहल की खुले मन से प्रशंसा करते हुए उनके लिए भी उपहार भेजा गया है।

### चैनपुर प्रखंड कार्यालय में 67 लाभुकों के बीच बत्तख चूजे का किया वितरण



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को विभिन्न पंचायतों के 67 लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत बत्तख चूजे का वितरण किया गया। मौके पर प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के प्रभारी धर्म रक्षित विद्यार्थी ने लाभुकों को अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं बत्तख पालन को रोजगार के रूप में ले सही समय पर दाना पानी और सही देखभाल करने से निश्चित रूप से आपकी आमदनी बढ़ेगी। चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने कहा कि मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीज बत्तख चूजे का वितरण किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में बत्तख पालन काफी महत्वपूर्ण साबित होगा बत्तख पालन से जुड़कर महिलाएं अपनी आय दोगुनी कर सकती है। वहीं सभी लाभुकों के बीच 15 बत्तख चूजे का वितरण पंचायत के जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया लाभुकों में प्रमिला खेस, पुष्पा कुजूर, पार्वती देवी, अनीता तिर्की, मरियम टोप्पो, महेश्वरी देवी, सीमा देवी, गरीमा देवी, बेरोनिका मिंज, सहित कई लोग शामिल हैं।


**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

**आम सूचना**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–361/राँची, दिनांक–23.07.2024 द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता/प्रतिभागी राज्य के खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को उनकी उपलब्धि के आधार पर "नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि)" दिया जाना है। तदालोक में चतरा जिला के वैसे खिलाड़ी, जिन्होंने दिनांक 01.04.2023 के बाद अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों की विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं आदि में पदक प्राप्त किये हों अथवा भागीदारी की हो तथा विभागीय संकल्प संख्या–03, दिनांक–11.03.2023 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत् नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) प्राप्त करने की अहर्त्ता (Eligibility) धारित करते हो, वे "नगद पुरस्कार राशि (सम्मान राशि) हेतु विहित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन दिनांक–06.08.2024 तक जिला खेल कार्यालय, चतरा में जमा कर सकते है।
नोट :– अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, चतरा के सूचना पट्ट तथा www.chatra.nic.in पर अपलोडेड Documents देखा जा सकता है।

ह0/–
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,चतरा
PR 330614 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs(24-25).D



**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि०**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
E-mail-dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in(A Govt. of Jharkhand undertaking )
कार्यालय: प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागार में आम नीलामी की तिथि निम्नवत् है:–

| वनागार का नाम | समय | जुलाई– 2024 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार चैनपुर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाहन से 1:00 बजे अपराहन तक | 31.07.2024 |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड,जी0एस0टी0 एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/ प्रमण्डलीय प्रबन्धक
PR 330516 Forest, Environment and Climate Changes (24-25)_D लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज

## न्यूज बॉक्स

### इलाजरत झामुमो जिला सचिव से मिली कल्पना



**गांडेय।** गांडेय विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को सदर अस्पताल गिरिडीह पहुंचकर वहां इलाजरत झामुमो जिला सचिव महालाल सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मौके पर विधायक ने अस्पताल प्रबंधन एवं चिकित्सकों से इन्हें गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने सदर अस्पताल गिरिडीह में इलाजरत अन्य मरीजों से मुलाकात कर उनके बेहतर चिकित्सा सेवा का निर्देश अस्पताल प्रबंधन के पदाधिकारियों को दिया।

### जमशेदपुर में कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान




**जमशेदपुर।** जिले के बागबेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हर-हर गुट्टू स्थित नारायणी इंटरप्राइजेज कन्फेक्शनरी की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में दुकान में रखे लाखों के सामान जलकर राख हो गए। बताया गया कि दुकान मालिक शिवम गुप्ता मंगलवार रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के अंदर आग लगी हुई है। उन्होंने पाया की दुकान के पिछले हिस्से में तार जली पड़ी है। देर ना करते हुए उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना और अग्निशमन विभाग को दी। तत्काल अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाया। उन्होंने कहा कि इस घटना में उनका 13 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी मिलते ही बागबेड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला शॉर्ट सर्किट का है। फिलहाल मुख्य कारणों की जांच-पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि पीड़ित दुकानदार के अनुसार 13 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

### महिला उत्थान की दिशा में झारखंड सरकार गंभीर : मंत्री बेबी देवी



**भंडारीदह।** चन्द्रपुरा प्रखंड अंतर्गत तारमी पंचायत में बुधवार को डीएमएफटी योजना से सीएलएफ भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी व स्थानीय मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह ऊर्फ अनूप सिंह शिलान्यास में ऑनलाइन शामिल हुए। शिलान्यास के बाद मंत्री बेबी देवी एवं बेरमो विधायक कुमार जयमंगल ने कहा कि इस भवन के निर्माण होने से आसपास की जेएसएलपीएस की 18 से 20 महिला संगठनों को बैठ कर काम करने में काफी सहूलियत होगी। कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है। हमारी सरकार का उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में सबल बनाना है। हेमंत सोरेन सरकार राज्य हित में बेहतर कार्य कर रही है। भवन को गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा के भीतर बनाने की बात कही। इस दौरान दौलत महतो, प्रदीप महतो, राज कुमार महतो, झामुमो तारमी पंचायत अध्यक्ष रामेश्वर कुमार शर्मा, विजय कुमार गिरि, सिकंदर कुमार गिरि, शंकर प्रसाद, तुलसी पांडेय, एएनएम पुष्प कुमारी, लालू चौहान प्रमोद कुमार, निर्मल कुमार महतो सहित कई महिला व पुरुष शामिल थे।

## गोबर प्रसंस्करण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# राज्य के सभी जिलों में गोशाला का हो निर्माण : दीपिका पांडेय

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** गोबर के विशिष्ट उत्पाद, हैंडीक्राफटस को बढ़ावा देने को लेकर पशुपालन भवन हेसाग हटिया स्थित सभागार में पांच दिवसीय गोबर प्रसंस्करण आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रांची जिले के दस प्रखंडों की कुल 200 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सह झारखण्ड गो सेवा आयोग द्वारा संचालित हमारी गोमाता हमारा दायित्व ऑनलाइन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पशुपालन निदेशककिरण पासी उपस्थित थी।

कार्यक्रम में उपस्थित महिला प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड गो सेवा आयोग के कार्यो से यह परिलक्षित होता है कि आयोग अपने कार्यो के प्रति गंभीर प्रयास कर रहा है जिससे झारखण्ड के पशुपालकों की स्थिति बेहतर बनाई जा सके। गोबर प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं हमारी गोमाता हमारा दायित्व कार्यक्रम की उन्होंने प्रशंसा करते हुए आशा जताई कि इसका प्रसार झारखण्ड के अन्य जिलों में भी किया जाएगा। गोशाला निबंधन के संबध में उन्होंने कहा कि झारखण्ड के जिन जिलों में जहां कोई भी गोशाला संचालित नहीं है वहां भी गोशाला का निर्माण सह निबंधन का प्रयास किया जाए। गोबर के लाभ के संबध में उन्होनें बल देकर कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और आवश्यकतानुसार रोजगार के लिए बैंक को भी इसका सहभागी बनाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड गो सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने की।


## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू
### समाहरणालय भवन ब्लाक सी कमरा सं०–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आपत्ति से संबंधित सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक QU/40/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 एवं पत्रांक GE/08/163/2022-23/1072 दिनांक 20.03.2024 के निदेशानुसार कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय तथा झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय पीपरा में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हताधारी महिला अभ्यर्थियों से निहित शर्तों के अधीन शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विज्ञापन सं0 **03/JBAV/2023, 04/JBAV/3KGVB/2023** एवं **05/JBAV/3KGVB/2023** के द्वारा विभिन्न विषय के रिक्त पदों के विरूद्ध प्राप्त आवेदनों स्क्रुटनी पूर्ण कर लिया गया है जो NIC Palamu के अधिकारिक Website "www.palamu.nic.in" पर अपलोड़ कर दिया गया है, जिसे देखा जा सकता है। यदि किसी आवेदक को कोई आपत्ति है तो अपना लिखित आपत्ति दिनांक 27.07.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय मेदिनीनगर, समाहरणालय ब्लॉक C कमरा नं0 9 में साक्ष्य के साथ जमा कर सकते है। इसके पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगा। यह मात्र औपबंधिक सूची है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू

PR.NO.330630 District(24-25):D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 09/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 23.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टि फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/39/2024-25 | ग्राम–सुईयाटांड़ में राहम–बड़गांव पथ गोन्दा स्कूल से सुईयाटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं.–2.500 कि.मी.)। | 294.043 | दो कराड़ चौरानबे लाख चार हजार तीन सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/CHATRA/40/2024-25 | मयुरहण्ड प्रखण्ड के फुलांग पंचायत के ग्राम फुलांग पी.एम.जी.एस.वाई. रोड से तिलेटांड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं.–3.000 कि.मी.)। | 303.387 | तीन करोड़ तीन लाख अड़तीस हजार सात सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 07.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 22.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 330519 Rural Work Department(24-25)#D



## झारखण्ड सरकार
### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/02 / 2024–25**

**राज्य योजना मद**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गढ़वा | पंचायत भवन, अचला का अवशेष कार्य (जिर्णोद्धार) का निर्माण। | 12.39900 | 2500.00 | 24798.00 | 4 माह | ZP/GARHWA/02/2024-25/GR-01 |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 26.07.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या: – मो0 नं0–8002373581
6. ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10. भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा।

PR.NO.330534 Urban Development and Housing(24-25):D



## झारखण्ड सरकार
### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अतिअल्पकालीन् निविदा संख्या– 08/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 23.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/35/2024-25 | मीरपुर मुख्य पथ से शेरपुर भाया आमीना स्कूल तक पक्की सड़क निर्माण कार्य (लं.–1.450 कि.मी.)। | 173.883 | एक करोड़ तिहत्तर लाख अट्ठासी हजार तीन सौ मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/CHATRA/36/2024-25 | अम्बाटांड़ से जमुवा आर.ई.ओ. रोड भाया आश्नाही तक पथ निर्माण कार्य (लं.–3.495 कि.मी.)। | 374.192 | तीन करोड़ चौहत्तर लाख उन्नीस हजार दो सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/CHATRA/37/2024-25 | ग्राम हुमरा दुनीदाग मेन रोड से नारायणपुर मेन रोड भाया पलकडीह, बरवाडीह बाजार तक पथ का निर्माण कार्य (लं.– 2.500 कि.मी.)। | 252.841 | दो करोड़ बावन लाख चौरासी हजार एक सौ मात्र | 15 माह | प्रथम |
| 4 | RWD/CHATRA/38/2024-25 | कौलेश्वरी पहाड़ मुरूत से हटवरिया कासडाबर तिलहेत तक पथ का निर्माण कार्य (लं.– 3.000 कि.मी.)। | 333.870 | तीन करोड़ तैंतीस लाख सत्तासी हजार मात्र | 15 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 21.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 23.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR 330517 (Rural Work Department) 24-25 (D)



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–अति अल्पकालीन् पुनर्निविदा संख्या– 01/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक–22.07.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/CHATRA/07/2024-25 | मयुरहण्ड | हुसिया | पुरैनी | ग्राम पुरैनी में देवी मंडप से बांध पर हरिजन टोला तक भाया धीरेन्द्र सिंह के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 96,27,400.00 | छियानबे लाख सत्ताईस हजार चार सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/CHATRA/12/2024-25 | हण्टरगंज | पाण्डेयपुरा | पचमो | सत्येन्द्र यादव के घर से देवी मंडप तक पी.सी. सी. पथ निर्माण | 31,67,900.00 | इकतीस लाख सरसठ हजार नौ सौ मात्र | 03 माह | द्वितीय |
| 3 | RWD/CHATRA/21/2024-25 | हण्टरगंज | पाण्डेयपुरा | पाण्डेयपुरा कला | दुर्गा भुईया के घर से नगीना साव के भंडार तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 57,17,600.00 | सन्तावन लाख सतरह हजार छः सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 27.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 06.08.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08.08.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.330513 Rural Work Department(24-25):D



## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 2134 दिनांक 02.07.2024 से क्रमांक–2 में Tender ID– UDHD/MMC/03/2024-25 के योजन Laying of 450 mm hume pipe from rajendra ram house to koyal river in bank colony in ward no. 02 under Medininagar Municipal Corporation हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR– 328450 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.330507 District(24-25):D



## झारखण्ड सरकार
### जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सं0– ZP/GARHWA/01 / 2024–25**

**15वें वित्त आयोग मद**

1. कार्य का नाम :–

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (राशि लाख में) | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भवनाथपुर | ग्राम–बनखेता अरसली में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-01 |
| 2 | नगर उंटारी | ग्राम–जतपुरा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-02 |
| 3 | रमना | ग्राम–परसवान में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-03 |
| 4 | नगर उंटारी | ग्राम–कोइन्दी में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-04 |
| 5 | रंका | ग्राम–पूरेगाड़ा में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-05 |
| 6 | रंका | ग्राम–बान्दू में स्वास्थ्य उप केन्द्र भवन का निर्माण। | 55.50 | 10000.00 | 111000.00 | 6 माह | ZP/GARHWA/01/2024-25/GR-06 |

1 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :–26.07.2024
2 ई–निविदा प्राप्ति की तिथि :– 26.07.2024 से दिनांक–03.08.2024
3 निविदा खोलने की तिथि एवं समय–05.08.2024 को अपराह्न 3:00 बजे
4 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
5 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– मो0 नं0–8002373581
6 ई–निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गढ़वा।
7 परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9 निविदादाता को UCAN Registration की छाया प्रति अपलोड करना अनिवार्य है।
10 भवन प्रमण्डल एवं जिला परिषद से निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं।
11 निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई0 भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए Website :- www.Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, गढ़वा

PR 330537 Urban Development(24-25).D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**–:शुद्धि पत्र:–**

कार्यालय पत्रांक 776/जि0प0, दिनांक 09.07.2024 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन पुनर ई0निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/24–25 (PR No. 329312 District (24-25) # D) के ग्रुप संख्या–05 में वर्णित कार्य (प्रखण्ड–टण्डवा, पंचायत–कोयद, ग्राम–बरकुटे, लालदेव साव के घर से सिकनी नदी तक पी0सी0सी0 पथ का निर्माण) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 330544 (District) 24-25 (D)



## कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गढ़वा

**आवेदन आमंत्रण सूचना।**

विभागीय राज्यादेश संख्या–04 रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना" अन्तर्गत निजी क्षेत्र में मत्स्य पालकों से निम्नांकित योजनाओं के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं जो निम्वत् है :–

| क्र0 | योजना इकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य 101 | भौतिक लक्ष्य 789 | इकाई लागत | अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान | अहर्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | गढ़वा जिले के निजी क्षेत्र के तालाबों में मत्स्य पालन से अच्छादन हेतु उत्पादित मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में सहायता (एकड़ में) | 150 | – | 1875 प्रति एकड | 1875 प्रति एकड़ | 1875 प्रति एकड़। | 1. आवेदक का निजी तालाब हों। 2. स्थानीय स्तर पर मत्स्य अंगुलिकाओं के क्रय में 50 प्रतिशत अनुदान अथात् 1.00 एकड़ जलक्षेत्र (5000 हजार बीज प्रति एकड) में 1875 रु0 सहायता राशि देय होगा। 3. वैसे आवेदक जो चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफीश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त किये हों। को प्राथमिकता दी जायेगी। 4. विभाग द्वारा मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने वाले मत्स्य बीज उत्पादक एवं उनके परिवार को यह लाभ देय नहीं होगा। |
| 2 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिए सामान्य नाव (सं0 में) | 05 | – | 33000 रु0 | 30000 प्रति नाव | 3000 प्रति नाव | 1. सामान्य नाव मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समिति के सदस्यों को दिया जाना है। |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्यों के लिए गिलनेट (इकाई में) प्रति इकाई 05 कि0ग्रा0 (इकाई में) प्रति इकाई 05 कि0ग्रा0। | 20 | – | 590 प्रति कि0ग्रा0 | 531 प्रति कि0ग्रा0 | 59 प्रति कि0ग्रा0 | 1. जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों को यह योजना का लाभ देय है। 2. इस योजना में सरकार का 90 प्रतिशत् अनुदान एवं 10 प्रतिशत लाभुक अंशदान है। एक लाभुक को अधिकतम 5 कि0ग्रा0 गिल नेट देय है। 3. आवेदक को अपना अंशदन लगाने की लिखित सहमति एवं विगत दो वर्षो का मछली शिकारमाही का आँकड़ा लिखित रुप में आवेदन के साथ संलग्न करना है। |
| 4 | नये RFF का अधिष्ठापन (सं0में) | 05 (40mX5m) | - | 86000रु0 इनपुट सहित | – | – | 1. इस योजना का लाभ मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह को दिया जाना है। 2. मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक द्वारा योजना स्थल जॉचोपरांत चयनित किया जायेगा। |
| 5 | वर्ष 2019–20 के पूर्व नये केज के लिए नया ग्रो आउट नेट (सं0में) | 20 | 10 | 30200 प्रति ग्रो आउट नेट | 22650 रु0 | 7550 रु0 | 1. यह योजना केवल केज मत्स्य पालकों के लिए है। 2. एक लाभुक को अधिकतम 02 ग्रो आउट नेट दिया जायेगा। 3.केज मत्स्य पालक अगर knotless ग्रो आउट नेट अथवा 6मीX04मी0X5मी0 साईज से बड़े साईज के ग्रो आउट नेट का क्रय करते हैं तो निर्धारित दर के अलावा उनको अलग से कोई राषि देय नहीं होगा। |

उक्त योजना हेतु इच्छुक मत्स्य पालक/मत्स्यजीवी सहयोग समिति/सदस्य एवं विस्थापित अथवा प्रवासी मजदूरों/केज मत्स्य पालक/एवं नये आर0एफ0एफ0 के लिए मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा समूह से दिनांक 03.08.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रशिक्षणार्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी। विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में आकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

नोट :– आवेदन कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 330509 (Fish) 24-25 (D)

“ एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है। - अब्दुल कलाम




## पुरानी नीतियों से आत्मविश्वास भरा बजट

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले आम बजट में कुछ बड़े नीतिगत बदलावों की उम्मीद थी। भाजपा के अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूकने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहली बार गठबंधन सरकार की अगुवाई करने को देखते हुए रेवड़ियां बंटने की उम्मीद से कोई इन्कार नहीं कर रहा था। हालांकि, आम बजट में ऐसा कुछ नहीं दिखा। तो संदेश साफ है, मोदी सरकार आत्मविश्वास से भरी है। उसने अपनी पुरानी आर्थिक नीतियों पर ही आगे बढ़ने का फैसला किया है। इस आम बजट को मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों में पेश अन्य बजटों की तरह ही देखा जा सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 6.5 से 7 फीसदी है। यह संतोषजनक स्थिति कही जा सकती है। इसीलिए सरकार ने कोई विशेष या नया प्रयोग कर बेवजह घबराहट पैदा करने की कोशिश नहीं की।

**स्वरोजगार हो या कृषि क्षेत्र या आर्थिक सुधार, सरकार ने पहले की तरह ही धीरे-धीरे आगे बढ़ने का फैसला किया, जो देश हित में है**

स्वरोजगार हो या आर्थिक सुधार अथवा कृषि क्षेत्र या कौशल विकास, सरकार ने पहले की तरह ही धीरे-धीरे आगे बढ़ने का फैसला किया। बिहार और आंध्रप्रदेश को विशेष सौगात देने की बात करें तो यह स्वभाविक ही है। जदयू और टीडीपी सरकार के सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी हैं। इनको साधे रखने की रणनीति के तहत इन राज्यों का विशेष ख्याल रखने में कुछ नया नहीं है। भारतीय राजनीति में गठबंधन सरकारों में पहले भी सहयोगी समर्थन की कीमत वसूलते रहे हैं। फिर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि ये दोनों दल अलग-अलग राज्यों में सरकार चला रहे हैं। इनके सामने भी अपने राज्यों के मतदाताओं को संदेश देने की जरूरत है। बिहार के साथ आंध्र को भी बोनस नहीं मिला है उनकी आवश्यकता की पूर्ति की गई है। वैसे आमजन का बड़ा सवाल रोजगार को लेकर है। आम चुनाव के नतीजे ने बताया कि बेरोजगारी पर युवा मोदी सरकार से नाराज थे। मध्य वर्ग बचत न होने के कारण परेशान होकर नाराज हुआ। मध्य वर्ग के एक बड़े हिस्से को आयकर में राहत की फुहार मिली। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि अपने दम पर बहुमत हासिल न होने के बावजूद सरकार के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पुरानी आर्थिक नीतियों के जरिये ही अच्छे परिणाम हासिल करने के प्रति आश्वस्त दिखती हैं। उन्हें लगता है कि पुरानी नीतियों से ही निवेश की स्थिति बेहतर होगी और राजकोषीय घाटे पर भी लगाम लगेगी। रोजगार पर अहम घोषणाएं तो कीं, लेकिन नतीजे स्पष्ट नहीं रोजगार के परिप्रेक्ष्य में सरकार ने कई अहम घोषणाएं तो की हैं, मगर फिलहाल यह पूरी तरह से अस्पष्ट है। अगले पांच साल में 4.1 करोड़ युवाओं को रोजगार का अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। वहीं, 500 शीर्ष कंपनियों में एक करोड़ युवाओं के लिए इंटर्नशिप का प्रस्ताव है। सवाल है कि इसकी प्रक्रिया क्या होगी? यह किस तरह का रोजगार होगा? इसके नियम और शर्तें क्या होंगी? चूंकि इस बारे में सरकार ने कुछ साफ-साफ नहीं कहा है, इसलिए इस पर कुछ भी कहना फिलहाल जल्दबाजी होगी।

# प्रतिबंध मुक्त संघ एक नयी किरण का आगाज



केंद्र की राजग सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं साहसिक आदेश के जरिये सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा कर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक भावना एवं मूल्यों का जीवंत किया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वर्तमान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक गैर-राजनीतिक संगठन है, गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न संघ एक रचनात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक संगठन है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में संघ के योगदान की विभिन्न राजनीतिक विचारधारा के नेताओं एवं दलों ने प्रशंसा भी की है। इस नये आदेश को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है, क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी, जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है।

दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े एवं राष्ट्रीय विचारधारा वाले सरकारी कर्मचारियों के लिये एक नयी किरण है।

आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। 30 नवंबर 1966 को संघ-जनसंघ के प्रभाव से हिलकर इंदिरा गांधी ने सरकारी कर्मचारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि संघ व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। गोलीबारी में सैंकड़ों निर्दोष साधु-संत मारे गये थे। इस जघन्य हत्याकांड से क्षुब्ध होकर तत्कालीन गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। कांग्रेस पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में संघ पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था, फिर अभी हटाने के पीछे गहरी राजनीतिक चाल है। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कर्मचारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था।

**आज की बात**



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

क्रांति का फलित है व्यापक स्तर पर होने वाला कोई बड़ा परिवर्तन। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है जो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से बाहर निकालने के प्रयत्न वर्तमान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सरकारी कर्मचारियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध का हटना। इसको लेकर भी विपक्षी दलों द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों में कर्मचारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा की है। निःसंदेह, सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करनेवाला है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह विविध सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में शामिल हो सके। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कर्मचारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु, लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाली कांग्रेस की सरकार ने तानाशाहीपूर्ण तरीके से संघ की गतिविधियों में सरकारी कर्मचारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था। कांग्रेस की नीयत को समझिए कि उसने ऐसा कोई प्रतिबंध इस्लामिक, ईसाई, कम्युनिस्ट और अन्य प्रकार के संगठनों की गतिविधियों में शामिल होने पर नहीं लगाया था।

**आपकी बात**

## 'नौली योगिक क्रिया पाचन प्रणाली में सुधार करती है'



नौली एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ है एक व्यायाम जो शरीर के आंतरिक अंगों की मालिश करके पेट के क्षेत्र को साफ करने के लिए किया जाता है। इसे अंग्रेजी में 'आइसोलेशन ऑफ द बेली' भी कहा जाता है। इस अभ्यास के चार अलग-अलग संस्करण हैं: मध्यान नौली, वामा नौली, दक्षिणा नौली और भ्रमर नौली क्रिया। नौलि क्रिया में पेट की आन्तरिक मांसपेशियों को गोल-गोल घुमाया जाता है जिससे उनकी मालिश होता है। इस क्रिया को करने के लिये खड़े होकर, पैरों के बीच कुछ दूरे रखते हुए, घुटनों को मोड़कर किया जाता है। उड्डियान बन्ध, नौलि में किया जाने वाला बन्ध। नौलि छह षटकर्मों में से एक है, जो पारंपरिक हठ योग में प्रयुक्त शुद्धिकरण है। नौली शुरू करने के लिए क्लासिक स्थिति यह है कि खड़े होकर धड़ को थोड़ा आगे की ओर झुकाएं और हाथों को जांघों पर टिकाएं। पूरी सांस बाहर छोड़ी जाती है और फिर पेट को अंदर लाया जाता है। फिर पेट की मांसपेशियों को अलग किया जाता है और एक सर्कल में घुमाए जाने से पहले उन्हें सिकोड़ा जाता है। यह हठ योग में इस्तेमाल किए जाने वाले छह षट्कर्म या शुद्धिकरण विधियों में से एक है। माना जाता है कि नौली समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है और जीवन शक्ति को बढ़ाती है। यह मणिपुर और स्वाधिष्ठान चक्रों को भी सक्रिय करती है नौली क्रिया मैं उड्डियन बन्ध मैं फेफडों को खाली किया जाता है, और पेट पसली के निचले किनारे के नीचे अंदर और ऊपर की ओर खींचा जाता है मध्यान नौलि : केवल पेट की केंद्रीय मांसपेशियां सिकुड़ती हैं वाम नौलि मैं केवल पेट की बाईं मांसपेशियां सिकुड़ती हैं दक्षिण नौलि मैं केवल पेट की दाहिनी मांसपेशियां सिकुड़ती हैं। योग का एक नियम है कि प्रत्येक मांसपेशी एक दिन में कम से कम एक बार गतिशील अवश्य हो। इससे हमारी ऊर्जा पुनः प्रवाहित होने लगती है और रुकावटें दूर होती हैं। ऊर्जा पानी के समान है। जो पानी एक जगह ठहरा रहता है वह अशुद्ध और दुर्गंधयुक्त हो जाता है। इसके विपरीत, जो पानी बहता रहता है हमेशा शुद्ध रहता है। यही कारण है कि हमें भी अपने पेट की मांसपेशियों और आंतों को रोजाना गतिशील करना चाहिये। नौलि अति प्रभावी रूप से पाचन में सहायक है और इस प्रक्रिया में आने वाली रुकावटों को दूर करती है। नौली योगिक क्रिया के पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और आंतों व पेट के निचले अवयवों की मालिश करती है। यह रक्तचाप को नियमित करती है और मधुमेह के खिलाफ सुरक्षात्मक परहेजी प्रभाव रखती है। यह अम्ल शूल और चर्म रोगों (मुहांसों) को दूर करने में सहायक है संपूर्ण पाचक प्रणाली पर सकारात्मक असर और रुकावटें दूर करने से नौलि हमारे स्वास्थ के लिए सर्वोत्तम व्यायामों में से एक है।

**-योगाचार्य महेशपाल, रांची।**

**देश की बात**

## ज्वलंत मुद्दा : कई आईएएस की नियुक्तियों पर उठते सवाल!

यूपीएससी में एक नहीं अनेक कारनामें नाम से जगदीश्वर चतुर्वेदी की फेसबुक वाल पर अनेक उन अधिकारियों का उल्लेख किया गया है, जिन पर नियमों को ताक पर रखकर या फिर तथ्य छिपाकर नियुक्ति पाने का आरोप है। सच क्या है यह तो उच्च स्तरीय जांच के बाद ही पता चल पाएगा लेकिन लग रहे आरोपो में इस समय सबसे ऊपर आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर है, जिनके चयन को लेकर शुरू से विवाद है,जो अभी तक भी थमने का नाम नही ले रहा है। इसी विवाद के चलते पूजा खेड़कर को रोब गालिब करने व पद की सीमाओं से परे जाकर प्रदर्शन करने के मामले में उनके कथित फर्जी कुछ प्रमाण पत्रों के कारण ट्रेनिंग से वापस बुला लिया गया, उनकी मां को गिरफ्तार होना पड़ा और संघ लोकसेवा आयोग ने भी उन्हें नोटिस जारी कर उन्हें मुसीबत में डाल दिया है। पूजा खेडकर ने काशीबाई नवले मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेते वक्त अपना फिटनेस सर्टिफिकेट जमा किया था। इसमें कहा गया है कि वह किसी भी रूप में विकलांग नहीं है। जबकि संघ लोकसेवा आयोग में प्रतियोगी परीक्षार्थी के तौर उन्होंने घोषित किया कि उन्हें मानसिक बीमारी, दृष्टि दोष सहित कई विकलांगताएं हैं। पूजा खेडकर ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी कोटा के अंतर्गत लिया था,जिसमे उनकी जाति बंजारा बताई गई है। जबकि उनके माता पिता दोनो प्रशासनिक अधिकारी रहे हैं। ऐसे में उनके अभिवावकों की सालाना आय 8 लाख रुपये से कम होने का सवाल ही नही उठता। बताया जा रहा है कि यूपीएससी एक्जाम पास कर आईएएस बनने के पीछे एक भाजपा नेत्री की बड़ी भूमिका है। एक अन्य मामले में एक पुलिस इंस्पेक्टर की पुत्री दिव्या यादव आईएएस बनी है। लेकिन आरोप है कि उनका चयन अनुसूचित जाति कोटे में हुआ है। इसी तरह विश्वजीत पण्डा ने सन 2016 में नीट राउरकेला से क्लियर किया। उसके बाद उनकी एक बड़ी कम्पनी में नौकरी लग गई। उनके पिताजी सरकारी मास्टर है और भाई सन 2015 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं। फिर भी कागजो में ये गरीब हैं। उन्होंने ईडब्ल्यू सर्टिफिकेट बनाया और 343 रैंक के साथ यूपीएससी 2023 में सेलेक्ट हो गए।



**श्रीगोपाल नारसन**

**फेसबुक वॉल से**




**X से**




**अलग बात**

## हिंदू विरोध में बदलता बांग्लादेश का आरक्षण आंदोलन

बांग्लादेश इस समय आरक्षण विरोधी आंदोलन के चलते गंभीर संकट से जूझ रहा है। आरक्षण के विरोध में संपूर्ण बांग्लादेश में हिंसा हो रही है। अब तक सरकारी आंकड़ों के मुताबिक डेढ़ सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। वैसे यह सरकारी आंकड़ा है असलियत में यह संख्या इससे कहीं ज्यादा हो सकती है। चिंताजनक बात यह है कि अब यह आंदोलन हिंदू विरोध में बदलता जा रहा है। नौकरियों की कमी से गुस्साए प्रदर्शनकारी उस प्रणाली को समाप्त करने की मांग कर रहे थे, जिसके तहत 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में हिस्सा लेने वालों के परिजनों को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाता था। सरकार ने बड़े पैमाने पर छात्रों के विरोध प्रदर्शनों के बाद 2018 में इस पर रोक लगा दी थी, लेकिन जून में बांग्लादेश के हाई कोर्ट ने आरक्षण बहाल कर दिया था, जिसके बाद देश में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। हालांकि हालात बिगड़ते देख कर सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के आरक्षण के आदेश पर रोक लगा दी है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां योग्यता आधारित प्रणाली के आधार पर आवंटित की जाएं, पांच प्रतिशत 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भाग लेने वालों के परिजनों और अन्य श्रेणियों के लिए दो प्रतिशत सीटें आरक्षित रखी जाएं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच अब आरक्षण के खिलाफ जारी प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदुओं के विरोध में बदलता जा रहा है। बांग्लादेश में जारी हिंसक प्रदर्शनों के बीच एक हजार भारतीय छात्रों की वतन वापसी हो गई है। हालांकि अभी भी वहां हजारों की संख्या में छात्र फंसे हैं, जो जल्द घर आने की कोशिशों में जुटे हैं। बांग्लादेश में इस हफ्ते सरकारी नौकरियों के लिए विवादास्पद कोटा प्रणाली को लेकर बवाल मचा हुआ है। दरअसल बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व में हो रहे विरोध प्रदर्शन शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार की नौकरी कोटा प्रणाली के खिलाफ हैं, जो कुछ समूहों के लिए सरकारी नौकरियों का एक बड़ा हिस्सा आरक्षित करती है। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि यह प्रणाली भेदभावपूर्ण है और मेधावी उम्मीदवारों को सरकारी पद हासिल करने से रोकती है। आरक्षण के विरोध में बांग्लादेश में जो हिंसा हो रही है, वैसे तो यह उसका आंतरिक मामला है लेकिन इसके संदर्भ भारत से भी बहुत गहरे जुड़े हुए हैं।



**मनोज कुमार अग्रवाल**



**बोधि वृक्ष**

**सेंट आगस्टाइन का कहना है कि यदि प्रतिभाशालियों की श्रेणी में अपने को खड़ा देखना चाहते हैं, तो सर्वप्रथम जीवन व्यवहार में नम्रता को प्रमुखता देनी होगी**

## प्रतिभा एवं संकल्पशक्ति का उभार

प्रतिभावान होने का अर्थ है- विनम्र, साहसी एवं संकल्पवान बनना। इसके अभाव में मनुष्य महानता के उच्च सोपनों को प्राप्त नहीं कर सकता। सेंट आगस्टाइन का कहना है कि यदि आप प्रगति करना चाहते हैं, प्रतिभाशालियों की श्रेणी में अपने को खड़ा देखना चाहते हैं तो सर्वप्रथम जीवन व्यवहार में नम्रता को प्रमुखता देनी होगी। भव्य भवन को खड़ा करने के लिए पहले उसकी नींव को सुदृढ़ किया जाता है। भवन जितना ऊंचा बनाना है, उसकी नींव उतनी ही गहरी खोदनी होगी। यही बात जीवन के अन्यान्य सद्गुणों के विकास के संबंध में भी लागू होती है। जीवन का सौंदर्य तभी निखरता है, जब साहस और संकल्पबल के आधार पर विकास के मार्ग पर आने वाले अवरोधों से जूझते हुए चला जाए। ऐसे व्यक्तित्ववान, दृढ़संकल्पी ही समाज का कुछ हित साधन कर पाए हैं। संसार में जितने भी प्रतिभाशाली महापुरुष हुए हैं, अत्यंत निर्धनता की स्थिति में भी वे पीड़ा और पतन निवारण के अपने कार्य से च्युत नहीं हुए। यद्यपि धन का लालच, पद का प्रलोभन एवं उच्चवर्ग के दबाव उन पर कम नहीं थे। फिर भी वे जीवन भर उसका साहसपूर्वक सामना करते रहे और प्रेम, सम्मान तथा चरित्र से प्रेरित होकर कार्य करते रहे। सुकरात ने अपने विचार छोड़ देने की अपेक्षा विषपान करना अधिक अच्छा समझा। लन्दन के प्रख्यात विद्वान सैमुएल स्माइल ने अपनी प्रतिद्ध पुस्तक 'ड्यूटी' में लिखा है कि प्रतिभा-परिवर्धन में संकल्प शक्ति की प्रखरता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



**– लीलापत शर्मा**

**टेक वर्ल्ड**

## घबराहट और तनाव के शिकार होते बच्चे

देखा जाए तो कोरोना के बाद से बच्चों में डिप्रेशन और एंजाइटी का रोग तेजी से बढ़ा है। कोरोना की दहशत के हालात, लॉकडाउन, वर्क फ्रॉम होम और बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई के साइड इफैक्ट सामने आने लगे हैं। ऑनलाइन स्टडी के चलते बच्चे तरह-तरह के ऐप से रूबरू होने लगे। इससे बालपन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। ऑनलाइन गेम्स की लत और सोशल मीडिया के प्रति बढ़ा आकर्षण नकारात्मक प्रभाव डालने में सफल रहा है। देखा जाए तो खेल-खेल में बच्चे ना चाहते हुए भी तनाव और एंजाइटी के दौर में प्रवेश कर जाते हैं। बदलती जीवनशैली और सामाजिक-आर्थिक सिनेरियो में सर्दी जुकाम की तरह एंजाइटी यानी कि घबराहट और डिप्रेशन आज के बच्चों में आम होता जा रहा है। जानी-मानी साइक्रेट्रिक मैगजीन जामा साइक्रेट्री में हालिया प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। मनोवैज्ञानिकों ने 11 से 15 साल के बच्चों के बीच अध्ययन किया और खासतौर से यह समझने की कोशिश की कि जिस तरह से सर्दी जुकाम संक्रामक बीमारी है और एक से दूसरे में फैल जाती है उसी तरह से एंजाइटी या डिप्रेशन भी एक बच्चे से दूसरे बच्चे को प्रभावित कर सकता है क्या? अध्ययन में पाया गया कि घबराहट या एंजाइट प्रभावित बच्चे के लक्षण साथ वाले बच्चे में भी विकसित होते हैं। यह अध्ययन एक-दो नहीं बल्कि सात लाख बच्चों में किया गया है। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि फिनलैंड विश्वविद्यालय के शोधार्थियों के अध्ययन में यह साफ हुआ है कि छह में से एक व्यक्ति बैचेनी यानी कि एंजाइटी से प्रभावित रहने लगा है। कोरोना के बाद इस तरह के मरीजों की संख्या में 60 फीसदी तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है।



**डॉ. राजेंद्र प्रसाद शर्मा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नीट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बोले रविशंकर , आखिर राहुल कब मांगेंगे माफी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीट एग्जाम पर आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस कर विपक्षी दलों और राहुल गांधी पर पलटवार किया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार एनटीए पर सवाल उठा रहे थे। कह रहे थे कि भारत में मौजूदा समय में ऐसी कोई भी संस्था नहीं है, जो सफलतापूर्वक परीक्षा संपन्न करा सके। जबकि केंद्र सरकार के निर्देश पर ही सीबीआई ने पूरे मामले की जांच की। इसमें संलिप्त कई आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा। अभी-भी जांच जारी है और अगर कोई भी आरोपी पाया जाता है, तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा, मैं कांग्रेस वालों से यह पूछना चाहता हूं कि ये लोग जो हो-हल्ला कर रहे थे, कह रहे थे कि छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। क्या इनके शासनकाल में कभी पेपर लीक नहीं हुआ? और मैं एक बात दावे के साथ कहना चाहता हूं कि जब इनके शासनकाल में पेपर लीक हुआ था, तो इन लोगों ने कभी-भी विधिवत रूप से जांच नहीं कराई। हमने पेपर लीक के मामले को संज्ञान में लेने के बाद सीबीआई से इसकी जांच कराई। कई आरोपियों को अब तक गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी के खिलाफ जांच चल रही है और मैं एक बात यह भी कहना चाहता हूं कि अखिलेश यादव के शासनकाल में भी कई बार पेपर लीक हुए, लेकिन आज तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## नीट के खिलाफ कम नहीं हो रहा विरोध

# कर्नाटक के बाद ममता सरकार ने भी विधानसभा से पास कराया प्रस्ताव

**एजेंसी। कोलकाता**

कर्नाटक के बाद, पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्य में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) को खत्म करने और मेडिकल की पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के लिए इसकी जगह एक नई प्रवेश परीक्षा लाने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव में स्वतंत्र और निष्पक्ष परीक्षा आयोजित करने में कथित असमर्थता के लिए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की निंदा की गई है और राज्य सरकार से बड़े पैमाने पर सार्वजनिक हित के लिए राज्य में



संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करने का आग्रह किया गया है। इससे पहले सोमवार को कर्नाटक कैबिनेट ने एनटीए द्वारा आयोजित केंद्रीय परीक्षा को रद्द करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। पिछले हफ्ते, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने केंद्र सरकार से ठएएळ को खत्म करने और राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि नीट परीक्षा में अनियमितता गंभीर है। यह लाखों छात्रों के भविष्य का सवाल है। केंद्र को नीट को खत्म करना चाहिए और राज्यों को अपनी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने की अनुमति देनी चाहिए। राज्यों द्वारा आयोजित परीक्षणों में देश भर के छात्र भाग ले सकते हैं।

# पेशी पर आए कुख्यात अपराधी और सुरक्षाकर्मी को लगी गोली

**एजेंसी। गया**



गया जिला का शेरघाटी कोर्ट परिसर बुधवार की दोपहर अचानक गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। यहां बाइक से पहुंचे कुछ अपराधियों ने कोर्ट में पेशी के लिए आए कुख्यात अपराधी फोटो खान पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। जिससे वह घायल हो गया। इस गोलीबारी में एक सिपाही भी घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए शेरघाटी के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कोर्ट में तैनात सुरक्षा गार्डों ने हमलावरों में से एक को पकड़ लिया है। जानकारी के अनुसार अनवर अली हत्याकांड के मुख्य आरोपी फोटो खान को पेशी के लिए कड़ी सुरक्षा में कोर्ट लाया गया था। पेशी के बाद जब वो लौटने लगे तो हाजत से थोड़ी दूरी पर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना से मौके पर भगदड़ मच गई तुरंत की बड़ी संख्या में पुलिस कोर्ट पहुंची और घेराबंदी कर दी। फिलहाल तीन बदमाश को पकड़ा गया है और बाकी दो फरार बताए जा रहे हैं। घटना के बाद कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## सदन में महिला विधायक पर भड़के नीतीश, कहा

# अरे महिला हो कुछ जानती नहीं हो...

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पारा कब हाई हो जाए, इसको कहना बड़ा मुश्किल है। ऐसे कई मौके आएं हैं जब नीतिश कुमार ने अपना आपा खो दिया है। बुधवार को एक बार फिर से वह बिहार विधानसभा में विपक्ष पर भड़क गए। नीतीश ने राजद विधायक रेखा देवी पर भड़कते हुए कहा कि अरे महिला हो, कुछ जानती हो। चुपचाप रहो। इसके बाद उन्होंने राजद पर भी उन्होंने निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इन लोगों ने कभी भी महिलाओं को आगे नहीं बढ़ाया है। 2005 के बाद जब हम सत्ता में आए तभी से बढ़ना शुरू किए हैं। इसलिए कह रहे हैं चुपचाप सुनो। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि हम तो सुनाएंगे, अगर आप नहीं सुनेंगे तो यह आपकी गलती है। हमने काम किया है तो हम सुनाएंगे भी।

दरअसल, नीतीश कुमार विधानसभा में बोलने के लिए खड़े हुए थे इस दौरान विपक्ष आरक्षण को लेकर हंगामा कर रहा था। नीतीश बार-बार विपक्ष के विधायकों से अपनी बात सुनने की अपील कर रहे थे। लेकिन विपक्ष का हंगामा जारी था। इसी को लेकर नीतीश कुमार भड़क गए। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि सर्वसम्मति से जातीय गणना हुई थी और पिछड़ों की संख्या ज्यादा आई तो हमने 50 फीसदी आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 75 फिसदी कर दिया। 10 फिसदी केंद्र सरकार ने अपर कास्ट को लागू किया था। उसको भी हमने लागू किया है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि हम लोगों ने हर परिवार की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी ली है।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार



विपक्ष का वाक आउट

को कहा कि केंद्रीय बजट में घोषित विशेष मदद ने राज्य की उन चिंताओं का ख्याल रखा है, जिसके कारण विशेष श्रेणी के दर्जे की मांग की गई थी। नीतीश ने ह्यएक्सह्न पर लिखा, आज केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य है। इस बजट में बिहार की जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने लिखा, इसके तहत बिहार के मानव संसाधन विकास एवं बुनियादी विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस बजट में बिहार की सड़क सम्पर्क परियोजनाओं, विद्युत परियोजनाओं, हवाईअड्डों, मेडिकल कॉलेजों और खेलकूद की संरचनाओं के लिये विशेष राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बजट में बिहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिये विशेष सहायता की घोषणा की गयी है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता कुमार ने कहा, बिहार को बाढ़ से बचाव के लिये भी बजट में बड़ा ऐलान किया गया है।

## बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक कानून ध्वनिमत से पारित

**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार की अगुवाई वाली राजग सरकार ने बुधवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र में पेपर लीक और परीक्षा धोखाधड़ी को रोकने के उद्देश्य से एंटी-पेपर लीक कानून पेश किया, जिसे ध्वनिमत से पास कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष हंगामा करता रहा और सदन से वाक आउट कर गया। विपक्ष के हंगामे के बीच प्रभारी मंत्री विजय चौधरी ने बिहार विधानसभा में राज्य सरकार की तरफ से बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) विधेयक-2024 पेश किया। इस बीच विपक्ष वाक आउट कर गया। इसके बाद सदन में बहुमत के आधार पर विधेयक पास हो गया। नये कानून में प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक या इससे जुड़ी किसी भी गतिविधि में शामिल होने वाले इस कानून के तहत दोषी होंगे। इस कानून के अधीन सभी अपराध संज्ञेय एवं गैरजमानती होंगे। अब पेपर लीक की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे। नए कानून के तहत परीक्षा के पेपर लीक करने के दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को 10 साल तक की जेल और एक करोड़ तक का जुमार्ना हो सकता है। यह कानून व्यापक है, जो छात्रों, शिक्षकों और अन्य लोगों सहित सभी संबंधित पक्षों पर लागू होता है। सदन में बिहार सरकार ने एंटी पेपर लीक बिल पर चर्चा करते हुए कहा कि परीक्षा में गड़बड़ी को रोकने के लिए यह कानून बना है। नीट की परीक्षा में जो धांधली हुई है उसे रोकने के लिए केंद्र सरकार ने भी नियम बनाया है, जो पूरे देश में लागू हो गया है।

## विपक्ष पर गिरिराज सिंह का बड़ा हमला

# पेपर लीक विरोधी विधेयक पर भी कोई वॉकआउट करे यह दुर्भाग्यपूर्ण

**एजेंसी। दिल्ली/पटना**

केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार विधानसभा में पेपर लीक विरोधी विधेयक पारित होने पर विपक्ष के वॉकआउट करने पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि विपक्ष की परिभाषा आजकल बदल गई है। जहां राहुल गांधी केंद्र में विपक्ष में हों, फ्खऊविपक्ष में हो वहां विपक्ष की परिभाषा बदलकर यह हो गई है कि सरकार अच्छे काम भी करें तब भी वॉकआउट करो। अगर पेपर लीक विरोधी विधेयक पर भी कोई वॉकआउट करे तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

बता दें कि विधानसभा ने राज्य में आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक और अन्य गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से बुधवार को एक विधेयक पारित किया। बिहार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सदन में पेश किये गए बिहार लोक परीक्षा (पीई) अनुचित साधन निवारण विधेयक, 2024 को विपक्ष के बहिर्गमन के बीच ध्वनि मत से पारित कर दिया गया।

नए कानून का उद्देश्य बिहार में प्रश्नपत्रों के लीक सहित प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार पर अंकुश लगाना है। बिहार ह्यराष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है। विधेयक में ऐसे कदाचार में शामिल लोगों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें तीन से पांच साल की जेल और 10 लाख रुपये का जुमार्ना शामिल है। संगठित रूप से अपराध करने वाले को 5 से 10 साल तक की सजा और 1 करोड़ तक जुर्माना का प्रावधान है।



*बिहार राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) 2024 प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर हाल में सुर्खियों में भी रहा है।*

## न्यूज बॉक्स

### भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस के दो एसी कोच में लगी आग, यात्रियों में मचा हड़कंप

**भोपाल/जबलपुर।** भोपाल से चलकर दुर्ग जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस के दो एसी कोच में आग लग गई। ट्रेन के एसी कोच से धुएं और चिंगारियां निकलते देख, यात्रियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन को तुरंत रोककर आग पर काबू पाया गया। ट्रेन के यात्रियों ने कहा कि बड़ा होते होते बच गया। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। बताया जा रहा है कि ट्रेन नंबर 12854 के एसी कोचों एसी 3 और एसी 4 के नीचे पहियों में आग लग गई थी। इससे धुआं उठा तो यात्री घबरा उठे। ट्रेन को रोककर फायर फाइटर से आग बुझाई गई। इसके बाद ट्रेन की अच्छे से जांच की गई। ट्रेन इसके बाद इटारसी के लिए रवाना की गई। बुधवार शाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से मंडीदीप स्टेशन के बीच यह हादसा हुआ। एसी कोच के पहियों की ट्राली यानि व्हील बेस में आग लग गई, आग की लपटें उठीं और धुआं भी उठने लगा। धुआं देखकर यात्री दहशत से भर उठे। ट्रेन को तुरंत रोका गया और आग बुझाई गई।

### दो सगी बहनों समेत पांच लड़कियों की डूबने से मौत, एक की हालत गंभीर



**संतकबीरनगर।** संतकबीरनगर जिले के बखिरा और दुधारा क्षेत्र में मंगलवार को पांच लड़कियों की पोखरे और झील में डूबने से मौत हो गई। बखिरा झील में नहाने गईं बडगों गांव की चार लड़कियों में तीन की मौत हो गई, जबकि एक को मेंहदावल सीएचसी में भर्ती कराया गया है। वहीं, धान की रोपाई करने गईं दुधारा थानाक्षेत्र के खटियावां गांव की दो सगी बहनें पैर फिसल जाने से पोखरे में डूब गईं जिससे उनकी मौत हो गई। बखिरा थानाक्षेत्र के बडगो गांव की रहने वाली पायल (12) पुत्री दिलीप, मीनाक्षी (15) पुत्री मकसूदन निषाद, अर्चना (17) पुत्री रामनेवास और काजल (14) पुत्री रमेश मंगलवार की शाम करीब चार बजे बखिरा झील में नहाने गईं थीं। गहरे पानी में चले जाने से चारों डूबने लगीं। लड़कियों के चिल्लाने की आवाज सुनकर थोड़ी दूरी पर स्थित मंदिर पर मौजूद ग्रामीण भागकर झील की तरफ पहुंचे। ग्रामीणों के पहुंचने तक एक लड़की बचाने की गुहार लगा रही थी। चारों को झील से निकालकर सीएचसी मेंहदावल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मीनाक्षी, पायल और अर्चना को मृत घोषित कर दिया जबकि काजल को भर्ती कराया गया है।

### ताज महल के 'तेजोमहालय' होने का दावा कर जलाभिषेक के लिए अदालत में याचिका दायर

**लखनऊ।** सावन माह में ताजमहल (तेजोमहालय) में जलाभिषेक की अनुमति देने का अनुरोध करते हुए योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर ने मंगलवार को एक अदालत में याचिका दायर की। याचिका को सुनवाई के लिए अदालत ने स्वीकार कर लिया है। इसमें प्रतिवादी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. राजकुमार पटेल को बनाया गया है। याचिकाकर्ता के वकील शिव आधार सिंह तोमर ने अदालत में अपना पक्ष रखा। सुनवाई के बाद, न्यायाधीश मृत्युंजय श्रीवास्तव ने प्रतिवादी को नोटिस जारी करने केनिर्देश दिये। याचिकाकर्ता कुंवर अजय तोमर के वकील ने दावा किया कि तेजोमहालय हिंदू मंदिर है, जहां सावन के महीने में जलाभिषेक होना चाहिए।

### पेपर लीक के लिए 64 लाख रुपये की रिश्वत ली



**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने बुधवार को कहा कि शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले के एक आरोपी ने दावा किया था कि एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) के अधिकारियों ने राज्य में पेपर लीक के लिए अलग-अलग समय पर 64 लाख रुपये की रिश्वत ली थी। राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मुझे पेपर लीक मामले में जेल में बंद भूपेन्द्र सारण से यह पत्र डाक के माध्यम से मिला है। इस पत्र में उन्होंने कहा है कि लीक के लिए एसओजी वालों ने अलग-अलग समय में 64 लाख की रिश्वत ली है। पेपर मैंने एडीजी को जानकारी दे दी है और उन्हें बताया है कि राज्य की पिछली सरकार के बड़े नेता इसमें शामिल हैं और छात्रों के भविष्य को अंधकार में डालने वाले एसओजी अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन की मांग की है। मीणा ने कहा कि उन्होंने एडीजी (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक) को जानकारी दी थी और उन्हें बताया था कि राज्य की पिछली सरकार के बड़े नेता इसमें शामिल थे. उन्होंने ₹छात्रों के भविष्य को अंधकार में₹ डालने वाले एसओजी अधिकारियों की गिरफ्तारी और निलंबन की भी मांग की। अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान कई पेपर लीक हुए थे। भूपेन्द्र सारण राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) द्वारा आयोजित शिक्षक भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का मुख्य आरोपी था। पिछले साल मई में प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती पेपर लीक मामले में आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा और अन्य से पूछताछ की थी और उन्हें गिरफ्तार किया था. ईडी अधिकारियों ने बाबूलाल कटारा और जयपुर के एक सरकारी शिक्षक शेर सिंह मीना से उदयपुर सेंट्रल जेल में पूछताछ की, जिन्होंने कटारा से पेपर खरीदा था।

## आज का राशिफल

**मेष** — कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृषभ** — अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क** — लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें।

**सिंह** — दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या** — विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वतः ही दूर होती प्रतीत होंगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु** — व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुम्भ** — मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन** — जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगें।

## ममता ने एकल पीठ के आदेश पर रोक लगने की मांग की

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय की खंडपीठ का रुख कर एकल पीठ के आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। एकल पीठ ने बनर्जी और तीन अन्य पर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के खिलाफ मानहानिकारक और गलत बयान देने पर रोक लगा दी थी। बनर्जी के वकील एस.एन. मुखर्जी ने न्यायमूर्ति आई.पी. मुखर्जी की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष कहा कि बनर्जी ने राज्यपाल के खिलाफ कोई टिप्पणी नहीं की। वकील ने कहा कि उनकी जिस टिप्पणी की बात हो रही है वह दो नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण के संबंध में सार्वजनिक दायित्व निभाने से जुड़ी है। मुखर्जी ने कहा कि बोस ने समाचारों का हवाला दिया है, लेकिन उन्होंने मानहानि मामले में प्रकाशनों को पक्षकार नहीं बनाया है। पीठ ने कहा कि मामले पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी जब बोस के वकील अपनी दलीलें पेश करेंगे। न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने

# चमकी गरीब की किस्मत, खदान से मिला 19.22 कैरेट का हीरा



**एजेंसी। पन्ना**

मध्यप्रदेश के पन्ना जिले के रत्नगर्भा में एक खुदाई के दौरान एक गरीब मजदूर को हीरा मिला है। 19.22 कैरेट हीरे की अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। उसे ये हीरा कृष्ण कल्याणपुर (पटी) के उथली हीरा खदान में मिला है। पन्ना की धरती बेशकीमती हीरों के लिए विख्यात है। मजदूर चुनवादा गोंड ने प्राप्त हीरे को कार्यालय में जमा करवा दिया है। इसे आने वाली अगली नीलामी में रखा जाएगा। बता दें कि पन्ना जिले के अहिरगवां गांव के निवासी चुनवादा गोंड ने हीरा कार्यालय से मात्र 200 रुपए की रसीद कटवाई थी और 20 मई 2024 को कृष्ण कल्याणपुर के पटी क्षेत्र में हीरा खदान खोदने के लिए पट्टा बनवाया था। गरीब आदिवासी को 88 मीटर की जगह उत्खनन के लिए दी गई थी। पट्टा जारी करवाने के बाद गरीब आदिवासी चुनवादा ने दिन-रात पत्नी व बच्चों समेत खदान में हीरा तलाशने के लिए मेहनत की। करीब दो माह की मेहनत में उसको बेशकीमती 19.22 कैरेट का हीरा मिला। नीलाम होने पर 12 प्रतिशत टैक्स और 1 प्रतिशत टीडीएस काटकर बाकी रकम हीरा धारक के खाते में भेज दी जाएगी। पिता की तबीयत खराब होने के कारण उसके बेटे राजू गौड़ ने हीरे को हीरा कार्यालय में जमा करवाया।

## चारधाम यात्रा के लिए संस्था गठन की बना रही है योजना : पुष्कर धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आने वाले 30 वर्षों की चारधाम यात्रा को ध्यान में रखते हुए उसे बेहतर तथा व्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार प्राधिकरण या किसी अन्य संस्था के गठन की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि इसके गठन से पहले तीर्थ पुरोहित्तों, मंदिर समितियों, तीर्थ पुरोहित महासभाओं सहित सभी पक्षों की राय भी ली जाएगी। महापंचायत पदाधिकारी राज्य मंत्रिमंडल द्वारा हाल में प्रदेश में स्थित चारधाम और अन्य प्रमुख मंदिरों के नाम या उन्हें बनाने वाले ट्रस्ट या समिति के नाम का दुरूपयोग रोकने हेतु कठोर विधिक प्रावधान करने का निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने आए थे। दिल्ली में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति के प्रस्तावित निर्माण के विरोध के बीच उत्तराखंड मंत्रिमंडल ने 18 जुलाई को निर्णय लिया था कि चारों धामों-बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के नाम या उन्हें बनाने वाले ट्रस्ट या समिति से मिलते-जुलते नामों का प्रयोग रोकने के लिए कड़े विधिक प्रावधान लागू किए जाएंगे।

## प्रेरक पहल / मध्य प्रदेश के सिवनी में थ्री इडियट्स' फिल्म जैसा सीन

# बाढ़ में फंसी गर्भवती, डॉक्टर ने कॉल पर कराया प्रसव

**एजेंसी। सिवनी/भोपाल**

इन दिनों मध्य प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। इन विपरीत हालातों के बीच भी सरकारी अमला जिम्मेदारी का बेहतर तरीके से निर्वहन कर रहा है। इसकी मिसाल है सिवनी जिला। जहां बाढ़ में फंसी एक महिला का प्रसव कराया गया। राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य अमले की कर्तव्य निष्ठा की सराहना की है और जच्चा-बच्चा को बधाई दी है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सिवनी जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ से कई गांवों का संपर्क टूट गया, जिनमें से एक जोराबाड़ी गांव भी शामिल था।

इस गांव में गर्भवती महिला रवीना बंशीलाल उइके को अचानक प्रसव पीड़ा होने लगी। परिवार ने उन्हें जिला अस्पताल सिवनी ले जाने का प्रयास किया, लेकिन सभी रास्ते बंद थे। परिवार ने आशा कार्यकर्ता से संपर्क किया, जो पहले से ही जिला अस्पताल में थी। आपातकालीन स्थिति में, आशा कार्यकर्ता ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीषा सिरसाम को सूचना दी। डॉ. सिरसाम ने कलेक्टर संस्कृति जैन को स्थिति से अवगत कराया। कलेक्टर ने तुरंत चिकित्सकीय दल को गांव भेजने के निर्देश दिए। बताया गया है कि अधिकारियों के निर्देश मिलने के बाद डॉ. मनीषा सिरसाम, नर्स सुनीता यादव, मेंटर कविता वाहने और आशा कार्यकर्ता कामता मरावी के साथ एसडीआरएफ टीम गांव के समीप पहुंची, लेकिन नाले में अधिक जलस्तर के कारण रुक गई। ऐसी स्थिति में डॉ. सिरसाम ने फोन पर गांव की प्रशिक्षित दाई को निर्देश दिए। दाई ने निदेशों का पालन करते हुए रवीना का सुरक्षित प्रसव कराया। बाढ़ का पानी कम होने पर, चिकित्सकीय दल जच्चा और बच्चा को 108 वाहन से लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया। मां और जुड़वा बच्चे स्वस्थ हैं।

**उपमुख्यमंत्री ने की डॉ. मनीषा की सराहना**



**राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने विषम परिस्थितियों में भी जनसेवा की भावना को प्राथमिकता देकर कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल पेश करने वाली सिवनी की डॉ. मनीषा सिरसाम की सराहना की और कहा कि मानव सेवा ही देव सेवा है।**

## जयसूर्या की श्रीलंकाई टीम से अनुशासन में रहने की खास अपील

**कोलंबो।** भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले श्रीलंकाई टीम के अंतरिम कोच सनत जयसूर्या



एक्शन में नजर आ रहे हैं। उन्होंने श्रीलंकाई टीम के भीतर अनुशासन की मांग की है, जिसमें प्रॉपर हेयर कट समेत अन्य चीजें शामिल हैं। मीडिया को संबोधित करते हुए, पूर्व कप्तान जयसूर्या ने स्वीकार किया कि मौजूदा खिलाड़ियों में अनुशासन लाना महत्वपूर्ण है, खासकर क्रिकेट को 'जेंटलमैन गेम' बनाए रखने के लिए नियमों का पालन करना अहम है। भारत के खिलाफ सीरीज और सितंबर में श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के लिए अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किए गए जयसूर्या ने कहा, "हम टीम में अनुशासन की उम्मीद कर रहे हैं और मैं अपने कार्यकाल के दौरान केवल अंतरिम कोच हूं। मैं वह अनुशासन चाहता हूं।" उन्होंने कहा, "हमारे क्रिकेट फैंस इन क्रिकेटरों को पसंद करते हैं।

## भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर हुए दुष्मंथा चमीरा

**कोलंबो।** भारत के खिलाफ सीरीज शुरू होने से पहले श्रीलंकाई टीम के दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण



पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका की कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, चमीरा को बाहर कर दिया गया है और श्रीलंका क्रिकेट जल्द ही उनके प्रतिस्थापन की घोषणा करेगा। 'एक्स' पर एक प्रमुख श्रीलंकाई पत्रकार रेक्स क्लेमेंटाइन ने लिखा, "दुष्मंथा चमीरा चोट के कारण भारत सीरीज से बाहर हो गए हैं। प्रतिस्थापन की घोषणा जल्द ही की जाएगी। हालांकि, उम्मीद है कि भारत के खिलाफ सीरीज के लिए चोटिल चमीरा की जगह असिथा फर्नांडो को शामिल किया जा सकता है। लंका प्रीमियर लीग के फाइनल में असिथा ने बेहतरीन गेंदबाज़ी की। उन्होंने जाफना किंग्स को गॉल मार्वल्स को हराने में तीन विकेट चटकाए। तीन टी20 मैच 27 जुलाई, 28 जुलाई और 30 जुलाई को पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। फिर, 2 अगस्त से कोलंबो में 3 वनडे मैच खेले जाएंगे।

### जर्मन ध्वजवाहक डेनिस श्रोडर ने कहा

# मुझ पर इसलिए हमला हुआ क्योंकि मैं अश्वेत हूं

एजेंसी

**पेरिस।** 2023 एफआईबीए विश्व चैंपियन जर्मनी पेरिस ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना दबदबा जारी रखने के लिए तैयार है। बास्केटबॉल टीम के कप्तान डेनिस श्रोडर, जिन्हें देश के ध्वजवाहक के रूप में नामित किया गया था, ने बताया कि उन्होंने अपने करियर के अधिकांश समय में नस्लवाद से कैसे निपटा है। डेनिस ने जर्मन आउटलेट स्पीगल स्पोर्ट से कहा, "मुझ पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि मैं अश्वेत हूं, मेरी पत्नी एलेन पर इसलिए हमला किया जाता है क्योंकि वह एक अश्वेत आदमी के साथ है। लेकिन एक बात है जिस पर जोर देना मेरे लिए जरूरी है। मैं खुद को सिर्फ इसलिए ध्वजवाहक की भूमिका में नहीं देखता क्योंकि मैं अश्वेत हूं और इसलिए मैं नस्लवाद के खिलाफ एक बयान दे सकता हूं। मैं इसे हाल के वर्षों में राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम की उपलब्धियों के लिए एक पुरस्कार के रूप में भी देखता हूं। ओलंपिक में एफआईबीए विश्व चैंपियंस के लिए कोई आसान काम नहीं होगा क्योंकि उनका सामना कई एनबीए सितारों से होगा, जिनमें से सभी अपने देश के लिए



> **2008** में मुझे अभी भी याद है कि मैं टेलीविजन के सामने बैठा था और डिर्क नोवित्ज़की को बीजिंग में जर्मन ध्वज लहराते हुए देखा था। फिर भी, मुझे यह अविश्वसनीय रूप से मार्मिक लगा और मैंने मन में सोचा: यह एक एथलीट को मिलने वाली सराहना का उच्चतम स्तर है।

खेलेंगे, जिनमें लेब्रोन जेम्स, जियानिस एंटेटोकोनम्पो और स्टीफन करी जैसे कुछ नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा,"मेरी माँ गाम्बिया से हैं और एक आप्रवासी के रूप में जर्मनी आई थीं। और इंटरनेट और सड़कों पर सभी ज़ेनोफ़ोबिया और खुले तौर पर नस्लवादी नारों के साथ, यह एक मजबूत संकेत है कि मेरे जैसे किसी व्यक्ति को जर्मन ध्वज ले जाने की अनुमति है। श्रोडर ने अपनी सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक, डर्क नोवित्ज़की के बारे में बात की, जिन्हें अक्सर एनबीए में खेलने वाले सबसे महान यूरोपीय के रूप में सम्मानित किया जाता है। डिर्क 2008 ओलंपिक में जर्मन राष्ट्रीय टीम के ध्वजवाहक थे।

मुझे अभी भी याद है कि मैं 2008 में टेलीविजन के सामने बैठा था और डिर्क नोवित्ज़की को बीजिंग में जर्मन ध्वज लहराते हुए देखा था। फिर भी, मुझे यह अविश्वसनीय रूप से मार्मिक लगा और मैंने मन में सोचाः यह एक एथलीट को मिलने वाली सराहना का उच्चतम स्तर है।

## संन्यास के बाद भी मिल रहा है फैंस से अद्भुत प्यार : ब्रेट ली

**नई दिल्ली।** संन्यास ले चुके क्रिकेटरों के लिए ओल्ड एज लीग



वरदान बन गई है। कई देशों के दिग्गज क्रिकेटर इसमें खेलते नजर आते हैं। वहीं, पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली का मानना है कि किसी क्रिकेटर के लिए संन्यास के बाद भी क्रिकेट खेलना रोमांचक होता है। ब्रेट ली ने कहा कि दर्शकों से भरे स्टेडियम को देखकर उन्हें जो खुशी मिलती है, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

ब्रेट ली और पूर्व भारतीय गेंदबाज इरफान पठान ने क्रिकेट से संन्यास के बाद एक बार फिर क्रिकेट के मैदान पर वापसी के बारे में बात की। ब्रेट ली ने क्रिकेटरों को फैंस से मिलने वाले सपोर्ट और प्यार के बारे में बात करते हुए पॉडकास्ट सीरीज '180 नॉट आउट' में अपने विचार शेयर किए। ब्रेट ली ने कहा, "यहां तक कि जब आप संन्यास ले लेते हैं और पेशेवर दृष्टिकोण से नहीं खेल रहे होते हैं, तब भी इन लीगों में खेलने का मौका और 40 की उम्र के बाद भी खचाखच भरी भीड़ हमारे लिए रोमांचक है। हमें बेहद खुशी होती है कि अभी भी ऐसे लोग हैं जो हमें खेलते हुए देखना चाहते हैं। इरफान पठान ने पिछले कई दशक के अपने संघर्ष के बारे में भी बात की।

## ओलंपिक टीम में चुने जाने पर खुशी से भावुक हो गए थे हॉकी मिडफील्डर राज कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर राज कुमार पाल 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारतीय टीम के अहम सदस्य राज कुमार पहली बार तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें 2018 में बेल्जियम में पांच देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट के लिए चुना गया था। हॉकी को अपनाने वाले तीन भाइयों में सबसे छोटे, राजकुमार का करमपुर की गलियों से हॉकी में कदम रखने का सफर अपने आप में एक दिलचस्प कहानी है। उनके बड़े भाई, जोखन और राजू भी पूर्व हॉकी खिलाड़ी हैं और वे गर्व से कहते हैं कि हॉकी के अलावा उनके लिए कोई और खेल नहीं था।



राज कुमार 10 साल की उम्र में मेघबरन स्टेडियम में शामिल हुए, जहां कोच तेज बहादुर सिंह ने तीनों पाल भाइयों में रुचि दिखाई। 2012 में, वे साई लखनऊ छात्रावास में शामिल हो गए और ललित कुमार उपाध्याय की गति और शैली की ओर आकर्षित हुए, जो जोखन के बैचमेट थे। उपाध्याय भी उनके करीबी दोस्त बन गए जब उन्हें अपना पहला इंडिया कैंप कॉल-अप मिला। ललित के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए, राज कुमार ने कहा, "ललित भाई ने मुझे हमेशा प्रोत्साहित किया, उन्होंने मुझे समझाया कि गलतियां करना ठीक है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन गलतियों से सीखना चाहिए और उन्हें दोबारा नहीं करना चाहिए। "उन्होंने हमेशा मेरा साथ दिया है। ज्यादातर समय, मैच खेलने के बाद, मैं उनसे पूछता था कि मैंने मैच में क्या गलतियां की और मैं खुद में कहां सुधार कर सकता हूं और वह हमेशा मुझे समझाते थे। हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर डेविड जॉन ने 2018 में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप के दौरान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) हॉस्टल में उनकी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें सीनियर भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ राष्ट्रीय शिविर के लिए बुलाया।

## फ्रेंच एल्प्स 2030 शीतकालीन ओलंपिक व पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की है कि फ्रांसीसी एल्प्स 2030 में शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा। घोषित योजनाएँ फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन द्वारा दी गई गारंटी पर आधारित सशर्त हैं कि 2024 के बाद देश में बनने वाला नया कार्यालय उन सभी संगठनात्मक गारंटियों को रेखांकित करेगा जिन पर अभी भी हस्ताक्षर किए जाने चाहिए। मैक्रॉन ने एक्स पर पोस्ट किया, "फ्रांसीसी एल्प्स 2030 शीतकालीन ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करेगा! हमारे देश और उसके पहाड़ों में विश्वास के लिए आईओसी को धन्यवाद। इस सफलता के लिए काम करने वाले निर्वाचित अधिकारियों और अभिनेताओं को बधाई। आइए अभिनव, टिकाऊ और समावेशी खेल बनाएं। 2030 शीतकालीन खेल 1992 संस्करण के बाद पहली बार फ़्रांस में वापस आएंगे। प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का 2026 संस्करण इटली में आयोजित किया जाएगा। फ्रांसीसी-इतालवी सीमा पर स्थित, एल्प्स दुनिया की कुछ बेहतरीन स्नो स्कीइंग की पेशकश के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है।

## जोफ्रा आर्चर की नजरें 2025-26 एशेज में वापसी पर



एजेंसी

**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की नजरें ऑस्ट्रेलिया में 2025-26 एशेज सीरीज पर हैं क्योंकि उनका लक्ष्य टेस्ट क्रिकेट में वापसी करना है। पिछले तीन वर्षों में लगातार पीठ और कोहनी की चोटों के कारण, 29 वर्षीय खिलाड़ी फरवरी 2021 से लंबे प्रारूप से अनुपस्थित हैं। हालाँकि, इंग्लैंड के हालिया टी20 विश्व कप अभियान में उनकी पूर्ण भागीदारी ने उम्मीद जगाई थी कि उनकी चोट की समस्या आखिरकार पीछे छूट सकती है। आर्चर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, "मैं इस साल के बाकी समय का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करने जा रहा हूं कि अगली एशेज में खेलना कम से कम एक संभावना है। मैं इंस्टाग्राम पर जाकर और 'वह अगले दो हफ्तों में फिजियो के बिस्तर पर होगा' जैसी पोस्ट देखकर थक गया हूं।

> मैं बाकी साल कुछ लोगों को गलत साबित करने में बिताना चाहता हूं और उम्मीद है कि मैं एक और एशेज में खेलूंगा।

### 01 दिन काउंट डाउन पेरिस ओलंपिक



### पेरिस ओलंपिक

## 10 बड़ी उपलब्धियां, जिनको हासिल कर सकता है भारत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। पेरिस में 117 खिलाड़ियों का भारतीय दल गया है, जो भारत के लिए मेडल जीतने की कोशिश करेगा। भारतीय खिलाड़ियों का लक्ष्य ओलंपिक में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर होगा। इस अवसर पर, उन 10 उपलब्धियों पर एक नजर डालते हैं, जिनको भारत खेल के सबसे बड़े मंच पर हासिल कर सकता है। ओलंपिक में भारत कभी भी एक से ज्यादा गोल्ड मेडल के साथ नहीं लौटा है। पेरिस ओलंपिक में भारत के पास पहली बार दो गोल्ड मेडल लेकर आने का अवसर है। नीरज चोपड़ा के पास दो गोल्ड मेडल लाने वाला पहला भारतीय एथलीट बनने का मौका है। टोक्यो ओलंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने हाल ही में कई कामयाबी हासिल की है। वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय बन सकते हैं।

ओलंपिक में भारत की ओर से महिलाओं ने कभी गोल्ड मेडल नहीं जीता है। ओलंपिक में महिलाओं ने दो सिल्वर और छह कांस्य पदक जीते हैं। पेरिस में भारतीय महिला खिलाड़ियों के सामने इस उपलब्धि को हासिल करने का बड़ा मौका है। भारत के अभिनव बिंद्रा ने बीजिंग में पुरुष निशानेबाजी में गोल्ड मेडल जीता था। पेरिस में महिला निशानेबाजों के पास पहला शूटिंग गोल्ड मेडल जीतने का मौका है। सिफ्ट कौर सामरा और मनु भाकर से भारत को काफी उम्मीदें हैं। शूटिंग में भारत के पास पहला मिक्स टीम मेडल लाने का भी मौका होगा। 10 मीटर एयर राइफल और 10 मीटर एयर पिस्टल दोनों इवेंट इस मामले में खास होंगे।

भारत ने अभी तक बॉक्सिंग में भी कोई गोल्ड नहीं जीता है। पेरिस में निखत जरीन, लवलीना बोरगोहेन के लिए इस उपलब्धि को हासिल करने का मौका है। दोनों मुक्केबाज बड़े मंच पर जीतना जानती हैं। लवलीना ने टोक्यो में कांस्य पदक जीता था। पेरिस में भारत के पास ओलंपिक में पहले बैडमिंटन गोल्ड मेडल को हासिल करने का भी अवसर है। बैडमिंटन में भारत के पास पीवी सिंधु, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी, लक्ष्य सेन, एच एस प्रणय जैसे स्टार खिलाड़ी हैं। पीवी सिंधु के पास हैट्रिक लगाने का मौका है। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने रियो और टोक्यो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते थे। वह लगातार तीन व्यक्तिगत ओलंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर पेरिस में इतिहास रच सकती हैं। भारत के पास तीरंदाजी में कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। भारत को पेरिस में अपने पहले तीरंदाजी मेडल का इंतजार खत्म होने की उम्मीद है।

### व्यापार/लाइफ व साइंस

# राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने बताया इंडेक्सेशन हटने से कैसे होगा फायदा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से आम बजट 2024 में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन कैलकुलेशन में इंडेक्सेशन हटाने का प्रस्ताव रखा गया है। इसे लेकर निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी व्यक्ति ने 2005 में कोई प्रॉपर्टी 20 लाख रुपये की खरीदी होगी और वह प्रॉपर्टी आज के समय में अगर 2 करोड़ रुपये की बिकती है और इंडेक्सेशन का लाभ लेते



> निवेशकों में दुविधा की स्थिति बनी हुई है कि आखिरी इससे फायदा होगा या नुकसान। इस पर देश के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने एक कार्यक्रम में कहा कि इससे ज्यादातर निवेशकों को फायदा होगा।

हैं तो उस पर कैपिटल गेन करीब 1.40 करोड़ रुपये बनता है। इस पर 20 प्रतिशत लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स लगा दें, तो करीब 28 लाख रुपये का टैक्स बनता है। वहीं, नए प्रस्ताव के तहत कुल कैपिटल गेन 1.80 करोड़ होगा। लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स 12.5 प्रतिशत लगाने पर कुल 22.5 लाख रुपये का टैक्स देना होगा।

सचिव ने आगे कहा कि निवेशकों को यहां देखना होगा कि सरकार ने एक तरफ इंडेक्सेशन हटाया है, साथ ही प्रॉपर्टी पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन को 20 प्रतिशत से घटाकर 12.5 प्रतिशत कर दिया है। इससे अधिकतर लोगों को फायदा होगा। बता दें, सरकार ने बजट में पर्सनल इनकम टैक्स में बड़ी राहत दी है। 10 लाख रुपये तक की आय पर टैक्स को 10 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, स्टैंडर्ड डिडक्शन को बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दिया गया है, जो कि पहले 50,000 रुपये था।

## नेशनल हाइवे के किनारे लगेगें 5,833 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत में नेशनल हाइवे के किनारे इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की संख्या बढ़कर 5,293 हो गई है। वहीं, सरकार ने अब 7,432 नए ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का टारगेट रखा है, जिसमें से 5,833 हाइवे के किनारे लगाए जाएंगे। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की ओर से बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में कहा कि 7,432 चार्जिंग स्टेशन लगाने के लिए तीनों सरकारी तेल वितरण कंपनियों को 800 करोड़ रुपये की पूंजीगत सहायता दी जाएगी। मौजूदा 5,293 ईवी चार्जिंग स्टेशन में से 4,729 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत सेटअप किए



गए हैं, जिसमें करीब 178 करोड़ रुपये का खर्च आया है। गडकरी ने अपने बयान में कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने 7,432 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने का लक्ष्य रखा है, जिसमें से 5,833 ईवी चार्जिंग स्टेशन हाईवे के किनारे लगाए जाएंगे। ये चार्जिंग स्टेशन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली तीनों तेल वितरण कंपनियों के जरिए लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल सरकार ने ईवी चार्जिंग स्टेशन को ऊर्जा देने के लिए कोई भी पावर स्टेशन बनाने का कोई प्लान नहीं बनाया है।

## अदाणी ग्रीन ने खावड़ा प्लांट में शुरू किया पवन ऊर्जा का उत्पादन

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को कहा कि कंपनी ने गुजरात के खावड़ा में स्थित 30,000 मेगावाट (30 गीगावाट) क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में पहली 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा क्षमता का संचालन शुरू कर दिया है। इसके साथ ही खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट की कुल ऊर्जा उत्पादन क्षमता 2,250 मेगावाट हो गई है। अदाणी ग्रीन एनर्जी के पास भारत में सबसे बड़ा ऑपरेशनल रिन्यूएबल एनर्जी पोर्टफोलियो है, जिसका आकार 11,184 मेगावाट का है। देश की सबसे बड़ी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी की ओर से इस दौरान कहा गया कि खावड़ा भारत में सबसे बड़ा पवन ऊर्जा का सोर्स है। 8 मीटर प्रति सेकंड की हवा की रफ्तार इसे पवन ऊर्जा उत्पादन के लिए एक उपयुक्त स्थान बनाती है। खावड़ा रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट में दुनिया की सबसे बड़ी और अधिक क्षमता वाली ऑफशोर विंड टरबाइन



लगी है, जिसमें प्रत्येक की क्षमता 5.2 मेगावाट है। 5.2 मेगावाट क्षमता वाली इस टरबाइन के रोटर का व्यास 160 मीटर है और इसकी ऊंचाई करीब 200 मीटर है, जोकि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के बराबर है और दुनिया में सबसे बड़े हैं।

खावड़ा में लगी 5.2 मेगावाट की विंड टरबाइन बनाने में जर्मन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है और यह अदाणी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड की मुद्रा पोर्ट स्थित फैक्ट्री में बनाई गई है। अदाणी ग्रीन की ओर से खावड़ा की बंजर जमीन को क्लीन और किफायती ऊर्जा के हब के रूप में बदल दिया गया है।

## शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 280 अंक लुढ़का

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को लाल निशान में बंद हुआ। बाजार के दोनों मुख्य सूचकांकों में करीब एक तिहाई प्रतिशत की गिरावट हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 280 अंक या 0.35 प्रतिशत गिरकर 80,148 और निफ्टी 65 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 24,413 अंक पर था। दिन के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। सेंसेक्स ने 80,519 का उच्चतम स्तर और 79,750 का न्यूनतम स्तर छुआ। वहीं, निफ्टी ने 24,504 से लेकर 24,307 की रेंज में कारोबार किया। बैंकिंग शेयरों पर काफी दबाव देखने को मिला। निफ्टी बैंक 461 अंक या 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,317 पर बंद हुआ। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में तेजी का ट्रेंड था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 587 अंक या 1.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 56,872 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 323 अंक या 1.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,723 अंक पर बंद हुआ।

## छठी पीढ़ी के सैमसंग गैलेक्सी फोल्डेबल अब भारत में उपलब्ध

एजेंसी


**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई दिग्गज सैमसंग ने बुधवार को भारत में उपभोक्ताओं के लिए अपनी छठी पीढ़ी के फोल्डेबल स्मार्टफोन को बाजार में उतारने के साथ-साथ अन्य नए उपकरणों की बिक्री की भी घोषणा कर दी। गैलेक्सी जेड फोल्ड6, गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी कनेक्टेड इकोसिस्टम उत्पाद रिटेल आउटलेट्स पर उपलब्ध होंगे। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता गैलेक्सी जेड फ्लिप6 और गैलेक्सी जेड फोल्ड6 को 24 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई से अन्य लाभों के साथ खरीद सकते हैं। कंपनी ने कहा कि पहले 24 घंटों में गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 के लिए प्री-ऑर्डर भारत में पिछली पीढ़ी के फोल्डेबल की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक हो गए। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड6 और जेड फ्लिप6 का निर्माण कंपनी की नोएडा फैक्ट्री में किया जा रहा है।



नए फोल्डेबल गैलेक्सी जेड सीरीज के अब तक के सबसे पतले और हल्के डिवाइस हैं। गैलेक्सी जेड सीरीज भी बेहतर आर्मर एल्युमिनियम और कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस 2 से लैस है, जो इसे अब तक की सबसे टिकाऊ गैलेक्सी जेड सीरीज बनाता है। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 में एआई संचालित कई सुविधाएं और उपकरण दिए गए हैं, जिनमें नोट असिस्ट, कंपोजर, स्केच टू इमेज, इंटरप्रेटर, फोटो असिस्ट और इंस्टेंट स्लो-मो जैसी महत्वपूर्ण चीजें शामिल हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड6 की शुरुआती कीमत 164,999 रुपये (12GB+256GB) है, जबकि गैलेक्सी जेड फ्लिप6 की शुरुआती कीमत 109,999 रुपये (12GB+256GB) है।

## न्यूज बॉक्स

### केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री से मिले संजय सेठ



**रांची।** रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार से मुलाकात की। इस मुलाकात के क्रम में रक्षा राज्य मंत्री ने उन्हें बधाई दी और मंत्रालय के जरिये रांची में दिव्यांगजनों के लिए किया जा रहे कार्यों के प्रति आभार प्रकट किया। सेठ ने केंद्रीय मंत्री को इस मुलाकात में एक आग्रह पत्र भी सौंपा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा कि रांची सहित झारखंड के हर जिले और प्रखंड स्तर पर एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण अधिक से अधिक संख्या में किया जाए ताकि हमारे दिव्यांगजन सशक्त हो सके। रक्षा राज्य मंत्री ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा क्षेत्र के हर विधानसभा क्षेत्र रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और दिल्ली में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का भी आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि रांची नशा का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है।

### जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने बुधवार को जमीन घोटाले के आरोपित अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने 12 जुलाई को जमानत याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। यह मामला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले से जुड़ा है। अफसर अली ने जमानत की गुहार लगाते हुए 13 मई को याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में ईडी ने अफसर अली को 17 अप्रैल को रिमांड पर लिया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने पहली बार सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाला मामले में 14 अप्रैल, 2023 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद बड़गाई अंचल के जमीन घोटाले में गिरफ्तार कर उससे रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

### सामूहिक दुष्कर्म के बाद नाबालिग की हत्या करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**रांची।** पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को प्रेम प्रसंग में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या करने के दोषी सुखराम होरो को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर 20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। जांच में आरोपित सुखराम होरो का डीएनए मैच किया था, जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपित को दोषी पाया था। कोर्ट ने ट्रायल फेस कर रहे अन्य तीन आरोपित राहुल होरो, रौशन होरो और पवन होरो को साक्ष्य के अभाव में बरी किया था। यह मामला 23 जुलाई, 2022 का है। मामले में 15 साल की नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई थी। लापुंग थाना क्षेत्र के जमाकेल गांव के पास झाड़ी में नाबालिग लड़की का शव मिला था।

### सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना पर हाईकोर्ट ने डीसी से मांगी जानकारी

**रांची।** रांची में सीवरेज-ड्रेनेज परियोजना को पूरा करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान रांची डीसी अदालत के समक्ष उपस्थित हुए. कोर्ट ने उनसे यह जानकारी मांगी कि सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के लिए भूमि देने में क्या अड़चन आ रही है? जिसपर उन्होंने कोर्ट को बताया कि जिस कंपनी को काम का जिम्मा दिया गया है, उसने सात जगह चिन्हित कर जिला प्रशासन को बताया है. जिसके बाद अदालत ने उन्हें जल्द ही सभी प्रक्रियाएं खत्म कर सीवरेज ड्रेनेज परियोजना के लिए भूमि देने का निर्देश दिया है. इस संबंध में अरविंदर सिंह देओल ने जनहित याचिका दायर की है. अब इस मामले की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी.उल्लेखनीय है कि नवीन मेल ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उतहाया था।

### माकपा का जनमुद्दों पर आंदोलन 21 से 28 अगस्त तक

**रांची ।** माकपा जनमुद्दों पर 21 से 28 अगस्त तक आंदोलन करेगी। गरीब विरोधी और महंगाई बढाने वाले केंद्रीय बजट, संगठित रूप से प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली के खिलाफ और रोजगार दिए जाने की मांगों को लेकर यह आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान जिला और अनुमंडल मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन होगा। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की घोषणा के अनुरूप विस्थापन आयोग का गठन करने और इस आयोग का अधिकार क्षेत्र केवल खनन तक सीमित नहीं रखने, राज्य की सभी कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में ग्रामसभा की भूमिका सुनिश्चित किए जाने तथा हर स्तर पर जारी भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांगों को भी इसमें शामिल किया जाएगा। इसका निर्णय बुधवार को माकपा राज्य कमिटी की बुंडू में संपन्न हुई दो दिवसीय राज्य कमिटी की बैठक में लिया गया। राज्य कमिटी की बैठक में विभिन्न जिला कमिटीयों से से भेजे गए चिन्हित विधानसभा सीटों पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरजीत सिन्हा ने की। बैठक में माकपा के दो पोलित ब्यूरो सदस्य बृंदा कारात और डॉ. रामचंद्र डोम भी मौजूद थे। बैठक के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि माकपा अपने राजनीतिक लाइन के अनुसार हर संभव प्रयास करेगी कि भाजपा विरोधी वोटों का विभाजन नहीं हो।

## पृष्ठ एक के शेष

**कैमरून में फंसे झारखंड के...**

कर उनकी पूरी व्यथा जाना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मोबाइल से श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। श्रमिकों ने विकट परिस्थितियों में कैमरून से घर लौटने में मदद के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

**झारखंड कुम्हार समन्वय समिति...**

मॉब लिंचिंग के शिकार भी बनाया सकता हैं। समिति ने निर्णय लिया है कि पांकी विधायक के खिलाफ न्याय मिलने तक संगठन लड़ेगी। गरीब रविन्द्र प्रजापति व परिवार को राजनीतिक संरक्षण मिले इसके लिए झारखंड कुम्हार समन्वय समिति पलामू प्रशासन से जांच की मांग की है।

**किसान को भेजा एक करोड़...**

इस संबंध में बरही और हजारीबाग जाकर विद्युत विभाग को जानकारी दी लेकिन अबतक कोई समाधान नहीं हुआ। वहीं कनीय अभियंता अभिषेक आनंद ने बताया कि बिल में कुछ गड़बड़ी हो गई होगी जांच कर समाधान किया जाएगा। इधर गरीब किसान को एक करोड़ की बिल आने से क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है।

**कैबिनेट के अन्य...**

7. झारखंड कारा सेवा और सुधार विधेयक 2024 की स्वीकृति दी गई।
8. एनपीएस टायर वन में पेंशन निधि और निवेश रिर्टन में संशोधन, हजारीबाग स्थित शेख भिखारी चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल और पश्चिम सिंहभूम जिला के चिकित्सा महाविद्यालय अस्तपाल अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए 42 पद सृजन के प्रस्ताव पर भी स्वीकृति दी गयी।

# झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत ने बजट को बताया 'पॉलिटिकल'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे पॉलिटिकल करार दिया। बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों ने देखा है कि किस तरीके से बजट पेश हुआ है। इस बजट में केंद्र सरकार को झारखंड पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता थी। झारखंड इस देश को जितना देता है, बजट में उसकी अपेक्षा की गई। उन्होंने कहा कि झारखंड से उन्होंने क्या लिया और इसे वापस क्या दिया। लोकतंत्र में देश की जनता पांच साल में एक बार जवाब देती है। जनता इस बात का जवाब भी देगी। सीएम ने आगे कहा कि उनके पास कोई मुद्दा नहीं है। उन्हें लगता है कि चुनाव आयोग, राजभवन, ईडी, सीबीआई, कोर्ट सब उनके हैं। जहां इनको अपनत्व लगता है, वहां जाकर अपनी बात रखते हैं। भारत एक विविधताओं का देश है। हमारे लोकतंत्र में अनेकता में एकता का भाव समाहित है। जिस प्रकार खाने में कई सारे व्यंजनों में से कोई एक पसंदीदा होता है। ठीक वैसे ही उनके लिए कुछ विषय पसंदीदा हैं, जिसको छोड़कर वो इधर-उधर नहीं जाते हैं।

# हाईकोर्ट ने टेट की अनिवार्यता संबंधी मामले पर लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शिक्षकों की प्रोन्नति से संबधित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट ने टेट की अनिवार्यता संबंधी मामले में अंतिम सुनवाई तक रोक लगा दी है। बुधवार को प्रारंभिक शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित दो रिट याचिकाओं की सुनवाई न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक रोशन के कोर्ट में हुई। पहली याचिका ग्रेड 4 से ग्रेड 7 में प्रोन्नति के लिए सभी शिक्षकों के लिए टेट की अनिवार्यता सुनिश्चित करने को लेकर थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एनसीटीई द्वारा जारी आवश्यक अहर्ता संबंधित अधिसूचना में स्पष्ट किया गया है कि अधिसूचना से पूर्व कार्यरत शिक्षकों को अपने पद पर बने रहने के लिए टेट की जरूरत नहीं है। परंतु एक पद से दूसरे पद में प्रोन्नति के लिए टेट की जरूरत है। कोर्ट ने इस पर सुनवाई करते हुए इससे संबंधित प्रोन्नति प्रक्रिया पर अंतिम आदेश तक रोक लगा दी है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।

ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/05/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्रशासनिक स्वी0 की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | लम्बाई (मी0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–रक्सी, ग्राम–रक्सी में देवी मण्डप से दुलवा सीमा के पास हड़बडिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल | 2,78,94,500.00 | 5,58,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 58.08 |
| 2 | गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–चेटे में ग्राम–चेटे टेढ़ाकहुआ और बोडी के बीच हातू नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 3,94,48,700.00 | 7,89,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 96.8 |
| 3 | गढ़वा जिला के रंका प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत–बाहाहारा, ग्राम बाहाहारा एवं जासोबार (पानापोठी के बीच हातू नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण | 2,96,42,400.00 | 5,93,000.00 | 10000.00 | 18 माह | 67.08 |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–26.07.2024 से दिनांक–10.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–12.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,गढ़वा।

PR 330575 Rural Development(24-25)D



## झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद
## JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A. DIVISION BUILDING (GROUND FLOOR), H.E.C., DHURWA, RANCHI -834004
Phone.: 0651-2400851/2400852/2400979/2401847, Fax-0651-2400850/138,
Web site : www.jspcb.nic.in; e-mail : ranchijspcb@gmail.com

### लोक सुनवाई की सूचना

**Proposed Chlorinated Paraffins manufacturing Unit" Date: 01.04.2024 located at Khasra No. 319, 322, 335, 334 And 336 Village- Dandila Khurd, Tehsil: Bishrampur, Garhwa Road, P.O. Rehla-822124, District- Palamau, Jharkhand by M/s. Star Polymers** की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, द्वारा दिनांक 27/08/2024 (**मंगलवार**) को पूर्वाहन् –11:30 बजे, **GRCD Rehla parking area, located within Grasim Industries Limited Chemical Division, Rehla"** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना के सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप Covid-19 के दौरान केन्द्र सरकार और/अथवा राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गए दिशा–निर्देशों के आलोक में पर्याप्त समाजिक दूरी, फेस मास्क एवं अन्य सुरक्षा उपाय (Adequate Social Distancing, Face Mask and Other safe guards) का पालन करते हुए लोक सुनवाई में भाग लें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से उक्त लोक सुनवाई की तिथि से एक सप्ताह पूर्व तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, पलामू / पर्षद के क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.2009 एवं कार्यालय ज्ञापन F.No.-22-25/2020-IA.III दिनांक 09.06.2021 के अनुरूप होगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजेक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक–एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, पलामू ।
2. जिला उद्योग केन्द्र, पलामू।
3. जिला पर्षद/नगर निगम, पलामू।
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० डिविजन भवन, पोस्ट– धुर्वा, राँची।
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची।
6. एकिकृत क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, हरमु बाईपास रोड, राँची – 834 002
7. संबंधित पंचायत।
8. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय, पलामू।

( संजय कुमार श्रीवास्तव )
विशेष कार्य पदाधिकारी

PR 330530 Jharkhand State Pollution Control Board(24-25).D



## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

ई– संख्या–DOPR/DE/ZP/Palamu 01/2024-25

कार्यालय ज्ञापांक 1328/जि0अ0, दिनांक 23.07.2024 द्वारा निर्गत ई–निविदा के आलोक में पलामू जिला अन्तर्गत 280 आंगनबाड़ी केन्द्र के निर्माण हेतु कार्यालय जिला परिशद, पलामू में निबंधित संवेदकों से निम्नांकित कार्य के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 25.07.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक– 01.08.2024 (अपराह्न 5:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक– 03.08.2024 (पूर्वाह्न 11:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| GR- No | Name | No of AWC | Estimated Cost | EMD Amount (2%) | Tender Fee | Work Completion Period | NIT Reference No |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| GR-1 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Rambandh-2, Hasanpur, Dali-2, and Tara-2) under Mohammadganj Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-1 |
| GR-2 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Raheya, Pakariyadih-1, Paduma-2 and Abduldih) under Manatu Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-2 |
| GR-3 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Koshiyara, Chipadohar, Bhaluwani khurd, Harhepa-1 and Nawadiha kalan-2) under Bishrampur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-3 |
| GR-4 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Bhaluhi, Bishrampur-3, Jhagarua-1, Dandila kalan-2 and Dandila khurd) under Bishrampur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-4 |
| GR-5 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kaudiya-2, Chhoratiya, Godarmana kalan-2, Tona-2 and Guri-2) under Bishrampur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-5 |
| GR-6 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sigsigi-1, Sigsigi-2, Sigsigi-3 and Sigsigi-4) under Bishrampur Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-6 |
| GR-7 | Construction of 7 Nos Anganwadi Kendra (AWC Hariharganj East, Satgawa Laghu, Hariharganj-1, Banjari, Satgawa-2 and Hariharganj-3) under Hariharganj Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-7 |
| GR-8 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Semarbar-2, Dhaba kalan-2, Ladiwadi Laghu, Mamarkha Laghu, Piroji and Ladiwadi) under Hariharganj Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-8 |
| GR-9 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Parsachuaa, Bhagat Tendua-2, Belodar-2, Ararua khurd-3 and Khagadpur-4) under Hariharganj Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-9 |
| GR-10 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sonpurwa-1, Devri Vishwakarma tola, Devri khurd, Bankat and Sonpurwa-2) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-10 |
| GR-11 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Akauni, Kakoriya, Khadpar-1, Malwariya and Akauni) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-11 |
| GR-12 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kachra Southern, Kachra Northen, Kamat, Pokharahi and Baniyadih -2) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-12 |
| GR-13 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Eslamaganj, Nadiyain, Kayast muhalla, Dangwar-3 and Dangwar bazar) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-13 |
| GR-14 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Jamuwa, Aamhi-1, Imaliyatikar, Ghorwa and Amhi) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-14 |
| GR-15 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Bairao Nawadih, Shekhwadih, Andheriya Kala, Itbandh and Dandila-2) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-15 |
| GR-16 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Dulhar, Rapura, Bhairopur, Sinduriya and Badepur eastern) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-16 |
| GR-17 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Rediya, Takeya Bajardih-1, Takeya Bajardih-2, Dhawabaar,and Mankhap) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-17 |
| GR-18 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chorpahra, Ghagra, Budhuwa, Mahuari and Lapsera) under Hussainabad Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-18 |
| GR-19 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kazinagar-1, Bhai Bigha harijan tola, Haidarnagar Islamaganj, Bilaspur-2, Haidarnagar bhai bigha and Haidarnagar ) under Haidarnagar Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-19 |
| GR-20 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Ratan bigha, Sadeya-1, Sadeya-2, Kukhi-4 and Barwadih) under Haidarnagar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-20 |
| GR-21 | Construction of 3 Nos Anganwadi Kendra (AWC Majgaon-2, Bucchi Lami-2 and Kajari bathan Tola Laghu) under Pandwa Block District PALAMU | 3 | 3324600.00 | 66492.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-21 |
| GR-22 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Ratanpur, Nagdi Kekrahi Harijan Tola, Irgu-2, Jero, Bihra and Nawadih) under Panki Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-22 |
| GR-23 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chanpi Vishwakarma Tola, Radhadih, Radhadih Oraon Tola, Sakaldipa pipla tola and Sakaldipa Masjid tola, ) under Panki Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-23 |
| GR-24 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Surjon Yadav Tola, Hussaini gurha Karar Tola, Mandir harijan tola, Madan Mahabir tola and Kerki ) under Panki Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-24 |
| GR-25 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Karar-2, Karar-3, Karar kahar tola, Chauhara and Satyari kala tola) under Panki Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-25 |
| GR-26 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Loharshi Basti, Titlangi Harijan Tola, Jaspur, Harna and Harna-2) under Panki Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-26 |
| GR-27 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kisaini-1, Kolhuwa-1, Kolhuwa-2, Pachkediya -2, Kachanpur and Tusra) under Patan Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-27 |
| GR-28 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sathe-2, Sikki khurd-3, Barsaita-1, Barsaita-2 and Kanke kalan-2 and Huritand ) under Patan Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-28 |
| GR-29 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Khamhi motiyakhala, Pakhalmar, Ledgai, Kararkala Laghu, Birhori and Loinga-3) under Patan Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-29 |
| GR-30 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Khajuri Purnadih, Mahuliya, Jaipur Amanagar and Manjhauli) under Patan Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-30 |
| GR-31 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Janghasi-2, Bhudwa-1, Bhudwa-3, Sadhpur Muslim Tola, Hisra barwadih-3 and Naini jhariya) under Patan Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-31 |
| GR-32 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Dinabar, Musurumu-1, Musurum-2, Nawadiha-4 and Sarahuwa-2) under Ramgarh Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-32 |
| GR-33 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Goraya-1, Goraya-2, Karma, Serka and Uldanda-2 ) under Ramgarh Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-33 |
| GR-34 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Hutar-3, Nawadih-1, Pidahe ,Ulman-1 and Ulman-2 ) under Ramgarh Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-34 |
| GR-35 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Benidih, Dhulwa, Kachan-1 and Kachan-2 ) under Ramgarh Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-35 |
| GR-36 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kokadu, Kachan-3, Mahawat Muriya and Margada) under Ramgarh Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-36 |
| GR-37 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Pashupalan, Ambedkar Nagar, Magah tola, Kundelwa South, Tara tola and Kusumtand Pidahiya) under Sadar medininagar Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-37 |
| GR-38 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Bhimgada Chiyanki, Purana tola chiyanki, Jond north , Chhotki Bairiya and Salo ) under Sadar medininagar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-38 |
| GR-39 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Muslim tola sudna, Ghorhi, Chama, Sinduriya and Khanwa) under Sadar medininagar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-39 |
| GR-40 | Construction of 2 Nos Anganwadi Kendra (AWC Pipra kala and Chetma) under Satbarwa Block District PALAMU | 2 | 2216400.00 | 44328.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-40 |
| GR-41 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Jamdiha-2, Karkata-1, Gawarletwa-2, Lumba satbahini-2, Bhaduma-2 and Lahar banjari-1) under Utari Road Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-41 |
| GR-42 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kulhi, Joga-1, Sihda-1, Sihda-2, Kutumu-1 and Kutumu-2) under Utari Road Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-42 |
| GR-43 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Chechariya-1, Chechariya-2, Semri-1, Murma kalan-3, Pandeypura-1 and Malwariya ) under Utari Road Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-43 |
| GR-44 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Munkeri-1, Munkeri-2, Munkeri bathan Par, Alipur and Chiru-2 ) under Chhatarpur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-44 |
| GR-45 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Madanpur-1, Bardiha, Charai-2, Charai-3 and Dali-3) under Chhatarpur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-45 |
| GR-46 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kekatuwa-2, Khiribar, Kolhuwa, Mahuliya, Purvdiha-1 and Purvdiha-3) under Chainpur Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-46 |
| GR-47 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Karso-5, Pathra-3, Banjari-2, Awsane-1 and Awsane-2) under Chainpur Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-47 |
| GR-48 | Construction of 6 Nos Anganwadi Kendra (AWC Kamalkediya, Dhangaw, Gurturi, Kumharadih, Patila and Patila harijan tola) under Tarhasi Block District PALAMU | 6 | 6649200.00 | 132984.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-48 |
| GR-49 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Pathakpagar Badhai Tola, Bajalpur-2, Majhauli west, kamalkediya harijan tola and Dhangawn harijan tola) under Tarhasi Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-49 |
| GR-50 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Bara Muslim Tola, Selari chhechani, Selari Tola Garh par, Delha and Delha Belwa Tola) under Tarhasi Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-50 |
| GR-51 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Nawadih, Matpurhi, Tariya-2, Tiraudha Harijan tola and Saraidih) under Tarhasi Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-51 |
| GR-52 | Construction of 4 Nos Anganwadi Kendra (AWC Brahmoriya-2, Patariya-2, Bana and Rajhara-4) under Nawabazar Block District PALAMU | 4 | 4432800.00 | 88656.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-52 |
| GR-53 | Construction of 3 Nos Anganwadi Kendra (AWC Basna-3, Sohdag khurd-2 and Nawabazar-1) under Nawabazar Block District PALAMU | 3 | 3324600.00 | 66492.00 | 5000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-53 |
| GR-54 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Antakala, Saraidih-1, Saraidih-2, Saraidih-3 and Saraidih-4) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-54 |
| GR-55 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Sahpur-3, Sahpur-4, Naudiha bajar-1, Namudag-5 and Gulabjhari-1) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-55 |
| GR-56 | Construction of 5 Nos Anganwadi Kendra (AWC Nawatand-2, Gamhariyadih-1, Gamhariyadih-2, Mahuraon and Madan bathan) under Naudiha bajar Block District PALAMU | 5 | 5541000.00 | 110820.00 | 10000.00 | 3 Months | DE/ZP/PALAMU-01/2024-25/GR-56 |

नोट–
1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में तृतीय/द्वितीय श्रेणी (जो लागू हो) में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते **www.palamu.nic.in** एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए **Website- www.jharkhandtenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।

PR 330625 District(24-25)D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

ब्रीफ न्यूज

## कांगो में एडीएफ विद्रोहियों के हमले में 35 लोगों की हुई मौत

**गोमा।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) के पूर्व में एक प्रांत उत्तरी किवु में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) के विद्रोहियों ने मंगलवार से बुधवार तक कम से कम 35 लोगों की हत्या कर दी। स्थानीय सूत्रों ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को ये जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार, यह हमला लुबेरो क्षेत्र के ओमबेले गांव में हुआ। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। कई नागरिक बंधक बनाए गए हैं या लापता हैं। सूत्रों ने बताया कि जले हुए घरों में पीड़ितों की तलाश बुधवार सुबह से ही जारी है। एडीएफ की स्थापना 1990 के दशक में युगांडा में कई विपक्षी आंदोलनों के समय की गई थी। युगांडा की सेना से पराजित एडीएफ विद्रोही पूर्वी कांगों में सक्रिय हैं(

## ब्रिटेन के विदेश मंत्री लैमी भारत दौरे पर, पीएम से करेगें मुलाकात

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी बुधवार को अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। भारत और ब्रिटेन के बीच रणनीतिक साझेदारी से संबंधित आगे की चर्चाओं के मद्देनजर उनकी यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर लिखा, "उनकी इस यात्रा से भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत होगी। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच संबंध भी मजबूत होंगे।

## रूसी जहाज पर यूक्रेनी ड्रोन से हमले में एक व्यक्ति की हुई मौत

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार क्षेत्र में एक जहाज पर यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्थानीय गवर्नर वेनियामिन कोंद्रायेव के हवाले से बताया कि नौका जहाज (फेरी शिप) कावकाज बंदरगाह पर था। तभी मंगलवार सुबह उस पर यूक्रेनी ड्रोन ने हमला किया। हमले में कई चालक दल के सदस्य और बंदरगाह कर्मचारी घायल हो गए। गवर्नर ने आगे बताया कि हमले की वजह से आग लग गई, इससे कोई खतरा नहीं है।

# बजट के विरोध में विपक्ष का प्रदर्शन




खरगे, सोनिया गांधी, नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, राघव चड्ढा ने किया **प्रदर्शन**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने बुधवार को विपक्षी दलों द्वारा शासित प्रदेशों की कथित तौर पर बजट में अनदेखी किए जाने के खिलाफ संसद भवन में प्रदर्शन किया। विपक्षी इंडी गठबंधन में शामिल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, वामदल और अन्य विपक्षी दलों के नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने संसद के मकर द्वार के बाहर प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसी को कुछ नहीं मिला है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने कहा कि बजट निराश करने वाला है और इसमें देश के लोगों के लिए कुछ नहीं है। आम आदमी पार्टी नेता राघव चड्ढा ने कहा कि इस बजट ने देश के हर वर्ग को निराश किया है। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में किए गए घोर अन्याय और भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के भेदभावपूर्ण और अनुचित दृष्टिकोण को अस्वीकार करने के लिए संसद के बाहर एकजुट होकर विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया।

## बजट में हर राज्य का नाम लेना संभव नहीं, सभी को मिला आवंटन : वित्त मंत्री

### बजट में भेदभाव का खरगे ने लगाया था आरोप

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को विपक्ष के इन आरोपों का खंडन किया कि विपक्षी साशी राज्यों के साथ भेदभाव किया गया है।



वित्त मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि किसी राज्य का बजट भाषण में नाम नहीं लिया गया, इसका अर्थ यह नहीं है कि उस राज्य को कुछ नहीं दिया गया। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आज इसे मुद्दा बनाया। इसके जवाब में वित्त मंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन को समझना चाहिए कि हर राज्य के लिए केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत आवंटन होता है। कांग्रेस पार्टी ने सालों तक देश में बजट पेश किया है। उन्हें भी पता है कि बजट भाषण में हर राज्य का नाम नहीं लिया जाता। वित्त मंत्री ने महराष्ट्र का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के वडावन में 76 हजार करोड़ से पोर्ट का निर्माण होने जा रहा है। उसका बजट भाषण में जिक्र नहीं है। इसका अर्थ नहीं है कि केन्द्र ने आवंटन नहीं किया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के तहत हर राज्य के लिए आवंटन किया जाता है। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष का लोगों को यह आभास देने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है कि हमारे राज्यों को कुछ भी नहीं दिया गया है। यह एक अपमानजनक आरोप है।

## बजट में रेल के लिए रिकॉर्ड आवंटन का सीधा लाभ राज्यों को मिलेगा : वैष्णव



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि आज संसद में अनुदान की विस्तृत मांग प्रस्तुत की गई और बहुत ही खुशी की बात है कि इस बार बजट में रेल के लिए रिकॉर्ड 2,62,200 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को धन्यवाद दिया। रेल मंत्री ने कहा कि इसका सीधा लाभ जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड सहित सभी राज्यों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 2024-25 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19,848 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। यह आंकड़ा यूपीए के समय से 18

## सौ से ज्यादा कंपनियों के कफ सीरप गुणवत्ता परीक्षण में फेल

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 100 से अधिक फार्मास्युटिकल इकाइयों के कफ सीरप (खांसी की दवा) के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में खरे नहीं उतर पाए। द हिन्दू में छपी खबर के अनुसार, डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी), एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी), परख, माइक्रोबियल विकास, पीएच और वॉल्यूम में समस्या के कारण ये कफ सीरप खराब गुणवत्ता की श्रेणी में रखे गए। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को पेश की गई इस रिपोर्ट में पाया गया कि परीक्षण किए गए 7,087 बैचों में से 353 को खराब गुणवत्ता का माना गया।डायथिलीन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल की उपस्थिति के कारण नौ बैच विशेष रूप से समस्याग्रस्त थे। रिपोर्ट में यह भी संकेत मिला है कि इनमें से कुछ नमूनों में वही टॉक्सिन (विषैले तत्व/ दूषित तत्व) पाए गए हैं जो गांबिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में बच्चों की मौत का कारण बने थे। मालूम हो कि 2022 में उज्बेकिस्तान की सरकार ने दावा किया था कि भारत में निर्मित कफ सीरप पीने से उनके देश में 18 बच्चों की मौत हो गई। उसके पहले अफ्रीकी देश गाम्बिया में कथित तौर पर 70 बच्चों की मौत हरियाणा स्थित मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा निर्मित कफ सीरप पीने से हुई थी। सीडीएससीओ की इस रिपोर्ट के बीच इकोनॉमिक्स टाइम्स की खबर बताती है कि सीडीएससीओ कुछ देशों में निर्यात के लिए कफ सीरप के परीक्षण की आवश्यकता को खत्म करने के कफ सीरप निर्यातकों के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। मई 2023 में विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा था कि कफ सीरप निर्यातकों के लिए विदेश भेजने के पहले उनके उत्पादों का निर्धारित सरकारी प्रयोगशालाओं में टेस्ट कराना अनिवार्य होगा।सीरप के सैंपल के लैब परीक्षण के बाद ही निर्यात की अनुमति मिलेगी।यह निर्देश भारतीय कंपनियों द्वारा निर्यात किए जाने वाले कफ सीरप पर वैश्विक स्तर पर गुणवत्ता संबंधी चिंताएं जाहिर किए जाने के बाद आया था। ध्यान देने की बात है कि जनवरी 2023 में उज़्बेकिस्तान में 7 बच्चों की मौत को भारत में बनी दो दवाओं से जोड़ा गया था। । विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 11 जनवरी 2023 को इन दोनों दवाओं को मौतों से जोड़कर उत्पाद चेतावनी जारी किया था। अलर्ट में कहा गया था कि दोनों कफ सीरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकान (ईजी) अस्वीकार्य स्तर पर पाए गए।

इससे पहले इसी तरह के एक अन्य मामले में एक अन्य भारतीय फर्म-मेडेन फार्मास्युटिकल्स द्वारा बनाई गई बच्चों की दवाओं को कथित तौर पर गांबिया के 70 बच्चों की मौत के साथ जोड़ा गया था।डब्ल्यूएचओ ने 5 अक्टूबर 2023 को घोषणा की थी कि मेडन फार्मास्युटिकल द्वारा बनाए गए कफ सीरप में डायथिलिन ग्लाइकॉल और एथिलीन ग्लाइकॉल थे, जो मनुष्यों के लिए जहरीले होते हैं।

# एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट निजी कंपनियों और सार्वजनिक एजेंसियों, जैसे पुलिस विभाग, को डिजिटल डेटा एनालिसिस करके साइबर क्राइम्स को हल करने में मदद करते हैं। वे डिवाइस से डेटा पुन: प्राप्त करने के लिए कंप्यूटर सिस्टम के अपने ज्ञान का उपयोग करते हैं, प्राप्त डेटा की एनालिसिस करते हैं और उसी आधार पर रिपोर्ट लिखते हैं। ये एनालिस्ट रिकवरी और डिकोडिंग सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिलीट और एन्क्रिप्ट की गई फ़ाइलों को वापस लाने में भी मदद करते हैं। फिर इन फाइलों को इकट्ठा किया जाता है और आपराधिक मामलों के सबूत के रूप में उपयोग किया जाता है। कंप्यूटर फोरेंसिक एनालिस्ट कंप्यूटर, नेटवर्क सर्वर, स्मार्ट डिवाइस और अन्य डिजिटल उपकरणों से डेटा प्राप्त करने में माहिर होते हैं।

# फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट में बना सकते है अपना करियर

### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट क्यों बनें

- **उच्च नौकरी की मांग :** टेक्नोलॉजी लगातार विकसित हो रही है, जिसने दुर्भाग्य से साइबर अपराध की समस्याओं को भी बढ़ा दिया है। ऐसे में फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट की मांग भी बढ़ रही है।
- **नौकरी के व्यापक अवसर-** फोरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट किसी भी कॉर्पोरेट, जांच, कानूनी या सरकारी क्षेत्र में काम कर सकता है। इस क्षेत्र में अनुभव प्राप्त करने के बाद आप फ्रीलांसर के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **कम प्रतिस्पर्धा :** फोरेंसिक कंप्यूटर एनालासिस्ट के रुप में कुछ लोग ही काम करते हैं, जिसका अर्थ है कि बहुत कम कॉम्पिटिशन है। यदि आपके पास उचित शिक्षा और कौशल है तो आप आसानी से इस क्षेत्र में एक अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं।



### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट के काम

1. कानूनी कार्यवाही के लिए कंप्यूटर और डिजिटल एविडेंस तैयार करना।
2. डिजिटल एविडेंस की जांच करना और उपयुक्त टीम के सदस्यों को रिपोर्ट प्रदान करना।
3. विभिन्न प्रकार के फोरेंसिक टूल और सॉफ़्टवेयर का उपयोग करके डिजिटल डेटा को डिक्रिप्ट करना और एनालिसिस करना।
4. किसी व्यक्ति या स्थान की पहचान छिपाने के लिए लॉक की गई डिजिटल इमेजेस को अनलॉक करना।
5. किसी स्थान या व्यक्ति का पता लगाने के लिए मोबाइल फोन और सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम सहित इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से डेटा की जांच करना।
6. कानूनी रूप से मान्य तरीके से एविडेंस और सूचना एकत्र करना।
7. क्षतिग्रस्त डिजिटल फ़ाइल से डेटा को पुनः प्राप्त करना।
8. जांच के बाद रिपोर्ट तैयार करना।
9. फोरेंसिक क्षेत्र में विकास और साइबर अपराध के तरीकों को ध्यान में रखते हुए भविष्य के साइबर हमलों को रोकने के लिए डेटा सिस्टम की सुरक्षा करना।



### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कौशल

**तकनीकी ज्ञान:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपराधों की जांच के लिए प्रोग्रामिंग, ऑपरेटिंग सिस्टम, डिवाइस और मैलवेयर के अपने ज्ञान का उपयोग कर सकते हैं। अतः उनके पास मजबूत टेक्निकल स्किल्स का होना आवश्यक है।

**नैतिकता का ज्ञान:** डेटा के साथ साइबर एथिक्स की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को डेटा सुरक्षा का मूल्यांकन करने और साइबर अपराधों की जांच करने में मदद कर सकती है।

**कानूनी ज्ञान:** टेक्नोलॉजी कानूनों की समझ फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्टों को कंपनियों को साइबर सुरक्षा नियमों का पालन करने में मदद करता है।

क्रिटिकल थिंकिंग: क्रिटिकल थिंकिंग स्किल्स फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट को साइबर अपराधों की जांच और समाधान करने में सहायता कर सकती हैं।

**कम्युनिकेशन:** फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट अपनी जांच के निष्कर्षों पर व्यापक रिपोर्ट लिखने और समस्याओं को हल करने के लिए दूसरों के साथ काम करते हैं। अतः उनके पास अच्छी कम्युनिकेशन स्किल्स उपयोगी है।

### फॉरेंसिक कंप्यूटर एनालिस्ट बनने के लिए आवश्यक कोर्सेज़

- बीएससी कंप्यूटर फोरेंसिक एंड सिक्यूरिटी
- बीएसी ऑनर्स कंप्यूट फोरेंसीक
- बीएसी साइबर सिक्यूरिटी एंड फोरेंसिक कंप्यूटिंग
- बीएससी डिजिटल फोरेंसिक एंड साइबर सिक्यूरिटी

### फॉरेंसिक कंप्यूटर कोर्सेज़ के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- आईआईटी, मुंबई
- आईआईटी, मद्रास
- स्कूल ऑफ़ इंजीनियरिंग, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज
- प्रेसीडेंसी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर
- ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, देहरादून
- आईआईटी, गुवाहाटी
- आईआईटी धनबाद
- एनएमआईएमएस यूनिवर्सिटी, जयपुर
- आईटीएम यूनिवर्सिटी
- एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा

